वर्ष- 11 अंक-148
लखनऊ, सोमवार 15 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रदेश को साफ-सुथरा और सुंदर बनाएं लोग : सीएम योगी 03

भारत के विश्वगुरु बनने से दुनिया का सारा अमंगल होगा दूर : भागवत 12

### मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में 50 ई-बसों और 25 ई-ऑटो को दिखाई हरी झंडी, कहा

# 22 जनवरी आस्था व श्रद्धा की तिथि

▸ सीएम योगी ने डिजिटल टूरिस्ट ऐप भी किया लॉन्च

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्याधाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री योगी ने 75 ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट ऐप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्याधाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो के शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल ऐप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ भी किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने और भारत के स्वाभिमान व सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी तिथि है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप देकर यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा। स्वाभाविक रूप से इस पौराणिक और ऐतिहासिक तिथि को आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, आस्थावान यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या सज धज रही है।

### सीएम ने की प्रसिद्ध खिचड़ी मेले की शुरुआत, बांटे कंबल

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच देश-विदेश में प्रसिद्ध लोक आस्था के पर्व 'गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले की शुरुआत की। इसके बाद सीएम योगी ने जरूरतमंद लोगों के बीच ऊनी वस्त्र, शॉल एवं कंबल वितरित किए और मासूम बच्चों को अपने हाथ से खिचड़ी प्रसाद परोसा। दरअसल, रविवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेले को 'जीरो वेस्ट उत्सव बनाने और यहां आने वाले जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नगर निगम के अनुष्ठान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम की सफाई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योगी ने मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए नगर निगम के द्वारा कपडे के बैग उपलब्ध कराने के लिए लगाई गई 'ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन को चालू किया।

# पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

▸ रक्षा मंत्री ने आठवें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस पर वायु सेना स्टेशन, कानपुर में रैली को किया संबोधित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रविवार को कहा कि वन 'रैंक वन पेंशन' योजना को लागू करने से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और पुनः रोजगार प्रदान करने तक सरकार देश के वयोवृद्ध लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

श्री सिंह ने आठवें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर वायु सेना स्टेशन, कानपुर में एक वेटरन्स रैली को संबोधित करते हुए कहा, हमारे सैनिक परिवार, जाति और पंथ से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के बारे में सोचते हैं। वे अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाते हैं क्योंकि वे इस तथ्य को जानते हैं कि यदि राष्ट्र सुरक्षित है, तो सब कुछ सुरक्षित है। इससे उन्हें हर चुनौती का सामना करने की नैतिक शक्ति मिलती है।

उन्होंने कहा कि जहां सरकार देश की प्रगति के लिए और अधिक प्रयास कर रही है, वहीं लोगों की भी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सैनिकों और उनके आश्रितों को अपने परिवार की तरह मानें और यह सुनिश्चित करें कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहें। श्री सिंह ने लोगों से सेवानिवृत्त और सेवारत सैनिकों के सम्मान में अपनी इच्छाशक्ति को और मजबूत करने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### तस्कर सक्रिय : सीमा पर पकड़े गए बांग्लादेशी युवक

**जलपाईगुड़ी।** उत्तर बंगाल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिससे पूरा जिला घने कोहरे की चादर में ढक गया है। इसी मौके का फायदा उठाकर तस्कर सक्रिय हो गए है। हल्दीबाड़ी ब्लॉक के डांगापाड़ा इलाके में शनिवार देर रात ग्रामीणों ने एक बांग्लादेशी मवेशी तस्कर को पकड़ा है। जो कोहरे के आड़ में मवेशी को बांग्लादेश सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर रहा था। बाद में मेखलीगंज थाना को सौंपा दिया गया। रविवार को मेखलीगंज थाना के तरफ से बताया गया कि ग्रामीणों ने एक मवेशी तस्कर को पकड़ कर थाने को सौंपा है। गिरफ्तार शख्स का नाम नूर नबी (37) है।

### अंगीठी के धुएं से छह का दम घुटा, चार की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रात को दो स्थानों पर अंगीठी और लकड़ी के धुएं से छह लोगों का दम घुट गया। पहली घटना अलीपुर क्षेत्र स्थित खेड़ा खुर्द में हुई। यहां चार लोगों की अंगीठी के धुएं से दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पति, पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि रविवार सुबह सूचना मिली कि एक घर में चार शव पड़े हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह अंदर दाखिल होने पर कमरे में एक जलती हुई अंगीठी मिली। परिवार ने ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई थी ताकि कमरा गरम रहे। इसके अलावा इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई।

### कारों की भिड़ंत में छह लोगों की मौत, पांच घायल

**जयपुर।** सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में रविवार देर शाम तेज रफ्तार दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। लक्ष्मणगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखे पांच शवों में तीन पुरुष, एक महिला एवं एक बच्चा शामिल है जबकि अन्य एक शव सीकर एसके अस्पताल की मोर्चरी में है।

### 76वें सेना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी व अन्य



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को 76वें आर्मी डे के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं। भारतीय सेना के मध्य कमान के सूर्य खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शौर्य कलाओं का प्रदर्शन वीर सैनिकों ने किया। बता दें कि भारतीय सेना द्वारा दूसरी बार सेना दिवस का कार्यक्रम दिल्ली के बाहर आयोजित किया गया है। इस दौरान सूर्य खेल परिसर में परेड के बाद शौर्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन में मार्शल आर्ट के विभिन्न रूपों सुखोई और किरण विमानों द्वारा फ्लाई पास्ट के साथ-साथ कई सैन्य प्रदर्शन हुए।

# उत्तर प्रदेश में शीतलहर रहेगी बरकरार

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** गंगा का मैदानी इलाका सहित पूरा उत्तर प्रदेश धुंध और कोहरा के साथ शीतलहर की चपेट में है। लेकिन पछुआ हवाओं के चलने से एक दो दिन में कोहरा दिन में कमजोर हो जाएगा। हालांकि सुबह शाम जरुर लोगों को परेशान करेगा। मौसम विभाग का कहना है कि पछुआ हवाओं से न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री के आसपास बना हुआ है और आगामी दिनों में भी शीतलहर बरकरार रहेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि पिछले कई दिनों से कानपुर मण्डल सहित गंगा के मैदानी इलाकों और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की घनी चादर छाई हुई है, जिससे इस क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। धुंध के इस घने आवरण ने सूरज की किरणों को नकारते हुए, दिन के तापमान में भारी गिरावट ला दी है। इससे उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में ठंडे दिन और यहां तक कि गंभीर ठंडे दिन की स्थिति पैदा हो गई है। यह सब पश्चिमी विक्षोभ और पछुआ हवाओं के कारण हो रहा है। अगले 2-3 दिनों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है, जिससे दिन में कुछ राहत मिलेगी लेकिन शीतलहर की स्थिति कुछ दिनों तक बनी रहेगी। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 14.0 और न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 16 जनवरी तक बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण रविवार को कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी गई है. शीतलहर की स्थिति को देखते हुए लखनऊ में कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 16 जनवरी तक बंद रहेंगे। लखनऊ में जिलाधिकारी की ओर से आदेश जारी कर कहा गया कि लखनऊ जनपद में शीतलहरी सम्बन्धित मौसम विभाग के पूर्वानुमान जनपद के सभी बोर्ड के विद्यालयों में कक्षा 8 तक के समस्त सरकारी/गैर सरकारी/प्राइवेट विद्यालयों में दिनांक 16 जनवरी 2024 तक अवकाश घोषित किया जाता है। कक्षा 9 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए समस्त सरकारी/गैर सरकारी/प्राइवेट प्राइवेट विद्यालयों में जहां सम्भव हो, वहां विद्यालयों द्वारा कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से कराया जा सकता है। प्रैक्टिकल एग्जाम के लिए विद्यार्थियों को बाहर खुले में नहीं बैठाया जाएगा। विद्यार्थियों के यूनिफार्म पहनने की बाध्यता को समाप्त किया जाता है और यह सलाह दी जाती है कि ऐसे गर्म कपड़े जो ठंड से बचाव करने में सक्षम हों उन्हें पहनकर ही विद्यार्थी विद्यालय जाए। ये अवकाश मात्र स्टूडेंट्स के लिए अनुमन्य है। टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए नियोक्ता/प्रबन्धक द्वारा अपने स्तर से निर्णय लिया जायेगा।

### तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों से लदा कंटेनर पलटा, 40 बेजुबानों की मौत

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में बड़ा हादसा हो गया है जहां तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों से भरा कंटेनर पलट गया, जिससे लगभग 40 से अधिक मवेशियों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।मामला जिले के नेशनल हाइवे में पालकोट थाना क्षेत्र के गंजई नदी पुल का है। बताया जा रहा है कि तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों से भरा कंटेनर गंजई नदी पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए पलट गया, जिसमें लगभग 40 से अधिक मवेशियों की मौत होने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि कंटेनर में सो रहा एक मजदूर घायल था, जिसे पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा कि कंटेनर में कितने पशु थे और कहां से कहां जा रहा था।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रतिबिंबित करता है पोंगल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पोंगल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की राष्ट्रीय भावना को प्रतिबिंबित करता है और यही भावनात्मक जुड़ाव काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् में भी देखने को मिला।

केंद्रीय मंत्री एल.मुरुगन के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के हर घर में उत्सव का उत्साह देखा जा रहा और सभी लोगों के जीवन में खुशी, समृद्धि और संतुष्टि की कामना की। प्रधानमंत्री ने 'कोलम (रंगोली) के साथ भारत की विविधता की समानता बताते हुए कहा कि जब देश का हर कोना एक-दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है, तो देश की ताकत एक नए रूप में दिखाई देती है। मोदी ने कहा, ''पोंगल का त्योहार एक भारत श्रेष्ठ भारत की राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह भी कहा कि काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् द्वारा शुरू की गई परंपरा में यही भावना देखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में तमिल समुदाय के लोगों की उत्साही भागीदारी दर्ज की गई। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एकता की यही भावना 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिये सबसे बड़ी ताकत है। मैंने लाल किले से जिस पंच प्रण का आह्वान किया था, उसका मुख्य तत्व देश की एकता को ऊर्जा देना और एकता को मजबूत करना है।

### ईडी अफसरों पर हमले के 10 दिन बाद भी शेख शाहजहां पुलिस गिरफ्त से बाहर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गत पांच जनवरी को छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के पीछे कथित मास्टरमाइंड तृणमूल नेता शाहजहां शेख 10 दिनों के बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ईडी के अधिकारी राशन वितरण घोटाले की जांच के तहत शाहजहां के आवास पर छापेमारी कर रहे थे, तभी शाहजहां के 800 से एक हजार समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया था। हमले में एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए और उनके वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना के 10 दिन बीतने के बाद भी अभी तक वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। जानकारों के अनुसार, शाहजहां शेख को बड़े पैमाने पर राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। शाहजहां के समर्थन में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सड़क पर उतर आई और ईडी के अधिकारियों पर स्थानीय लोगों को उकसाने का आरोप लगाया था।

# जय श्रीराम बोलने पर भाइयों पर हमला, एक की मौत

▸ हिस्ट्रीशीटर ने दूसरे को तलवार से किया घायल, केस दर्ज

समृद्धि न्यूज



**शुक्लागंज-उन्नाव।** जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी के लिए चंदा मांगने गए थे दोनों मोहल्ला चंपापुरवा में दो सगे भाई विनोद कश्यप और दुर्गा कश्यप 22 जनवरी के दिन गांव के मंदिर में होने वाले कार्यक्रम के लिए चंदा मांगने निकले थे। इसी बीच दोनों चंदा मांगते मांगते गोताखोर मोहल्ला काले खां के घर के पास पहुंच गए। तभी काले खां ने अपने आने साथियों के साथ दोनों पर तलवार और तमंचे से हमला कर दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, काले खां मौके से भाग गया। इस दौरान उसने हवाई फायरिंग भी की।

स्थानीय लोगों के अनुसार विनोद कश्यप किसान यूनियन का जिला महासचिव था। वह अपने छोटे भाई दुर्गा शंकर कश्यप के साथ रविवार सुबह मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जय श्री राम के जय घोष लगते हुए चंदा मांग रहा था, तभी गोताखोर मोहल्ले में रहने वाला हिस्ट्रीशीटर काले खां अपने साथियों के साथ पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान उसने किसान नेता पर तलवार और कट्टे की बट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

बीच-बचाव करने आए भाई दुर्गा शंकर को भी मारपीट कर सिर फोड़ दिया और कई राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। वहीं घायल किसान नेता को इलाज के लिए कानपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र में पुलिस तैनात हो गई है। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने पूछताछ की है। दूसरे भाई को चोट आने पर प्राथमिक उपचार किया है।

### आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर धरने पर बैठे परिजन

मृतक के परिजनों व मोहल्ला वासियों ने नए गंगा पुल पर अपराधी को तुरंत गिरफ्तार करने को लेकर लगभग 3 बजे जाम लगाते हुए धरने पर बैठ गए जिससे नए पुल पर भीषण जाम लग गया तथा पुलिस को शुक्लागंज की तरफ आ रहे यातायात को मरहाला चौराहे गंगा बैराज व जाजमऊ कानपुर की तरफ मोडना पड़ा। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट एसडीम एडिशनल एसपी सीओ सिटी तथा अन्य क्षेत्र के सीईओ इंस्पेक्टर सहित भारी फोर्स शाम लगभग 7 बजे तक परिजनों को मनाती रही। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने काले खान तथा अन्य साथियों पर मुकदमा दर्ज करते हुए ठोस कार्रवाई के आश्वासन पर परिजनों धरने से उठे। लगभग 4 घंटे चले जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, मकर संक्रांति पर आज लोग लगाएंगे आस्था की डुबकी

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माघ मेला में गृहस्थ जीवन का त्याग कर सोमवार से कल्पवास करने के लिए कल्पवासी और मकर संक्रांति पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला बढ़ता चला आ रहा है। गंगा की विस्तीर्ण रेती पर लगे तंबुओं की नगरी में कल्पवासी और श्रद्धालु तीर्थ पुरोहितों के शिविर में भजन कीर्तन में व्यस्त हो जाएंगे।

कल्पवासी और श्रद्धालु झूंसी क्षेत्र की तरफसे ट्रैक्टर पर पैरा (पुआल), महीने भर के राशन के साथ रजाई, गद्दे लादकर मेला क्षेत्र में अपने अपने तीर्थपुरोहित से संपर्क कर रहे हैं। तीर्थ पुरोहितों के शिविर अभी पूर्ण रूप से तैयार नहीं हैं। कल्पवासी शिविर को तैयार करने में भी सहयोग कर रहे हैं। भक्ति भाव से ओतप्रोत बच्चे, युवा और बुजुर्ग मेला क्षेत्र में पहुंच रहे हैं।

अभी संत और तीर्थ पुरोहित अपने-अपने शिविर दुरूस्त करने में व्यस्त हैं। दंडी संन्यासी नगर, आचार्य नगर, खाक चौक में संतों का शिविर लग रहा है। तीर्थराज प्रयाग की धरा में श्रद्धालुओं को उचित प्रशासनिक प्रबंध नहीं होने के बावजूद संत और श्रद्धालु हर्षित दिख रहे हैं। गोरखपुर से चलकर कानपुर अनवरगंज जाने वाली चौरी-चौरा एक्सप्रेस से बड़ी संख्या में कल्पवासी गठरी और बोरी में भरकर प्रयागराज रामबाग पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार बिहार और मध्य प्रदेश से भी श्रद्धालु मेले में पहुंच रहे हैं।

उपलब्धि

### बीडीएल मुख्यालय से रक्षा राज्य मंत्री ने मिसाइल के पहले बैच को दिखाई हरी झंडी

# स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल से लैस होंगे तेजस विमान

एजेंसी



▸ बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किमी. तक दुश्मन को करेगी ढेर

**नई दिल्ली।** रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने रविवार को हैदराबाद में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) मुख्यालय से स्वदेशी रूप से विकसित हवा से हवा में मार करने वाली एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई।

सुखोई-30 एमकेआई विमान पहले ही इन मिसाइलों से लैस हैं, लेकिन अब लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' में भी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल लगाईं जाएंगी। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किलोमीटर तक अपने दुश्मन को निशाना बना सकती है। चीन सीमा पर तनाव के बीच स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप अक्टूबर 2020 में वायु सेना को मिली थी। करीब 100 किलोमीटर की लंबी दूरी तक हमले करने में सक्षम इस मिसाइल को सुखोई-30 में लैस किया गया था। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद वायुसेना और नौसेना के लिए 248 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। दोनों सेनाएं पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को वायुसेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। इसीलिए पिछले साल 23 अगस्त को पहली बार 'मेड इन इंडिया' जेट के साथ 'मेड इन इंडिया' मिसाइल दागकर परीक्षण किया गया था। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने 200 से अधिक मिसाइल खरीदने और बीडीएल को उत्पादन करने को मंजूरी दी थी।

### इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है एस्ट्रा मिसाइल

डीआरडीओ के मुताबिक़ एस्ट्रा मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है, जिसका व्यास 178 मिमी (7.0 इंच) है और इसका वजन 154 किलोग्राम (340 पाउंड) है। एस्ट्रा है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा मिसाइल 4.5 मैक की गति तक पहुंचा सकती है और अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है। एस्ट्रा मिसाइल की अधिकतम सीमा हेड-ऑन चेस मोड में 110 किमी. (68 मील) और टेल चेस मोड में 20 किमी. (12 मील) है। वायुसेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का मुख्य हथियार होंगे।

# खीरी में उत्साह, उलास, उमंग के साथ मना पूर्व सैनिक दिवस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रशासन के तत्वावधान में रविवार को उत्साह, उलास, उमंग से जिले में 08वां ÷सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस÷ मनाया गया। कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें एडीएम संजय कुमार सिंह एवं जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने वीरनारी शांति रावत और स्वर्ण कौर, पदक विजेता पूर्व सैनिक सूबेदार कैप्टन संतोख सिंह, दो शहीद सैनिकों के भाई और आश्रित नवाब अली और बलवंत सिंह को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया।

▸ एडीएम ने वीर नारियो, पदक विजेताओ को किया सम्मानित

एडीएम संजय कुमार सिंह ने भारतीय सशस्त्र सेना वेटरन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है।÷ उन्होंने भारतीय सशस्त्र सेना सैनिकों के राष्ट्र निर्माण व इसकी रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर योद्धाओं की वीरांगनाओं को



देखकर मन में वीरता और गर्व की अनुभूति हो रही है। वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

एडीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2017 से मनाया जा रहा है। यह दिन सेवानिवृत्त, सेवारतजनों, देश के बीच सौहार्द सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन नायकों को प्रतिबिंबित करने, स्मरण करने तथा उनका सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है।

जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ओबीई वर्ष 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। समस्त पूर्व सैनिकों की सेवाओं का स्मरण करने और उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सेवानिवृति के दिवस को पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों की राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और उनके बलिदान के सम्मान के प्रतीक के रूप में हमारे बहादुर सिपाहियों के परिजनों (एनओके) तथा भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति वचनबद्धता एवं एकजुटता को मजबूत करना है। समारोह मे एकत्र सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार जनों ने %सम्मान समारोह% के आयोजन पर अपार प्रसन्नता व्यक्त किया, और बताया कि जनपद के समस्त पूर्वसैनिक उत्साहित हैं, वे आगे और बेहतर समाज के सृजन के लिए काम करते रहेंगे, और समाज मे उत्साह और प्रेरणा का संचार करते रहेंगे।



## व्यापारियों ने खिचड़ी भोज कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी भोज की क्षेत्र में धूम रही। पडरिया तुला कस्बे के व्यापारियों के सहयोग से खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया । यहां आयोजको ने भगवान श्रीराम दरबार के चित्र पर पूजा अर्चना करते हुए आरती उतारी वही टीम के सदस्यों द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण कराया गया । प्रसाद ग्रहण करने के लिए क्षेत्र भर से हजारों लोग पहुंचे। इस आयोजन में कमलेश गौड़ उर्फ़ केके जयसूर्या ,संगम कटियार सुनील बाथम, महेश गुप्ता मनोज गौड़ शिवदयाल शर्मा मनोज गुप्ता का विशेष योगदान रहा। मकर संक्रांति के अवसर पर व्यापारी दिनेश गुप्ता,रामू गुप्ता,पूर्व प्रधान विजय सिंह रामजीत सिंह,संदीप गुप्ता आदि की मौजूदगी में भगवान राम दरबार चित्र की पूजा अर्चना कर समाज के सभी लोगों के लिए सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई है । क्षेत्र के दर्जनों लोग सेवा भावना से इस आयोजन में जुड़े और समाज की बेहतरी के लिए हो रहे कार्यों में संबल प्रदान किया।

## खबरें एक नजर में

### शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप



**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।** मैगलगंज थाना के फत्तेपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के खुर्रमनगर के पास सड़क के किनारे पानी से भरे गड्ढे में रविवार प्रातः लगभग 7:00 बजे ग्रामीणों ने देखा शव जिससे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। खुर्रमनगर से करीब तीन सौ मीटर दूरी पर खुर्रमनगर से वल्लीपुर मार्ग पर रामचंद्र खेत के पास सड़क के किनारे गड्ढे में नीरज पाण्डेय (48वर्ष)पुत्र सुंदरलाल पाण्डेय निवासी वल्लीपुर का शव पड़ा मिला। मामले की सूचना पर फत्तेपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि बीती शाम को मृतक नीरज फत्तेपुर बाजार साइकिल से समान खरीदने आया था। जो कि देर रात तक वापस घर नही पहुचा और सुबह साइकिल समेत उसका शव सड़क के किनारे गड्ढे में मिला।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटरा गांव हिमालय ढाबा के सामने बाइक सवार चालक ने गन्ना लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा पिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक जंग बहादुर गंज निवासी अंकित सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष की जंग बहादुर कस्बे में मोबाइल की दुकान है शनिवार को वह पिंकू के साथ मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर गया था। वापसी आते समय उसने हिमालय ढाबा पर खाना खाया खाना खाने के बाद वह जंग बहादुर गंज के लिए चल पड़ा। उसी समय गन्ना लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली में उसने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक चल रहे अंकित सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठा पिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक अंकित सिंह दो भाइयों में बड़ा था उसकी शादी को लगभग 5 वर्ष हो गए थे। और उसके दो बच्चे एक लड़का और लड़की है। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया और गंभीर रूप से घायल पिंकू का इलाज पसगवॉ सीएचसी पर चल रहा है।

### जन समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए कटिबद्ध : नवागत कोतवाल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** नवागत कोतवाल लखीमपुर अम्बर सिंह मीडिया से रूबरू हुए। इसके पूर्व सिंह कोतवाल मोहम्मदी थे। सिंह ने कहा कि पुलिस जनसहयोग से ही कार्य करती है। पत्रकार बेहिचक जानकारी दें। किसी भी जनसमस्या पर त्वरित कार्यवाई होगी। सरकार की प्राथमिकता ही उनकी प्रार्थमिकता है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, अवैध कब्जा नियमानुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हटाया जाएगा। ट्रैफिक को दुरुस्त करने को लेकर पुलिस बराबर कार्य कर रही है। शीर्ष अधिकारी बराबर मॉनिटरिंग कर रहे है। पूरी कोशिश होगी कि अपराध न हों। कोई अपराध घटित हो तो तत्काल खुलासा करने का प्रयास होगा। मीडिया व जनसहयोग आवश्यक है।

### बीडीओ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों एवं सरकारी कार्यालयों की साफ-सफाई को लेकर शासन के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर में सफाई अभियान चलाया। रविवार को भीषण ठंड और कोहरे के बीच अचानक खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक कार्यालय पहुंचकर कर ग्राम प्रधान रामसहांय दयाशंकर शुक्ल,ढेखवा प्रधान रवींन्द्र कुमार सिरौलीगौसपुर प्रधान मैकूलाल, धुसेडिया प्रधान सरवन वर्मा आदि के साथ परिसर में झाडू लगाकर सफाई पखवाड़े की शुरुआत किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 22जनवरी से पूर्व क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में अभियान चला कर गांव गलियों की सफाई कराई जाएगी।

## ग्राम स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक संपन्न

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत खमरिया तथा गनेशपुर में ग्राम स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी अवर अभियंता लघु सिंचाई सतीश चंद्र मौर्य द्वारा की गई।

बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी कृषि अनिल कुमार ने करते हुए शान द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रितूयादव ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बाल विकास परियोजना द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया गया। वहीं कुपोषण



से बचने के लिए महिलाओं को किट प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अनूप कुमार राठौर ने समस्त मंचासीन सदस्यों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। वहीं गनेशपुर ग्राम पंचायत में प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार तथा ग्राम प्रधान रामदेवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक विकास अधिकारी कृषि अनिल कुमार ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता को देते हुए नोडल अधिकारी अवर अभियंता सिंचाई सतीश कुमार मौर्य ने समस्त नागरिकों को शपथ दिलाते हुए सन 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाए जान का संकल्प दिलाया।

बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रितू यादव तथा ग्राम पंचायत की महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना पहली प्राथमिकता : निराला तिवारी

**खमरिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना खमरिया में तैनाती के बाद रविवार को नवागत थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए परिचय के बाद क्षेत्र के बारे में जानकारी ली।

वार्ता के दौरान बताया कि क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना पहली प्राथमिकता रहेगी जिससे क्षेत्र के लोग सुकून के साथ भय मुक्त होकर रह सकें। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र के अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें सलाखों के पीछे ढकेला जाएगा।

क्षेत्र में अशांति फैलाने या आपराधिक कृत्य करने वाले लोगो के साथ पुलिस किसी प्रकार की रियायत नही करेगी। खासकर महिला अपराधों को रोकने के लिए पुलिस



कठोर कदम उठाएगी जिससे बहू , बेटियों को घर से बाहर तक सुरक्षा प्रदान की जा सके। वहीं कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने में पत्रकारों से सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर उप निरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी, कृष्ण चन्द्र तिवारी, विक्रांत चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल गुप्ता, सुनील मिश्रा, योगेश अवस्थी,अनिल गौतम,सूरज रस्तोगी, प्रगेश कुमार, कमलेश जायसवाल, लवकुश शुक्ला मौजूद रहे।

## आवारा गौवंश को बाघ ने बनाया निवाला, दहशत

पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज। दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से बाहर आए एक बाघ ने आवारा पशु को अपना निवाला बना लिया। मामले की सूचना वन विभाग टीम को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर जा पहुंची और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। बता दें कि दुधवा टाइगर रिजर्व जंगल से अक्सर वन्य जीव आबादी की ओर पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हैं। कभी जंगली हाथियों का झुंड किसानों के खेतों में पहुंचकर उनकी फसल बर्बाद कर देता है, तो कभी शिकारी तेंदुए और बाघ ग्रामीण पर हमला करके घायल कर देते हैं। इसी क्रम में मझगई रेंज क्षेत्र में जंगल से निकले एक बाघ ने ग्रामीण रमेश के खेत में मौजूद पशु पर हमला करते हुए उसे अपना निवाला बना लिया। फारेस्ट गार्ड भुपेंद्र ने बताया कि रात्रि को बाघ ने गाय को निवाला बनाया था। गाय का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उन्होंने खेतों की ओर जाने वाले ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।



## एसडीएम ने गौवंशी पशुओं को गुड़ चना और केला खिलाकर मनाया मकर संक्रांति का त्यौहार

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार भीमचन्द के साथ रकेहटी स्थित गौशाला पहुंचकर गौशाला का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने गायों को माला वा पीत वस्त्र पहनाकर गुड़, चना केला खिलाया, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने गौशाला की चाक चौबंद ब्यवस्था को देखकर केयर टेकर की जमकर तारीफ की। गौशाला में गायों के लिए हरे चारे के साथ साथ पशु आहार, और भूसे की भी उचित व्यवस्था थी, टीन शेड और शेड में गायों को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए चारों तरफ त्रिपाल की व्यवस्था से अच्छी तरह से ढकने के साथ साथ गायों को ठंड से बचाने के लिए जगह जगह पर अलाव की भी व्यवस्था की हुई थी। गौशाला के अंदर की सफाई व्यवस्था देखकर एसडीएम ने केयर टेकर सहित गौशाला में मौजूद सभी गौसेवकों की जमकर तारीफ भी की, इस मौके पर तहसीलदार भीमचंद, ग्राम पंचायत अधिकारी उपदेश वर्मा, सहित गौसेवक सुरेश कुमार, आदि गौसेवक मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री चिलौकी प्रधान को करेंगे सम्मानित



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान चिलौकी सोमनाथ राजपूत को आगामी 26 जनवरी गंतन्त्रत दिवस के मौक़े पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरुस्कार से सम्मानित किया जायेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय से आये बुलावे पत्र से गांव सहित क्षेत्र वासी अतिउत्साहित है। ग्राम पंचायत चिलौकी के प्रधान सोमनाथ राजपूत ने कहा कि गांव के हर ग्रामीण को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, यही प्रधान का मकसद होना चाहिए उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन कि सर्वे रिपोर्ट में ग्राम पंचायत चिलौकी अग्रणी भूमिका में पायी गयी है । भारत सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना के तहत शुद्ध पानी उपलब्ध कराया है। ग्राम पंचायत मे मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरुस्कार की जानकारी मिलते ही क्षेत्रवासी उत्साहित है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधान ने किया स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पिछले एक माह से त्रिवेदीगंज क्षेत्र में भ्रमण कर रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को त्रिवेदीगंज विकास क्षेत्र के सोनिकपुर ग्राम पंचायत में पहुंची जहां ग्राम प्रधान महेंद्र शाह सिंह एवं पंचायत सचिव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत और पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिवेदीगंज चंद्रशेखर सिंह उपस्थित रहे। जिनके मार्गदर्शन में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियंका सिंह रावत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी एवं योगी जी की डबल इंजन की सरकार द्वारा लगातार जनता के हित



में कार्य किया जा रहा है इसी का जीता जागता उदाहरण आज हम सब विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान देख रहे हैं सरकार द्वारा प्रदत्त हर योजनाएं आज हर ग्राम पंचायत में हर घर तक पहुंच रही हैं ।

श्रीमती रावत जी ने यह भी बताया कि पहले की सरकारों में जब 100 रूपए लाभार्थी को भेजा जाता था तो यहां तक पहुंचते-पहुंचते वह सिर्फ रु. 1 उसके पास पहुंचता था लेकिन आज के समय ऐसा नहीं है अगर रु. 100 सरकार ने लाभार्थी को दिए हैं तो 100 के रु. 100 रुपए बैंक के खाते में आ जाते हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिवेदीगंज चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि मोदी जी की गारंटी वाला रथ आज भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह पंकज सिंह अमेठिया भाजपा नेता अरुण शुक्ला अंबर शरण जायसवाल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष पटेल संतोष कुमार आर्य भाजपा महामंत्री ओबीसी मोर्चा सहित तमाम ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित रहे।

## झंझरिया नाले की पुलिया टूटी, राहगीरों को हो रही कठिनाई

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अंग्रेजी शासन काल मे सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित झंझरिया नाले पर बने पुल की रेलिंग टूटने से वाहन चालको एव राहगीरों को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियो ने क्षतिग्रस्त रेलिंग के निर्माण की मांग की है।

बताते चले कि सौ साल पूर्व सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर बह रहे झंझरिया नाले पर बना पुल रखरखाव के आभाव जर्जर हो रहा है। सड़क से करीब 25 फिट गहरे नाले पर बने रेलिंग टूट जाने से हमेशा दुर्घटना की अशंका बनी रहती है। राजकीय इंटर कालेज सफदरगंज के सामने बने वर्षो पुराने पुल पर सावधानी हटी दुर्घटना घटी की कहावत चरिथार्थ हो रही है। अंग्रेजी काल मे जब पुल का निर्माण हुआ था उस दौर मे वाहनो की संख्या कम थी जिसके चलते पुल को सकरा बनाया गया था लेकिन समय के साथ वाहनो की संख्या मे काफी इजाफा हुआ है नतीजा यह है कि इस झंझरिया नाले के पुल पर अक्सर आमने सामने वाहन आ जाने की स्थिति मे जाम लग जाता है। सबसे बड़ी दिक्कत साइकिल एव दो पहिया वाहन चालकों को होती है जो पुल की टूटी रेलिंग पर जान को खतरे में डाल कर पुल को पार करते है यही नही पुल के ही निकट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संचालित है जहां प्रतिदिन सैकड़ो छात्राए साईकिल व पैदल इसी रेलिंग विहीन पुल को पार कॉलेज आती जाती है बहरहाल समय रहते झंझरिया नाले की रेलिंग को सही नही कराया गया तो किसी न किसी दिन अनहोनी घटना घट सकती है ।

### शासन प्रशासन के दावे फेल

हादसों से बचाव को लेकर सड़क और पुलों को दुरुस्त रखने के तमाम दावे तो किए जाते हैं, लेकिन क्षेत्र की कई र्प्मुख् सड़को एव मार्गो पर ऐसे पुल व पुलिया हैं, जिनकी रेलिंग तक टूटी हुई हैं। कोहरा घना होने पर यह टूटी रेलिंग हादसों का सबब बन सकती है, बावजूद अफसर मौन साधे हुए हैं। इन टूटी रेलिंग को ठीक कराने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह हाल तो तब है जब अयोध्या मे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सूबे की राजधानी से लेकर रामनगरी तक के हाइवे को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है लेकिन इसी सजे सजाये हाइवे को जोड़ने वाली लिंक सड़को का बुरा हाल है वह चाहे हाइवे से जोड़ना वाला जैदपुर लिंक मार्ग हो या बदोसराय , बांसा, दरियाबाद को जोड़ने वाला मार्ग हो नहरों एव नालो पर बने पुल पुलियों की रेलिंग गायब है। पुलों की टूटी रेलिंग से कई वाहन तक गिर चुके हैं। ऐसे में क्षेत्र के पुलों की टूटी रेलिंग बड़े हादसे की वजह बन सकती है।

## देश निर्माण में शिक्षण संस्थाओं की महती भूमिका : संजय राय

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवम क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की देश निर्माण में महती भूमिका है।उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर को लेकर शिक्षण संस्थानों की चुनौतियां भी है।

कहा कि 2017 से पूर्व की प्रदेश में दस वर्ष जिनकी सरकारें रहीं उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था।क्षेत्रीय प्रभारी रविवार को साई मंडप में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने के बाद प्रदेश भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति पर चल रहा है। उन्होंने प्रबंधकों से आग्रह किया कि विद्यार्थियों में टॉपर बनने का दबाव न बनाए।उनमें देश का श्रेष्ठ नागरिक बनने की ललक पैदा करे।उन्होंने राममंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण देश की सांस्कृतिक चेतना एवम सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का अनूठा उदाहरण है।उन्होंने नमो ऐप के जरिए विकसित भारत के राजदूत बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहु चर्चित एवम लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा एवम नमो ऐप को लेकर साई मंडप में रविवार को जिले के शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों एवम प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित की गई।भाजपा शिक्षण प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित हुई बैठक में 200 से अधिक विद्यालयों का प्रबंधतंत्र शामिल हुआ। बोर्ड परीक्षा में करीब एक माह का समय शेष बचा है ऐसे में विद्यार्थियों के




तनाव को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश भर के विद्यार्थियों से जुड़ेंगे।इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री मोदी बेहतर तैयारी की टिप्स विद्यार्थियों से साझा करेंगे।इसके पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए

स्नातक एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 2047 तक विकसित बनाने का बीड़ा उठाया है।सरकार ने लाखों की संख्या में मोबाइल विद्यार्थियों को वितरित है।उन्होंने सभी को 18002090920 पर मिस्ड कॉल करवाकर नमो ऐप अपलोड करवाया, तथा विकसित भारत एंबेसडर के लिए प्रेरित किया।

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने शिक्षण संस्थानों की वर्तमान परिवेश में चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के विद्यालयों में पढ़ाई के साथ संस्कार निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने मोदी सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 के फायदों से लोगो को रूबरू किया।

शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या हाईवे स्थित सभी विद्यालयों के प्रबंधकों से अपने विद्यालय को एलईडी लाइट से सजाने का आग्रह किया।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी का स्वागत एवम एमएलसी अंगद सिंह ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक दिनेश रावत,अमरीश रावत ,राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता,गुरु शरण लोधी, शील रत्न मिहिर,प्रबंधक विपिन सिंह राठौर,डॉक्टर सुजीत चतुर्वेदी,विजय आनंद बाजपेई,अजय मिश्रा,राधेलाल वर्मा,सुनील झुनझुनवाला,बलराम वर्मा,अमित शुक्ला सहित काफी संख्या में प्रबंधक एवम प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## प्रगतिशील किसान को कृषि उप निदेशक ने किया सम्मानित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत बहुता के प्रगतिशील किसान को धान और लौकी की सफल उत्पादन के लिए उप कृषि निदेशक एवं जिला उद्यान अधिकारी ने प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुता गांव निवासी शिवशरण शुक्ला ने धान की फसल और लौकी की फसल का सफल उत्पादन कर पूरे बाराबंकी जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इस उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री शुक्ला जी को विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। आज बहुता गांव के ग्रामीणों द्वारा श्री शुक्ला जी का माल्यार्पण कर सम्मान



किया गया और बधाई दी। जिसमें मुख्य रूप से गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी शिवाकांत दीक्षित जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंज बिहारी पांडे नागेश्वर मौर्य अवधेश शुक्ला हरिमोहन मिश्रा राम लखन संजय लोधी सुशील पांडे कुलदीप सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अधिकतर शास्त्र विरूद्ध साधना में लिप्त हैं : संत रामपाल जी महाराज

▸ संत रामपाल महाराज के सत्संग प्रवचन सुन कर धन्य कर रहे अनेक परिवार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को लखीमपुर खीरी के दुर्गापुरवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का वेद, गीता जी, श्रीमद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ।

सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि गीता जी अध्याय 9 श्लोक 25 में लिखा है कि जो देवताओं को पूजते



है वह देवताओं को प्राप्त होते हैं पितरों को पूजने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं, भूतो को पूजने वाले भूतो को प्राप्त होते हैं और मतानुसार पूजन करने वाले भक्त मुझसे लाभान्वित होते हैं आगे गीता जी अध्याय 18 श्लोक 46 में बताया है कि जिस परमेश्वर से सम्पूर्ण प्राणियों की उत्पत्ति हुई है और जिससे यह समस्त जगत व्याप्त है उस परमेश्वर की अपने स्वाभाविक कर्मो द्वारा पूजा करके मनुष्य परम सिद्धि को प्राप्त हो जाता है वह परमेश्वर कबीर साहेब ही है जो तीनो लोकों मे प्रवेश करके सभी का धारण पोषण करते हैं हम सभी को किसी के बताए अनुसार भक्ति साधना न करके अपने पवित्र शास्त्र के अनुसार साधना करनी चाहिए, सभी पवित्र ग्रन्थ मे तीन प्रकार का मंत्र पूर्ण गुरु से प्राप्त करके जाप करने का उल्लेख है।

जिला कार्डिनेटर रवि कुमार वर्मा ने बताया कि जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सत्संग कतर, नेपाल, अमेरिका, दुबई आदि देशों सहित भारत के सभी राज्यों में संत रामपाल जी के सत्संग प्रवचन होते हैं और संत रामपाल जी के करोड़ों अनुयाई दहेज लेनदेन, नशा, चोरी, व्यभिचार, घूसखोरी, जाती पाती आदि को त्यागकर सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं। जनपद लखीमपुर खीरी के तहसील तहसील में हजारों परिवार संत रामपाल जी के बताए नियमों पर चलकर अपना जीवन धन्य कर रहे है।

## डॉ. देवेन्द्र सिंह के संरक्षण मे संपन्न हुआ जन आरोग्य मेले का आयोजन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन विकास खण्ड मितौली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली तथा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के सभी पांचो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में अधीक्षक डॉ देवेन्द्र सिंह के संरक्षण मे संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किए जाने से गरीब जनता को काफी सहूलियत मिली है । मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्लुआ मोती में 33मरीज , ककरहा 51 मरीज, संडिलवा 48 मरीज,



चुरईपुरवा 28 मरीज, कैमहरा47 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में 111मरीजों को स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई। एवं फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया किट वितरित की गई सभी मरीजों को उचित परामर्श के साथ निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।

### सीएम योगी ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भगवान राम की नगरी में लगाई झाड़ू

# प्रदेश को साफ-सुथरा और सुंदर बनाएं लोग

▸ देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर सुंदरता से सजाया जाए



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता को ''ईश्वरीय कार्य बताते हुए प्रदेश भर के ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों से अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे प्रदेश को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने का आह्वान किया है। सीएम योगी लोगों को प्रेरित करने के लिए खुद भी भगवान राम की नगरी में झाड़ू लगा कर ये संदेश लोगों तक पहुंचाने का काम किया है।

इस दौरान सीएम योगी ने अयोध्या में देश दुनिया के लोग आज अयोध्या आने के लिए आतुर है। जो लोगों राम को काल्पनिक बातते थे अब वह लोग भी अयोध्या आने की बात कर रहे है। बता दें कि शनिवार को प्रदेशभर के ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष स्वच्छता अभियान में भावना के साथ जुड़कर पूरे देश को एक नया संदेश दिया जाना चाहिए।

योगी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को राष्ट्रीय उत्सव की तिथि बताते हुए कहा, ''पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान होने का उत्सव सिर्फ अयोध्या का नहीं है, बल्कि यह हर गांव, हर घर और हर जन का उत्सव है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह अभूतपूर्व उत्सव है तो हर गांव और हर घर तक तैयारियां भी उसी अनुरूप होनी चाहिए। यह प्रयास होना चाहिए कि श्रीराम उत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर दीपोत्सव मने। घरों, मंदिरों और सार्वजनिक,सामुदायिक स्थलों पर राम नाम संकीर्तन हो। गांवों के अमृत सरोवरों पर भी दीपोत्सव मनाएं। उन्होंने कहा, ''ग्राम प्रधान और सभी ग्रामीण जनप्रतिनिधि इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। श्रीरामलला के विराजमान उत्सव को अभूतपूर्व उल्लास से भरने का कार्य 14 जनवरी को विशेष स्वच्छता अभियान से प्रारंभ हो जाएगा और हर कस्बे, हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति की इसमें सहभागिता अपेक्षित है। योगी ने कहा, ''देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर उन्हें सुंदरता से सजाया जाए। ग्राम प्रधान इसके लिए खुद प्रयास करने के साथ हर ग्रामवासी को जागरूक करें, उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाएं। स्वच्छता ईश्वर को तो प्रिय है ही, तमाम बीमारियों को दूर रखने में भी अनिवार्य है।

## डिप्टी सीएम ने भूतपूर्व सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** भारतीय सेना के सूर्या कमान ने 14 जनवरी 2024 को लखनऊ में 8वां सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया। भूतपूर्व सैनिक दिवस तीनों सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के निस्वार्थ कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान के प्रति सम्मान दिखाने का एक अवसर है। यह उन बहादुर जवानों के परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने का भी अवसर है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस अवसर पर सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि और वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिकों ने मध्य कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, सूर्या ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 2200 वीर नारियों, पूर्व सैनिकों, वीरता पुरस्कार विजेताओं, सशस्त्र बलों के कर्मियों और नागरिक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के भूतपूर्व सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भारतीय सेना के साहस और वीरता की सराहना की। श्री पाठक ने यह भी कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हमेशा हमारे देश की संप्रभुता पर किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

# आजम खान के कब्जे से खाली कराए गए भवन में स्थानांतरित होगा जीजीआईसी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है, दरअसल, आजम खान के कब्जे से मुक्त कराए गए शिक्षा विभाग के भवन में राजकीय खुर्शीद बालिका इंटर कॉलेज को स्थानांतरित किया जाएगा। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के नाम पर लीज पर दिए गए शिक्षा विभाग के भवन जिसमें आजम खान के ट्रस्ट द्वारा रामपुर पब्लिक स्कूल चलाया जा रहा था तथा इस भवन के एक भाग में रामपुर जिला समाजवादी पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां संचालित होती थी।

रामपुर के नगर विधायक और भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से की थी जिसमें उनके आरोपों की जांच रिपोर्ट के आधार पर इस आवंटन को नियम विरूद्ध बताते हुए निरस्त करने का निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट से पारित कर दिया गया था।

इसके बाद यह भवन प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया था और सक्सेना यही नहीं रुके बल्कि उनके लगातार प्रयासों से इस मामले में एक नया मोड़ आया है और अब उत्तर प्रदेश शासन से रामपुर के शिक्षा विभाग को पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें रामपुर फोर्ट और रामपुर रजा लाइब्रेरी एवं म्यूजियम परिसर में स्थित राजकीय खुर्शीद इंटर कॉलेज को स्थानांतरित कर आजम खान से खाली कराए गए इस भवन में स्थापित करने के आदेश दे दिए गए हैं। इस मामले में भाजपा से शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया,, यह जो रामपुर में एक मुर्तुजा स्कूल हुआ करता था उसको पहले आजम खान समाजवादी पार्टी ऑफिस बनवाया उसके नाम आलोट करवाया। समाजवादी पार्टी की सरकार आने के बाद वहां से समाजवादी पार्टी के ऑफिस की लीज को खत्म करवा कर उसको रामपुर पब्लिक स्कूल और मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट पर ट्रांसफर करवाया। हमने यह मांग की थी कि इस पूरे मामले की जांच की जाए और जिसकी कीमत आज तकरीबन 100 करोड़ के आसपास है उसको पुरानी ही व्यवस्था में रखा जाए शिक्षा विभाग इसको वापस ले, उन्होंने बताया कि पूरी जांच फ़िर कैबिनेट से यह निर्णय लिया गया कि यह गलत हुआ था और यह शिक्षा विभाग को वापस किया गया और क्योंकि प्रधानमंत्री जी का सपना है की जो राजा पुस्तकालय हैं उसको रामपुर में एक नए रूप में बनाया जाए जो देश की धरोहर है उसको उसी के इस्तेमाल में लिया जाए तो उसी के परिषेप में वहां से जो खुर्शीद स्कूल है जो किले के अंदर है।

## खबरें एक नजर में

### संयुक्त युवा ने पीएम मोदी से की रिक्त पद भरने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त युवा मोर्चा केंद्रीय टीम सदस्य राजेश सचान ने एक्स सोशल नेटवर्किंग साइट पर पोस्ट कर पीएम मोदी से देश भर के सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को तत्काल भरने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। संयुक्त युवा मोर्चा द्वारा एक्स पर की गई पोस्ट में केंद्र सरकार अंतर्गत 10 लाख रिक्त पदों को भरने के वायदे पर अमल न करने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि संयुक्त युवा मोर्चा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित अभियान में एक करोड़ रिक्त पदों को भरने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। बताया कि प्रयागराज में हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 6 लाख रिक्त पदों को तत्काल भरने जैसे सवालों को लेकर 12 दिसंबर से आंदोलन जारी है। उपरोक्त मुद्दों को 17 जनवरी को दारूल शफा लखनऊ में आयोजित सम्मेलन में उठाया जाएगा और रोजगार समेत ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी।

### शहीद पथ पर बस ने ट्रक में मारी टक्कर, पांच घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में शहीद पथ पर घने कोहरे की वजह से एक तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक समेत पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शबीर अली बस लेकर दिल्ली से सिद्धार्थनगर के बांसी यात्री बैठाकर जा रहा था। वह रविवार सुबह करीब 6 बजे शहीद पथ पर पहुंचा ही था कि सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा भिड़ा। जिसके बाद शहीद पथ पर जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को केबिन से बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर बस चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने क्रेन बुलवा कर ट्रक और बस को किनारे खड़ा करवा कर यातायात चालू करवाया। हादसे के वक्त बस में कई यात्री बैठे हुए थे। घायलों का नाम पुलिस अभी नहीं बता सकी है।

### कोहरे के चलते थमा एयर ट्रैफिक, 80 फीसदी उड़ानों पर असर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कोहरे की वजह से ट्रेन और फ्लाइट के रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया है। कोहरे की वजह से जहां फ्लाइट उड़ नहीं सकी वहीं ट्रेन भी घंटों लेट रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ से उड़ने वाली 80 फीसदी से ज्यादा फ्लाइट नहीं उड़ सकी। करीब 10 से ज्यादा फ्लाइट लेट है। बताया जा रहा है कि मौजूदा समय एयरपोर्ट पर बहुत कम विजिबिलिटी है। इसकी वजह से फ्लाइट उड़ान नहीं भर पा रही है। फ्लाइट लेट होने के बाद यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है कुछ लोग इसको लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। फ्लाइट आने के मामले में भी यही स्थिति है सुबह से तीन फ्लाइट ही हाईवे पर उत्तर पाई है बाकी सारी फ्लाइट लेट है। इसमें भी आधा दर्जन से ज्यादा फ्लाइट जो एयरपोर्ट पर आ सकती थी अभी तक नहीं आई है। ओमान एयर की फ्लाइट को कोहरे की वजह से जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। लखनऊ में घने कोहरे की वजह से लैंडिंग नहीं हुई। लखनऊ में 7 चक्कर लगाने के बाद भी लैंडिंग होने के बाद उसे जयपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

### फैजुल्लागंज में सफाई नहीं होने पर नगर निगम का पुतला फूंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सफाई को लेकर लोगों की नगर निगम के प्रति नाराजगी बढ़ते जा रही है। रविवार को फैजुल्लागंज वार्ड चतुर्थ के न्याय विहार कॉलोनी निवासियों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने नगर निगम का पुतला जलाया। लोगों का कहना था कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से गड़बड़ हो चुकी है। इस दौरान नगर निगम मुर्दाबाद और काम नहीं तो वोट नहीं का नारा भी लोगों ने दिया। बताया गया कि सफाई नहीं होने से इलाके में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस बार नगर निगम लखनऊ सफाई व्यवस्था में 44 वें स्थान पर पहुंच गया है। पहले यह शहर कभी 11 वें स्थान पर हुआ करता था। लेकिन पिछले तीन साल से रैकिंग लगातार गिरते जा रही है। फैजुल्लागंज शहर के सबसे खराब इलाकों में एक है। यहां अक्सर डेंगू और अन्य बीमारी सफाई व्यवस्था ठीक न होने की वजह से बढ़ जाती है। यहां रहने वाले एके पांडेय ने बताया कि सफाई को लेकर स्थानीय लोग क्षेत्र के विधायक, मेयर, नगर आयुक्त समेत पार्षद के चक्कर लगा चुके हैं। सालों से इन लोगों से सफाई और सड़क को लेकर बात कही जा रही है लेकिन उसके बाद भी नगर निगम कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रांगण में पुष्पांजलि अर्पित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कैण्टोमेन्ट पूजा एवं सेवा समति के तत्वावधान में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रांगण में पुष्पांजलि अर्पित की गई स्वामी जी विचारों पर सभा आयोजित की गई साथ ही स्वामी जी के विचारों को अपने जीवन में ग्रहण करने का संकल्प लिया, जिसमें बंगाली समुदाय एवं बंग लोक भारती के सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया।

### समाजवादी महिला सभा की ओर से कम्बल वितरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिम्पल यादव के जन्मदिन के पूर्व दिवस पर रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित अर्बन सीएचसी, अलीगंज तथा बीआरडी हॉस्पिटल, महानगर में समाजवादी महिला सभा की ओर से कम्बल वितरण किया गया। कम्बल वितरण का कार्य समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, राष्ट्रीय सचिव रिंकी सिंह तथा सक्रिय सदस्य अब्दुल अजीम ने किया। इसमें शादी खान एवं आदित्य का भी सहयोग रहा। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह का सीएचसी अलीगंज में डॉ0 सोमनाथ तथा बीआरडी अस्पताल, महानगर में डॉ0 जीएस बाजपेई एवं डॉ0 जुबैर सिद्दीकी ने स्वागत किया तथा कम्बल वितरण कार्य की प्रशंसा की।

### बसपा प्रमुख मायावती का जन्मदिन आज, पार्टी ने की तैयारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बसपा प्रमुख व सूबे की पूर्व सीएम मायावती का कल जन्मदिन है। इस मौके पर बसपा पूरे यूपी में जनकल्याणकारी दिवस मनाएगी। इस मौके पर मायावती बीएसपी की ब्लू बुक एक पुस्तक मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 19 का विमोचन करेंगी। इस पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण का भी विमोचन किया जाएगा। बीएसपी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी दी है।

### उप मुख्यमंत्री ने दी मकर संक्रांति पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मकर संक्रांति के पावन त्योहार पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई व मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में श्री मौर्य ने कहा है कि देश के विभिन्न भागों में मकर संक्रांति का त्यौहार अनेक तरह से मनाया जाता है। यह त्यौहार हमारी गौरवशाली संस्कृति व एकता का प्रतीक है।

# गुरू गोविंद के प्रकाशोत्सव पर निकला नगर कीर्तन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** 2024 को सिक्खों के दसवें गुरू सरबंसदानी साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) पर एक भव्य नगर कीर्तन की अगुवाई परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पांच प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर कर रहे थे, जिनके पीछे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब को श्रद्धालुगण लेकर चल रहे थे। श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी को ज्ञानी सुखदेव सिंह जी चांवर कर रहे थे। श्रद्धालुगण पालकी के आगे मार्ग की सफाई करके श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी के लिये मार्ग पर पुष्प बिछा रहे थे।

सिक्ख सेवक जत्थे के अध्यक्ष राजवंत सिंह बग्गा, कुलवन्त सिंह, कुलदीप सिंह सलूजा तथा अन्य सदस्यों के संचालन में गुरूद्वारा नाका हिण्डोला से चलकर यह नगर कीर्तन नाका हिंडोला चौराहा पहुँचा जहाँ सड़क के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन हेतु खड़ी थी चारबाग, गुरू नानक मार्केट, गौतम बुद्ध मार्ग, बांसमण्डी चौराहा, लाटुश रोड, श्रीराम रोड, गनेश गंज, नाका हिंडोला होता हुआ गुरूद्वारा साहिब वापस पहुँचा जहाँ श्री गुरूग्रन्थ साहिब की शाही सवारी को ''गार्ड ऑफ ऑनर'' पेश किया गया।

सम्पूर्ण मार्ग पर पंजाब हसदा बैंड ने फौजी अन्दाज में अपने बैंड बजाने की कलाओं एवं शहीद बाबा दीप सिंह गतका ग्रुप अमरोहा वालों ने युद्ध कलाओं का प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं द्वारा स्टाल लगाकर समोसे, बिस्कुट व चाय इत्यादि प्रसाद के रूप में वितरित किये गये।

स्टेज सेक्रेटरी सतपाल सिंह मीत ने बताया कि दीवान हाल में रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी द्वारा गुरबाणी कीर्तन सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत एवं वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला के बाद ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने कथा व्याख्यान किया। अरदास के उपरान्त समूह साध संगत में गुरू का लंगर दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा वितरित किया गया।

### लखनऊ विवि में 'समर्थ भारत पर्व' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** स्वामी विवेकानंद जी के ध्येय वाक्य ''मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण'' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा लखनऊ ने विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय के बायो केमिस्ट्री विभाग के सभागार में समर्थ भारत पर्व विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय लखनऊ के निदेशक नीरज कुमार' थे। शुभारंभ ओमकार मंत्र, शांति मंत्र और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय बायो केमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष 'सुधीर मेहरोत्रा' ने सभी अतिथियों का स्वागत संबोधन किया। विवेकानंद केंद्र की प्रांत प्रमुख प्रोफेसर शीला मिश्रा जी ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के संदेशों को जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण योगदान देने का आव्हान किया।

# माघ मेला का पहला स्नान आज चलेंगी 100 अतिरिक्त बसें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माघ मेला का पहला स्नान कल है। श्रद्धालुओं में प्रयागराज पहुंचने की ललक स्वाभाविक है जिसे परिवहन निगम ने महसूस किया और उनकी सहूलियत खातिर 100 अतिरिक्त बसें लगाने का निर्णय लिया। कल 15 जनवरी को मकर संक्रांति से माघ मेले का पहला स्नान शुरू हो रहा है। श्रद्धालुओं के लिए लखनऊ से प्रयागराज के लिए 100 अतिरिक्त बसें लगाई गई है। ये बसें लखनऊ के आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग, अवध बस स्टेशन से चलेंगी।

श्रद्धालुओं की भीड़ होने पर निजी बस ऑपरेटर भी आरटीओ से अलग से परमिट लेकर प्रयागराज माघ मेला जा सकेंगे। प्रयागराज माघ मेला का पर्व पौने दो माह तक चलेगा। छह मुख्य स्नान के पर्व घोषित हैं जो15 जनवरी को मकर संक्रांति स्नान पर्व से शुरू होकर आठ मार्च महाशिवरात्रि के स्नान पर्व के साथ संपन्न होगा।

दो मुख्य स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए लखनऊ से 300 स्पेशल बसें चलेंगीं। दो मुख्य स्नान पर्व में 9 फरवरी को मौनी अमावस्या और 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर लखनऊ समेत प्रदेश के नौ शहरों से 1600 बसों का इंतजाम है। लखनऊ, कानपुर, देवीपाटन, चित्रकूट, प्रयागराज, अयोध्या, बनारस, आमजगढ़ और गोरखपुर से 1600 बसें चलाई जाएगी। 200 बसें रिजर्व रहेंगी। परिवहन निगम के अफसरों मुताबिक स्पेशल बसें सभी अड्डों से श्रद्धालुओं को मिलेंगी। हर बस अड्डे से प्रयागराज के लिए चौबीस घंटे बस मिलेगी।

# हर व्यक्ति स्वच्छता अभियान में दे अपनी सहभागिता : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज

▸ राज्य सरकार ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन ने मिलकर रविवार से 22 जनवरी तक चलने वाले स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के निराला नगर के बालकेश्वर हनुमान मंदिर से स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया। मौर्य ने सम्पूर्ण स्वच्छता का संदेश दिया और गोवंश को चारा भी खिलाया।

मौर्य ने कहा, ''हर ग्राम-अयोध्या धाम, हर मंदिर- श्री राम मंदिर के पवित्र भाव के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मौर्य ने हर व्यक्ति से इस स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 30 दिसंबर को अयोध्या में वहां के पुरातन वैभव और विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा था कि विकास और विरासत की साझा ताकत 21वीं सदी में भारत को सबसे आगे ले जाएगी। उन्होंने लोगों से 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन से स्वच्छता का एक बड़ा अभियान चलाया जाना चाहिए। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी जिसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत संत, धर्माचार्य और अन्य प्रमुख लोग भाग लेंगे। इस आयोजन के लिए देशभर में अभी से उत्सव की तैयारी चल रही है। भाजपा ने रविवार 14 जनवरी से मठ, मंदिरों, तीर्थ स्थलों से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। भाजपा की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने शनिवार को बताया था कि रविवार 14 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी लखनऊ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह अलीगढ़ महानगर में मठ, मंदिरों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान करेंगे।

### आउटसोर्स कर्मचारियों को जल्द मिलेगा रुका वेतन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने प्रदेश के समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग मंत्री असीम अरुण से भागीदारी भवन में मुलाकात कर विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करायास संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला के मुताबिक परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मंत्री से आउटसोर्स कर्मचरियों के चार महीने के रुके हुए वेतन का भुगतान, संविदा कर्मियों को चिकित्सा अवकाश की सुविधा तथा आश्रम पद्धति स्वच्छकार विद्यालय मुरादाबाद एवं आश्रम पद्धति विद्यालय चित्रकूट के सेवा से निकाले गए संविदा कर्मियों को पुनः सेवा में वापस लिए जाने के मुद्दे पर बातचीत की। मंत्री ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने तत्काल ही समाज कल्याण के संयुक्त निदेशक आरके सिंह से दूरभाष पर बात कर आउटसोर्स कर्मचरियों के वेतन भुगतान का प्रकरण शीघ्र हल करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग के संविदा कर्मियों को चिकित्सा अवकाश की सुविधा दिए जाने के संबंध में मंत्री ने निदेशक समाज कल्याण को शीघ्र ही कार्रवाई के निर्देश दिए।

# चौदह लाख रंग-बिरंगे दीपों से श्री राम की छवि उकेरकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

▸ अयोजन समिति के लोगों को वर्ल्ड रिकार्ड टीम ने दिया प्रमाण पत्र

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या में एक और विश्व रिकार्ड की साक्षी बनी। साकेत महाविद्यालय के ग्राउंड में 14 लाख रंग बिरंगे दीपों से भगवान श्री राम की छवि उकेरी गई। अयोजन समिति के लोगों को वर्ल्ड रिकार्ड टीम ने इसका प्रमाण पत्र दिया।

केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे के नेतृत्व में बिहार के सिद्धेश्वर बिहार से अयोध्या तक आविर्भाव एवं अभ्युदय रथ यात्रा के अयोध्या पहुंचने पर दीपकों से बनी आकृति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्र के भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे परिवेश को राममय कर दिया। विजय यादव के फरवाही नृत्य से अयोध्या की लोक कला का प्रर्दशन हुआ। कार्यक्रम के दौरान अयोध्या महोत्सव-2024 की पत्रिका पंखुड़ी का हुआ लोकार्पण किया गया। बिहार से आने वाली यात्रा के साथ उप्र के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, गोपाल जी सांसद, पवन यादव विधायक बिहार, हरि साहनी नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद, अयोध्या के संत भरत दास, लक्ष्मण किलाधीश्वर, वैदेही वल्लभ शरण मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने कहा 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत आया है।

हम सभी बड़े भाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म उस पीढ़ी में हुआ जो भगवान को दिव्य अलौलिक भवन में विराजते देख रहे हैं। मोदी की सरकार में अयोध्या अद्वितीय विकास हो रहा है। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को यहां आने के बाद आध्यत्मिकता के साथ विकास का एक सुखद अनुभव होगा।

अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या हर वर्ष दीपोत्सव में दीपों के जलने से एक विश्व रिकार्ड की साक्षी बनती है। परन्तु आज यहां 14 लाख रंग बिरंगे दीपों से भगवान की आकृति उकेरी गई है। जो विश्व रिकार्ड है। आज तक ऐसा कहीं नहीं हुआ। डबल इंजन की सरकार में वैश्विक स्तर पर अयोध्या को अपनी गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है। जन्मों के पुण्य फलीभूत हुए तो अयोध्या में जन्म हुआ तथा श्री राम को भव्य भवन में विराजते देख रहे हैं। इस अवसर पर महेश ओझा, नाहिद कैफ, विवेक पाण्डेय, अरूण द्विवेदी, विजय यादव, रिचा उपाध्याय सहित अयोध्या महोत्सव न्यास के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मेगा साइक्लोथॉन | राज्यपाल ने एनसीसी की मेगा साइक्लोथॉन टीम को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

# जीवन का लक्ष्य तय करें और चुनौतियों का करें सामना

▸ राज्यपाल ने 14 बालिका कैडेट्स का किया उत्साहवर्धन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन से उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय द्वारा अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित मेगा साइक्लोथॉन ''हम किसी से कम नहीं'' अभियान की 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स की टीम को लखनऊ से आगे की यात्रा हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले राज्यपाल द्वारा मेगा साइक्लोथॉन दल में शामिल कैडेट्स को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने कैडेट्स से संवाद स्थापित करते हुए यात्रा के दौरान उनके अनुभव, संघर्ष और चुनौतियां आदि के संबंध में जानकारी ली। उक्त कार्यक्रम में कैडेट सुश्री नंदिनी वर्मा व सुश्री अमीषा द्वारा अपने रोमांचक यात्रा का अनुभव भी साझा किया गया तथा टीम लीडर कर्नल अर्जुन सेन गुप्ता द्वारा उक्त अभियान के संदर्भ में आने वाली चुनौतियां, प्रशिक्षण, तैयारी तथा मिशन के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। राज्यपाल ने सभी बालिका कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र से ही इस प्रकार के प्रयास होने चाहिए। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को टूर व शैक्षणिक भ्रमण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि लड़कियां खुद को कमजोर ना समझें। राज्यपाल ने बालिकाओं को खान-पान की स्वस्थ आदतों को दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने एक शिक्षिका के रूप में गुजरात के अनुभव को साझा किया। उन्होंने गुजरात की तर्ज पर सभी राज्यों में 'स्टूडेंट पुलिस कैडेट' की व्यवस्था की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल ने एनसीसी को प्रदेश के विद्यालय गोद लेकर बच्चों में विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों को तैयार करने हेतु कहा। उन्होंने बच्चों को अपना कार्य स्वयं करने तथा विषम परिस्थितियों का सामना करने हेतु प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ घर के अन्य कार्य यथा रसोई आदि सीखने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन का लक्ष्य तय करें, चुनौतियों का सामना करें, हौसला रखें। उन्होंने कहा कि जीवन में सच को स्वीकारने तथा गलतियों का विरोध करने की आदत बनायें। उन्होंने सभी कैडेट्स को उनके अनुभवों को लिपिबद्ध करके कॉफी टेबल बुक बनाने हेतु प्रेरित किया। ज्ञातव्य है कि एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित मेगा साइक्लोथॉन के तहत 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स द्वारा गुवाहाटी से नई दिल्ली तक 2107 किलोमीटर की दूरी तय की जा रही है।

### जबरौली व परसपुर ठट्ठा गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**लखनऊ।** ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें रविवार को मोहनलालगंज के जबरौली व परसपुर ठठ्ठा गांवो में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के विधानसभा सेक्टर संयोजक शम्भू पांडे ने कही। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हंसराज ने कार्यक्रम में मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं।

# साइबर सेल की स्पेशल टीम सोशल मीडिया पर रखेगी खास नजर

▸ अभेध सुरक्षा के तहत चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गोण्डा पुलिस पुलिस-प्रशासन लगातार अलर्ट मोड पर है।जिले में हर गतिविधियों पर पुलिस की नजर बनी हुई है और प्रशासन विभागीय व्यवस्थाओं को सुधारने में लगा हुआ है।इसके साथ ही साइबर सेल की स्पेशल टीम सोशल मीडिया पर खास नजर रखेगी। ताकि किसी भी तरह से माहौल न बिगडे।दरअसल आने वाले दिनों में अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी होना है और फिर उसके चार दिन बाद गणतंत्र दिवस है.ऐसे में किसी भी आतंकी साजिश से निपटने के लिए संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी जा रही है।साथ ही पुलिस की कोशिश है कि कोई भी असामाजिक तत्व देश का माहौल खराब न कर पाए ऐसे में फेसबुक,ट्विटर, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर साइबर सेल की विशेष टीम सोशल मीडिया पर नजर रखेगी।

### आपत्तिजनक पोस्ट व ट्वीट पर विशेष नजर रखने के निर्देश

फिलहाल मौजूदा टीम को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद से संबंधित आपत्तिजनक पोस्ट या ट्वीट पर विशेष नजर रखें और इस संबंध में तुरंत ही अफसरों को सूचित करें बता दें कि जिले के एसपी ने सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर,सर्विलांस व सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया है।असामाजिक तत्व राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आपत्तिजनक ट्वीट और पोस्ट या मैसेज के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर साइबर सेल नजर रखेगी।अफसरों का कहना है टीम को अलर्ट कर दिया गया है।साथ ही संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे।फिलहाल मौजूदा टीम को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद से संबंधित आपत्तिजनक पोस्ट या ट्वीट पर विशेष नजर रखें और इस संबंध में तुरंत ही अफसरों को सूचित करें।बता दें कि जिले के एसपी ने सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर, सर्विलांस व सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया है।जिले में सोशल मीडिया पर लोगों की क्या सक्रियता है,किस तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं अब यह पुलिस की नजर में रहेगा।सक्रिय किए गए साइबर,सर्विलांस व सोशल मीडिया सेल ने सोशल मीडिया ग्रुपों की निगरानी बढ़ा दी है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की तो उसे जेल भेजा जाएगा।ग्रुपों पर टिप्पणी करने वालों पर तो कार्रवाई की ही जाएगी ग्रुप एडमिन पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है।टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। किसी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गोण्डा पुलिस की नजर खासतौर पर उन पोस्ट पर ज्यादा है, जो अयोध्या राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कर्यक्रमों को लेकर किए जा रहे हैं। पुलिस को शक है कि कुछ असामाजिक तत्व देश का माहौल खराब करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले सकते हैं।वही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कई वीआईपी लोग पहुंचेंगे इसके अलावा एक लाख से अधिक लोगों के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।ऐसे में गोण्डा,अयोध्या और आसपास के इलाकों में भी सुरक्षा व्यवस्था चुस्त कर दी गई है।साथ ही संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे।

# दबंगों ने किया आसरा आवास पर कब्जा बेदखली कराने में जिला प्रशासन फेल

▸ आवंटन करने में प्रशासन की रुचि नहीं

गोंडा, समृद्धि न्यूज़



दबंगों ने आसरा आवास पर अब तरीके से कर लिया है कब्जा वही आसरा योजना में अवैध कब्जे को हटान में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। कई बार नोटिस के बाद भी कब्जेदार आवास नहीं खाली कर रहे हैं।करीब पांच साल से वहां पर कब्जा है।मौके पर काबिज लोगों का कहना है कि नए मकान की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक घर नहीं मिल सका है।जिला मुख्यालय में सर्किट हाउस के निकट आसरा आवास योजना के तहत करीब 600 फ्लैट बनाए गए थे।इन आवासों के निर्माण के बाद से ही अवैध कब्जे होने लगे।

कई संगठनों व निजी लोगों पर कब्जा करके रहने का आरोप है।डूडा के अधिकारियों का कहना है कि करीब 500 से अधिक आवास पात्र व्यक्तियों को एलॉट किए गए हैं।जबकि बचे हुए आवासों के लिए नए आवेदन मांगे गए हैं।पात्रता के अनुसार आवेदन पत्रों की जांच के लिए विभागीय अधिकारियों को भेजा गया है।जांच के बाद नए लोगों को मकान एलॉट किया जाएगा।इनको कब्जेदारों से खाली करवाना भी चुनौती बनी हुई है।

जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस के बगल आसरा आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गया था। करीब 500 आवास आवंटित किए गए थे और बाकी तैयार पर दबंगों अपना कब्जा जमा लिया। और बाकी बचे आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन राजनेता व अफसरों के बीच रार होने के कारण इसके आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी।कई बार आवेदन मांगे गए जांच हुई लेकिन मामला ढाक के तीन पात निकला अंततः सात वर्ष बाद गरीबों को अपनी छत नहीं मिली है।लेकिन उनके आवंटन करने में जिला प्रशासन रुचि नहीं दिखा रही है।

### बेदखली बनी चुनौती

शासन की इस योजना का मूल उद्देश्य था कि गरीबों को पक्की छत मिले लेकिन इसका लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है बल्कि,जबरन दबंगई कर कुछ लोग आसरा आवास पर कब्जा जमा बैठे हैं। जिला प्रशासन के सामने अब उनकी बेदखली करना एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

### नोटिस देकर की जा रही खानापूर्ति

ऐसे में लोग अब मकानों पर जबरन कब्जा कर रहे हैं. अवैध कब्जा के बाद उनकी बेदखली करने में प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे,जिला मुख्यालय सर्किट हाउस के बगल बने 50 मकानो पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। प्रशासन ने उनको घर से बाहर निकलने के लिए नोटिस तो दे दिया लेकिन नोटिस देने के बाद भी लोग घर से बाहर नहीं निकल रहें।

### निजी मकान वालों ने कर लिया कब्जा

ऐसे लोग भी इस समस्या से जूझ रहे हैं जिनके पास खुद का मकान गाँव में है वह लोग अपनी दबंगई के बल पर आसरा आवास पर कब्जा जमाए हुए हैं। लेकिन जिला प्रशासन उसे खाली करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

# अतुल तिवारी को अध्यक्ष की कमान



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

गोंडा उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अंतर्गत विकासखंड मनकापुर के ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव ब्लॉक मुख्यालय पर चुनाव अधिकारी अमीर अहमद व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री शिवराम शुक्ला के देख रेख में संपन्न कराया गया 11:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई 12:00 बजे तक सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अतुल तिवारी आलोक मनी संगठन मंत्री रामपाल सिंह कोषाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी महामंत्री अशोक कुमार वर्मा संप्रेक्षक सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत राकेश श्रीवास्तव पूर्व जिला महामंत्री मनोज मिश्रा फौजदार पांडे अतुल चतुर्वेदी मुकेश सोनकर राघवेंद्र शुक्ला घनश्याम उपाध्याय इंद्रजीत कनौजिया बालकृष्ण पांडे दीपक मिश्रा सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक वंदी का पालन व बालश्रम रोकथाम के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप के अगुवाई में थाना एएचटीयू टीम एवम चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा जिला अस्पताल गेट से लेकर रानीबाजार स्टेशन रोड एवम बलरामपुर रोड तक साप्ताहिक बंदी का पालन एवम जागरूकता तथा बालश्रम जागरूकता सघन अभियान चलाया गया अभियान के दौरान दुकानदारों एवम आमजन लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उनको टीम द्वारा बताया गया कि नाबालिग बच्चो से काम न कराए।

इस अभियान के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्र, थाना ए0एच0टी0यू0 से उप निरीक्षक श्री रामकिशोर प्रसाद, मुख्य आरक्षी हरेंद्र प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधान व सचिव पर लाखों रुपये डकारने का आरोप

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

▸ डीएम से की जिलास्तरीय टीम गठित कर जांच करवाकर करवाई की मांग



एक तरफ जहाँ केंद्र और राज्य सरकार ग्राम पंचायतों में शहरों की तर्ज पर विकास कराने की योजनाएं बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सरकार की योजनाओं को ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत के चलते पलीता लगाया जा रहा है।

जनपद के इटियाथोक विकासखंड अन्तर्गत ग्राम सभा हरदैया भटपुरवा में हैंडपंप हैंडपंप रिबोर, इंटरलॉकिंग कार्य,पंचायत भवन सामग्री खरीद, व सामुदायिक शौचालय पर अतिरिक्त टाइल्स दिखाकर बिना कार्य कराए ही ग्राम पंचायत अधिकारी व प्रधान द्वारा मिलीभगत करके लाखों रुपया भुगतान करा लिए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में जिलास्तरीय टीम गठित कर जांच करवाकर करवाई की मांग की है। ग्राम हरदैया गांव के विश्वनाथ गौतम ने जिलाधिकारी गोंडा को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में गंगा तिवारी के घर के पास सुकई चौकीदार के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य के नाम पर 02 लाख 13 हजार 110 रुपये व 09 मार्च 2022 को 02 लाख 19 हजार 986 रुपये का भुगतान किया गया है,तथा एक ही साइड पर दो बार भुगतान कर लिया गया है।जिसकी गुणवत्ता एवं माप का मूल्यांकन तथा एस्टीमेट से अधिक भुगतान किया गया है।

वहीं साहेब सरन के घर से खिरकिहवा तक एवं रामजन्म के घर से निबरे तिवारी के घर तक खड़ंजा कार्य दिखाकर फर्जी तरीके से 10 हजार 69 रुपये आहरित कर लिया गया।गांव के सामुदायिक शौचालय पर अतिरिक्त टाइल्स दिखाकर कई किस्तों में लाखों रुपये आहरित कर लिए गए। प्रशासनिक मद के नाम पर 26 हजार 362 रुपये भुगतान किया गया। आरोप है ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर सरकारी धन का अनियमित तरीके से बंदरबांट किया गया। ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार में संलिप्त जिम्मेदारों के खिलाफ उच्चाधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी इंद्रावती वर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे इंटरलॉकिंग कार्य को तत्काल रुकवा दिया गया है और शिकायती पत्र मिलने पर जांच कराई जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### आईएमए की टीम ने वितरित किया गर्म कपड़े व कम्बल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर रविवार को जनपद में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से गरीब तबके के लोगों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरण किए। तराई में पड़ रही कड़ाके की ठण्ड से लोगों को बचाने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रेसिडेंट रीना केडिया के नेतृत्व में तमाम डॉक्टरों की टीम ने कीर्तनपुर एवं बैगनपुरवा पहुंचकर गरीब तबके के लोगों को गर्म कपड़े एवं कम्बल वितरण किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से गर्म कपड़े एवं साल और कंबल प्रकार ग्रामीण पुरुष एवं महिलाओं ने डॉक्टरों की टीम को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रेसिडेंट रीना केडिया एवं डॉक्टरों की टीम ने तकरीबन 800 लोगों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरित किया इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की पूरी टीम मौजूद रही।

### घटिया सामग्री से हो रहा कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण



**कटरा बाजार/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रदेश को भयमुक्त व भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए गांव-गांव संकल्प यात्रा का आयोजन कर रहे हैं तो वही जिम्मेदार उनकी मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। ताज़ा मामला विकासखंड कटरा बाजार का है जहाँ विकासक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कार्य कराया जाना था,लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते केंद्र का निर्माण कार्य मानक विहीन तरीके से कराया जा रहा है।कूड़ा घर निर्माण के लिए बिना नींव की खुदाई किये ही पीली ईंट का प्रयोग कर दीवाल की चुनाई की जा रही है। दीवाल चुनाइ के लिए मानक विहीन मसाले का भी प्रयोग किया जा रहा है।निर्माण के लिए बालू की खरीददारी ना करके बगल से ही बालू का अवैध खनन कर केंद्र का निर्माण कार्य हो रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से गांव में जो भी विकास कार्य किए जाते हैं सब मानक विहीन ही होते हैं। इस संबंध में एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव ने बताया की मौके की जांच की जाएगी,निर्माण अधोमानक मिला तो कार्यवाही की जाएगी।

### समान कार्य का समान वेतन दिलाए सरकार : प्रदेश अध्यक्ष

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** होमगार्ड संघ के प्रदेश अध्यक्ष रविवार को लखनऊ से बहराइच कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर जिले के होमगार्ड जवानों ने उनका स्वागत किया इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार पुराने कानून को खत्म कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को माने, सामान्य कार्य का समान वेतन दे।श्रावस्ती में होमगार्ड संगठन की ओर से प्रतिवर्ष 14 जनवरी को खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में रविवार को शामिल होने के लिए संघ के प्रदेश अध्यक्ष बहराइच जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार द्विवेदी का जिले के होमगार्ड संघ के जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर और जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव ने स्वागत किया। होमगार्ड संघ ने प्रदेश अध्यक्ष से सुप्रीम कोर्ट के आदेश को सरकार से वार्ता कर लागू करवाने की मांग की। इस पर उपस्थित होमगार्ड जवानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार वर्ष 1947 से 62 के मध्य बनाए गए एक्ट के तहत जवानों से ड्यूटी करवा रहा है। उन्होंने कहा कि काले कानून द्वारा गठित एक्ट को हटाया जाए सुप्रीम कोर्ट के आदेश को सरकार माने और होमगार्ड जवानों को समान कार्य का समान वेतन दिलाए।

# रामलला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाएंगी रंजीता, मिला निमन्त्रण

▸ आरएसएस अवध प्रांत संपर्क प्रमुख ने सौंपा निमंत्रण पत्र

▸ महिलाओं व पुरुषों की टोली ने घर-घर पहुँचाया पूजित अक्षत



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले में निमंत्रण आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत संपर्क प्रमुख वरिष्ठ प्रचारक गंगा सिंह ने सामाजिक चेतना एवं समरसता के लिए काम करने वाली नगर निवासिनी रंजीता वाल्मीकि एडवोकेट को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया है। वे 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगी। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में रविवार को पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान राम भक्तों ने घर-घर पहुंचकर अयोध्या में पूजित अक्षत सौंपकर 22 जनवरी को घरों व मंदिरों को रोशन कर उत्सव मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर आरएसएस के विभाग प्रचारक डॉ.अवधेश, संपर्क प्रमुख धर्मेंद्र, विभाग सेवा प्रमुख रणंजय सिंह, राष्ट्रीय सेवा का समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता मौजूद रहे।

### नगर में छूटे हुए परिवारों में वितरण हुआ अक्षत

नगर के सभी 26 बस्तियों में आज अंतिम दिन छूटे हुए सभी परिवारों में अक्षत वितरण का कार्य किया जा रहा है जिसमें संघ के सभी अनुसांगिक संगठन सहभागिता कर रहे हैं नगर की आजाद बस्ती में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक धनंजय ने सह नगर कार्यवाह रामसकल एवं टोली के साथ किया अक्षत वितरण दूसरी ओर न्याय पंचायत डीहा के परसौरा ग्राम पंचायत में जिला सेवा प्रमुख रमेश, खंड संघ चालक धनंजय, खंड कार्यवाह धर्मेंद्र,हेमा निगम, राम किशुन, मनीष, राकेश वर्मा, पंकज मिश्रा, ध्यानवर्धन समेत सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति तथा स्वयंसेवक बंधुओं ने पूजित अक्षत भेंट किया।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया विशेष सफाई अभियान का शुभारम्भ



अयोध्या में प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा सम्बन्धी आयोजन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगरों एवं ग्रामों तथा सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर 14 से 21 जनवरी 2024 तक विशेष सफाई अभियान संचालित किया जायेगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अन्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के पटल सहायकों व अन्य द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई अभियान संचालित कर जिले में विशेष सफाई अभियान का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के सभी 1041 ग्राम पंचायतों में 14 से 21 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विशेष सफाई अभियान के लिए ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि विशेष सफाई अभियान को सफल बनाये जाने में सहयोग प्रदान करें।

# अब गंडारा में चलेंगी डिजिटल बोर्ड से कक्षायें

▸ शिक्षक यहां से ले सकेंगे डिजिटल कक्षाएं



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कैसरगंज से दस किलोमीटर दूर स्थित गंडारा कस्बे में भी अब डिजिटल इंडिया का प्रवेश हो गया है। युवा लेखक शेखर श्रीवास्तव के घर पर डिजिटल बोर्ड का शुभारंभ हुआ है। यह इस क्षेत्र के लिए एक नया प्रयोग है।

मोदी सरकार के डिजिटलीकृत भारत के अभियान की ओर कैसरगंज भी आगे बढ़ रहा है। अब शिक्षक यहां से डिजिटल कक्षाएं ले सकेंगे। इस बोर्ड का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व वन दरोगा राय बहादुर श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार पटेल इंटर कॉलेज के निदेशक पवन सिंह व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मदनी इंटर कॉलेज कैसरगंज के प्रधानाचार्य अरशद रईस उपस्थित थे। केशवसर पर विवेक श्रीवास्तव, शिवनाथ शिखर, योगेश मिश्रा, परमेश वर्मा, अजय, आस्था, मधु, जितेंद्र, अनमोल, सुयश, अभय, पार्थ, करुणाकर, अतुल, उमेश, नवनीत, सौरभ, पीयूष, शादाब, पारितोष, अंकित आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### डीएम के हाथों सम्मानित हुईं वीर नारियां व विशिष्ट पदक विजेता सैनिक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** 8वें आर्म फोर्स वेटरंस डे के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पांच-पांच वीरता व विशिष्ट पदक विजेता सैनिकों तथा शहीद सैनिकों के परिजनों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र, मेडल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि भारतीय सेना का स्वर्णिम इतिहास है। हमारे वीर सपूतों की कहानी सात समन्दर पार भी लोगों की ज़ुबान पर है। डीएम ने कहा कि जब भी देश पर कोई कठिन समय आया है तो भारतीय सेना ने अदम्य साहस व वीरता का परिचय देते हुए देश का गौरव बढ़ाया है। मोनिका रानी ने कहा कि भारतीय सेना देश की सीमा की रक्षा के साथ-साथ किसी भी आपदा के समय देशवासियों के जान-व-माल की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के बीच मैं अपने को पाकर गौरान्वित महसूस कर रही हूॅं। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनके स्तर से हर संभव प्रयास किया जायेगा।

# तेंदुए ने भाई-बहन पर किया हमला, सीएचसी में चल रहा इलाज

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ नल पर पानी भरने के दौरान किया हमला



जिले में घर के सामने नल पर पानी भर रहे भाई बहन पर झाड़ियों में छिपे बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। बच्चों की चीज पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़े तब तेंदुआ मौके से खिसका, किसी तरह बच्चों की जान बच सकी, घटना से पारिवारीजन व गांव के लोग दहशत में है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य के मुर्तिहा रेंज अंतर्गत गिरधारीपुरवा सेमरी घटही गांव निवासी अंजली पुत्री मुरली उम्र 8 वर्ष व अर्जुन पुत्र मुरली उम्र 7 वर्ष बीती शाम अपने घर कर सामने लगे नल पर पानी भरने के लिए गये थे तभी नल के पास पहले से ही घात लगाए बैठे तेंदुए झपट्टा मारकर घायल कर दिया।भाई-बहन की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने ग्रामीणो की मदद से हांका लगाते हुए किसी तरह तेंदुए को भगाया और वन कर्मियों को सूचना दी, मौके पर पहुंचे वन दारोगा गणेश शंकर शुक्ल ने वाचरो की टीम के साथ तेन्दुए के हमले की पुष्टि की है। एम्बुलेंस की सहायता से जख्मी भाई बहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुँचाकर भर्ती कराया गया है। वन क्षेत्राधिकारी मुर्तिहा रत्नेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वनकर्मियों की टीम मौके पर भेजी गयी थी लोगो को एलर्ट किया गया है। गांव में जगह जगह गोष्ठी का आयोजन कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# चेतावनी के बाद भी पटरी पर लगाई दुकान, दो पर केस

▸ 10 लोगों के सामान नगर पालिका ने कब्जे में लिया, हंगामा



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद बहराइच परिक्षेत्र के शहर में रविवार को रोक के बाद भी कुछ लोगों ने सड़क की पटरी पर दुकान लगा दी। जिस पर नगर पालिका की ईओ ने दो लोगों पर केस दर्ज करवा दिया और 10 लोगों का सामान जब्त कर लिया। इसको लेकर काफी हंगामा हुआ।शहर के घंटाघर से लेकर रोडवेज बस अड्डे तक सड़क की पटरियों पर लोग दुकान लगा देते हैं। इसको लेकर नगर पालिका परिषद बहराइच की ओर से बीते एक माह से चेतावनी दी जा रही है। साथ ही प्रति रविवार को जांच कर लोगों को दुकान न लगाने की हिदायत दी जा रही है। इसके बाद भी रविवार को सड़क की पटरियों पर लोगों ने दुकान लगा लिया। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची।उन्होंने लोगों से वार्ता कर दुकान लगाने का कारण पूछा तो कुछ लोग भड़क गए। तू तू मैं मैं होने लगी। इस पर नगर पालिका टीम ने कड़ा रुख अख्तियार किया। ईओ ने बताया कि दो दुकानों पर पर केस दर्ज कराया गया है। जबकि 10 दुकान का सामान का जब्त कर लिया गया है। साथ ही लोगों को हिदायत दी गई है।

# वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी का निधन

▸ रक्षा मंत्री और उप मुख्यमंत्री ने जताया शोक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के गुथिया निवासी 94 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी व आरएसएस के विभाग संचालक रहे पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता लल्लन बाबू सिंह एडवोकेट का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन पर जन प्रतिनिधियों के साथ अन्य ने शोक जताया है।कैसरगंज तहसील के ग्राम गुथिया निवासी लोकतंत्र सेनानी लल्लन बाबू सिंह (94) को रविवार सुबह अचानक ब्रेन हेमरेज हुआ। जिसके चलते उनका निधन हो गया। स्वर्गीय सिंह वर्तमान में कैसरगंज नगर पंचायत में परिवार के साथ रहते थे। वह जीवन पर्यन्त समाजसेवा व आरएसएस के लिए काम करते रहे। वह बार एसोसिएशन कैसरगंज के एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन भी रहे। उनके ज्येष्ठ पुत्र अशोक कुमार सिंह अधिवक्ता है तथा छोटे बेटे विद्युत नियामक आयोग मे अधिकारी है। लोकतंत्र सेनानी के निधन पर रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमन्त्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्या, क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, सांसद बृजभूषण शरण सिंह, सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गौड, पूर्व कैबिनेट मन्त्री मुकुट बिहारी वर्मा, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक सुरेश्वर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# भीषण शीतलहर से बचने के लिए चेयरमैन ने ज़रूरतमंदों को वितरित किए कम्बल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ प्रत्येक वार्ड से 15 से 20 जरूरतमंदों को चिन्हित करके वितरण किया कम्बल : चेयरमैन



नगर पंचायत रुपईडीहा में भीषण शीतलहर से बचने के लिए जरूरतमंदों को चेयरमैन डॉ उमा शंकर वैश्य द्वारा कम्बल वितरित किया गया। रविवार को नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए राहत प्रदान करने के लिए नगर पंचायत के अध्यक्ष ने कंबल वितरण किया। डॉ उमाशंकर वैश्य ने बताया कि भीषण ठंड पड़ रही है जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं रैनबसेरे में ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ नगर के जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड से 15 से 20 जरूरतमंदों को चिन्हित किया गया है तथा उन्हें नगर पंचायत के सभागार में सामूहिक रूप से कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभासद गुड्डू मद्धेशिया, मनोज प्रजापति, अशोक यादव, देशराज वर्मा, ज़ाकिर, ध्रुवराज वर्मा, रजा इमाम रिजवी भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रतन अग्रवाल, व्यापार मंडल के महामंत्री संजय वर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कंपकपाती सर्दी में कम्बल पाकर पाने वालों के चेहरे खिल उठे।

# तीन अभियुक्तों पर मिल एरिया पुलिस ने की कार्रवाई

## चोरी की घटना में चल रहे वांछित और स्मैकिया भेजे गए जेल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




दीपेंद्र कुमार। अपराध तभी समाप्त किया जा सकता है जब अपराधियों के अंदर पुलिस प्रशासन का खौफ हो, सूबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ ने जब से उत्तर प्रदेश की कमान संभाली है प्रदेश अपराध मुक्त की ओर बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को भय मुक्त और विकसित प्रदेश बनाना चाहती है, महंत योगी आदित्यनाथ के द्वारा कई पटलों पर उनके द्वारा कहा जा चुका है कि अपराधी या तो अपराध छोड़ दे या उत्तर प्रदेश छोड़ दे। उनके इस कथन के बाद और अपराध पर ताबड़तोड़ किए गए फैसलों की वजह से प्रदेश से अपराध का आंकड़ा कम हुआ है। जब उच्च पदों पर बैठे अधिकारी अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन करेंगे, तो देश हो या प्रदेश उन्नत की ओर बढ़ेगा क्षेत्राधिकार अमित सिंह के नेतृत्व में उनके सर्किल क्षेत्र में अपराध कम हो रहा है। क ुछ दिन पहले क्षेत्र में चोरी की एक घटना हुई थी जिसमें दो अभियुक्त वांछित चल रहे थे जिन्हें आज उन्हें पकड़ लिया गया जब दोनों बाइक से जा रहे थे और मिल एरिया पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। मिल एरिया पुलिस लगातार अपने नेटवर्क के जरिए अपराधियों के पीछे लगी हुई है। और ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने का काम कर रही है।

### स्मैक एक ऐसा नशा जो पीढ़ियां तक बर्बाद कर देती है

नशे के सौदागरों के ऊपर भी मिल एरिया पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है जहरीली शराब और अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर भी लगातार कार्रवाई देखने को मिल रही है। कुछ ऐसे क्षेत्र जहां पर नशे का कारोबार फल फूल रहा था सूचना पर ऐसे सौदागरों को पकड़ के उन्हें भी कानून का पाठ पढ़ाया जा रहा है और सही रास्ते पर लाने के प्रेरित किया जा रहा है।

### क्या कहा सदर क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने...

मिल एरिया पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस चेकिंग के दौरान उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति उनकी पकड़ में आ गए जब उनका अपराधिक इतिहास खंगाला गया तो दोनों चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे थे त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया वहीं एक व्यक्ति और पुलिस की हत्थे चढ़ गया जो इस स्मैक के काले कारोबार में लिप्त था उसे भी न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# जिलाधिकारी ने डलमऊ के गंगा घाटों का किया निरीक्षण



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

मकर संक्रांति के पर्व एवम अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने डलमऊ के गंगा घाटों का निरीक्षण किया और मंदिरों व घाटों पर उचित साफ सफाई के दिशा निर्देश दिए, निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल,उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा, तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, नायब तहसीलदार शिवम राठौर नगर पंचायत की ईओ आरती श्रीवास्तव समेत सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सबके हैं राम....



महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। विकास खंड की ग्राम सभा राघवपुर में भगवान राघवजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुन्दरकाण्ड समिति के नेतृत्व समिति के सभी सम्मानित सदस्यों ने सर्व समाज के लोगों को अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत व पत्रक घर घर जाकर वितरण किया। आगे सुन्दर काण्ड समिति के सदस्यों ने बताया की भगवान राघवजी के नगरी से आये पूजित अक्षतों को राघवपुर के लोगों में वितरण हो रहा यहां के निवासियों के लिए गौरव की बात है।आगे कहा कि 22 जनवरी के पूर्व सभी लोग अपने गांव में स्थित मंदिरों में साफ सफाई कराये और प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना के दिन आप लोग अपने अपने घरों में कम से कम 11 दीपक मिट्टी के जलाकर भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा में भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही यथा संभव सुविधानुसार पकवान बनाकर घरो में प्रसाद रूप में ग्रहण करें और वितरण करें भगवान राम की नगरी अयोध्या से आये अक्षत वितरण कार्यक्रम में सुन्दर काण्ड समिति अध्यक्ष अतुल दुबेदी, अनुज अवस्थी, सुधीर शुक्ला, प्रसून शुक्ला, शिवकिशोर विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा,छोटू मिश्रा,सुशील चौरसिया,गोपाल तिवारी, हरिओम अवस्थी सहित छोटे छोटे बच्चों ने भी इस तरह की ठंड मे अपनी अहम भूमिका निभाई।

### निकाली गई शोभायात्रा



महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश यात्रा अभियान के अंतर्गत दिनांक 14 जनवरी 2024 को अमावा में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ भाजपा जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने का स्वागत कर किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पुष्पेंद्र सिंह दिनेश सिंह मंडल कोषाध्यक्ष मंजेश सिंह मंत्री भाजपा राजू सोनी कार्यक्रम संयोजक दिलीप सिंह यात्रा झारखंडेश्वर मंदिर से अमावा बाजार घूमते हुए लगभग 10 किलोमीटर पदयात्रा करते हुए एवं अक्षत का भी वितरण किया गया इस धार्मिक पदयात्रा में लगभग लाखों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### सिलेण्डर में लगी आग से धमाका, अधेड़ झुलसा, दीवार ढ्ही

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव में बीतीरात गैस सिलेंडर में लगी आग से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन परिजन उसे लेकर सीएचसी आये जहाँ गम्भीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव समसापुर भूड़ निवासी रामकुमार 50 वर्ष शनिवार को रात साढ़े नौ बजे चाय बनाकर गैस बन्द करना भूल गया जिससे गैस रिसाव होता रहा और गैस कमरे में भर गयी। बीड़ी जलाने के लिए माचिस जलाई तो गैस के कारण कमरे में आग लग गयी। जिससे वह झुलस गया। गैस से हुए धमाके से कमरे की दीवार भी गिर गयी। परिजनों ने उसे सीएच सी में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने गम्भीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पाइप लाइन लीकेज के चलते गरीब का आशियाना ढ्हा

मौदहा, समृद्धि न्यूज। पिछले एक सप्ताह से हो रही पाइप लाइन लीकेज के ठीक नहीं करने का खामियाजा गृहस्वामी को भुगतना पड़ा। पक्के मकान में जलभराव से गरीब का आशियाना ढह गया। जल संस्थान के अवर अभियंता ने पाइप लाइन खुदाई के बाद ही सही जानकारी देने की बात कही है। कस्बे के मोहल्ला रागौल में जल निगम ने वर्षों पूर्व पाइप लाइन डाली थी। बाद में इसे जल संस्थान के हैंड ओवर कर दी गई। इसी पाइप लाइन में लीकेज के चलते रागौल निवासी फहीम पुत्र अब्दुल जलील का पक्का मकान ढह गया। जिसमें लगभग एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़ित फहीम ने बताया कि लगभग एक सप्ताह से पाइप लाइन लीकेज थी। जिसको लेकर उसने जल संस्थान में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन जल संस्थान के कर्मचारियों ने लीकेज पाइप लाइन सही नहीं की। जिसके चलते उसका पक्का मकान ढह गया। अब इस भीषण सर्दी में उसके सिर से छत छिन गई है। इस संबंध में जल संस्थान के अवर अभियंता विशलेंद्र नाथ ने बताया कि पाइप लाइन जल संस्थान की है। लेकिन वह मकान जर्जर था, सोमवार को खुदाई कराने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है कि पाइप लाइन लीकेज से घर को नुकसान हुआ है या नहीं, बाकी मकान जर्जर हालत में भी था।

### चारागाह के लिए कराई जमीन की नाप

मौदहा, समृद्धि न्यूज। गौ सेवकों की मांग पर गौशाला की गायों के लिए हरा चारा उगाने के उद्देश्य से एसडीएम ने सरकारी भूमि अधिग्रहण करने वालों को चिंहित कर जमीन की नापजोख कराने के साथ ही अतिक्रमण कारियों से जल्द जमीन खाली करने का आदेश दिया है। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय के निकट बने नगरपालिका के गौशाला के आसपास सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कारियों ने कब्जा कर लिया है जिसको लेकर गौ सेवकों ने गौशाला की गायों के खाने के लिए हरा चारा उत्पन्न करने की मांग की थी जिसका संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने लेखपाल सहित राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर जाकर जमीन की नापजोख कराई और अतिक्रमण कारियों से जल्द जमीन खाली करने का आदेश दिया है।उक्त मामले में अवधेश पालीवाल,शिवकरण गुप्ता,संतोष गुप्ता, राहुल द्विवेदी,नीरज अनुरागी सहित अन्य गौ सेवकों ने मांग की है।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से मिला लालगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

▸ भाजपा की योगी सरकार जनहित के मुद्दों पर विशेष ध्यान देती है : दिनेश सिंह

लालगंज रायबरेली

व्यापारियों के हित में सदैव सक्रिय रहने वाले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के साथ यूपी सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से मिलकर लालगंज मंडी समिति में बनने वाली दुकानों के बाबत एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि चबूतरे पर दुकानें बनने से करीब आधा सैकड़ा छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चली जाएगी और वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। विवेक शर्मा ने कृषि उद्यान मंत्री दिनेश सिंह से कहा कि चबूतरे पर नई दुकाने न बनवाकर मंडी समिति में खाली पड़ी अन्य जगहों पर दुकानों का निर्माण कराया जाए जिससे छोटे दुकानदारों की भी रोजी-रोटी चलती रहे। स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश सिंह ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि भाजपा की योगी सरकार जनहित के मुद्दों पर विशेष ध्यान देती है। अगर कोई व्यापारियों की समस्या है तो उस पर विचार कर ही निर्णय लिया जाएगा। मृत्युंजय ने बताया कि मंत्री से मिलने के पश्चात सफाई अभियान आज से चालू हो रहा था उस कार्यक्रम में भी व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने अपनी हिस्सेदारी प्रकट की और मंत्री के साथ सफाई अभियान से जुड़े।

# अनुराधा पोड़वाल ने बिखेरा अपने स्वर का जादू

▸ शिव वंदना से मंत्र मुग्ध हुए दर्शक, तालियों से गूंज उठा पंडाल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जिले के जीआईसी मैदान में चल रहे रायबरेली महोत्सव के तीसरे और आखिरी दिन की शाम प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पोडवाल के नाम रहीं। अनुराधा पौड़वाल ने भी दर्शकों को निराश नहीं किया और अपने भजनों से खूब ताली बटोरी।

महोत्सव के मंच पर पहुँचते ही अनुराधा पोडवाल ने भारी भीड़ देखकर उत्साहित होते हुए लोगों को याद दिलाया कि अयोध्या में भगवान् राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।उससे पहले पूरा देश राम मय है। इस दौरान मंच पर राम भजन शुरू करने से पहले अनुराधा पोडवाल ने गायत्री मंत्र और शिव वंदना की तान छेड़ी तो दर्शक भाव विभोर हो गए। बाद में उन्होंने अपने ही गाये जा चुके चिर परिचित भजनों को लाइव सुनाया तो पूरा पंडाल तालियों से गूँज उठा।

### रायबरेली महोत्सव का हुआ समापन

अनुराधा पोडवाल के भजनों के बाद तीन दिन से चल रहे रायबरेली महोत्सव का समापन भी हो गया। हम बता दें कि सीएम योगी के निर्देश पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के प्रयासों से रायबरेली में पहली बार रायबरेली महोत्सव की शुरुआत हुई है। भजन गायिका अनुराधा पौडवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा की हर्ष का विषय है कि इतने बड़े स्तर पर रायबरेली महोत्सव का आयोजन हुआ और यहां पर लोगों का उत्साह देखकर मन प्रफुल्लित हो गया

### एक भव्य आयोजन की मिसाल बने दिनेश

22 तारीख को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है ऐसे में लोगों ने काफी उत्साह बढ़ाया है और यहां के लोगों को भक्ति में डूबते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। भाजपा नेता अपर्णा यादव ने भी रायबरेली महोत्सव के आयोजन की भव्यता को देखते हुए दिनेश प्रताप सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि यह आयोजन सरकार की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए था और जिसको माननीय मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने बखूबी अंजाम दिया है। मैं उन्हें इतने भव्य आयोजन की बधाई देती हूं।

# पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



मकर संक्रांति के अवसर पर कस्बे के भवानीगढ़ चौराहे पर स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ द्वारा पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह (मुन्ना भैया) की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ जिसमें नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर जैनेंद्र त्रिपाठी की सात सदस्यीय टीम ने 85 लोगों का पंजीकरण किया जिसमें 45 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया गौरतलब हो की रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर रायबरेली कांग्रेस के जिला सचिव दिनेश यादव के सौजन्य से कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय शिवगढ़ में पूर्व ब्लाक का अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शिवगढ़ दिग्विजय सिंह (मुन्ना भैया )क ी स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शिवगढ़ क्षेत्र के 85 मरीजों का पंजीकरण किया गया शिविर में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर जैनेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अपनी 7 सदस्यीय टीम के साथ शिविर में पहुंचे मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर 45 नेत्र रोगियो को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया चिन्हित मरीजों में से 10 नेत्र रोगियों को रविवार को ही इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ की टीम द्वारा बस से ले जाया गया है शेष 35 नेत्र रोगियों को आगामी 6 फरवरी को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए ले जाया जाएगा वही कार्यक्रम के आयोजक जिला सचिव कांग्रेस कमेटी दिनेश यादव ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दिग्विजय सिंह (मुन्ना भैया) की स्मृति में नि: शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 85 नेत्र रोगियों का पंजीकरण हुआ जिसमें 45 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया चिन्हित लोगों में से 10 लोगों को रविवार को ही चिकित्सकों की टीम लेकर लखनऊ गई है शेष 35 मरीजों को आगामी 6 फरवरी को ले जाया जाएगा।

इस मौके पर शिवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

# गौरव मिश्रा की अगुवाई में कंबल का हुआ वितरण



शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड से जिले के गरीब, असहाय एवं निर्धन लोगों को बचाव के लिए जिले की लोकप्रिय सांसद सोनिया गांधी द्वारा जनपद वासियों के लिए भेजे गए कंबल का वितरण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव मिश्र की अगुवाई में शिवगढ़ क्षेत्र के लाही बॉर्डर चौराहे पर किया गया अपनी लोकप्रिय सांसद के द्वारा भेजे गए कंबल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे उन्होंने अपनी सांसद का आभार जताया गौरतलब हो की रविवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव मिश्रा की अगुवाई में रायबरेली जिले की लोकप्रिय सांसद सोनिया गांधी द्वारा गरीब, असहाय एवं निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए भेजे गए कंबल का क्षेत्र के 150 लोगों में कंबल का वितरण किया गया ह्यह्य

# वह परेशानियों को झेल रहे हैं तभी हम सुखमय जीवन जी रहे हैं

▸ शहीद सैनिकों के वीर नारियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कलेक्टर हर्षिता माथुर ने वेटरंस डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के तत्वाधान में शहीद सैनिकों के वीर नारियों को जिलाधिकारी ने अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को भी सुना।इस अवसर पर 1971 भारत पाक युद्ध में शहीद बलवान सिंह की वीर धुन्ना देवी, 1965 भारत-पाक युद्ध सिपाही शिव सिंह की वीर नारी सिया राजी, 1971 भारत-पाक युद्ध सिपाही रवि नारायण सिंह की वीरनारी सोनवती देवी, 1991 ऑपरेशन रक्षक लांस नायक रामेश्वर सिंह की वीर नारी उर्मिला देवी, 1999 ऑपरेशन कारगिल विजय राजेंद्र कुमार की वीरनारी ललिता देवी, ऑपरेशन फाल्कन सूबेदार लालता सिंह की वीर नारी विनीता सिंह, 1971 पायनियर महावीर यादव की वीर नारि धन राजा, 1984 सिपाही राम बहोर सिंह की वीर नारी राज दुलारी, 1974 मिशन इन डिस्पैच हवलदार शंभू नाथ सिंह, 2001 की इस ऑपरेशन नायक सुरेंद्र बहादुर सिंह की वीर नारी कृष्णावती, 1990 आइस ऑपरेशन हवलदार रणधीर सिंह की वीर नारी ज्ञानवती, हवलदार एसके सिंह की वीर नारी मुन्नी देवी, सवार लाखन सिंह की वीर नारी कृष्णा कुमारी को सम्मानित किया गया।

# जिलाधिकारी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ




रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारियों के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं स्वयं, स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी को करने दूंगा। सबसे पहले स्वयं से, मेरे परिवार से, मोहल्ले से मेरे गांव से और मेरे कार्य स्थल से शुरूवात करूंगा। मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। स्वच्छता की तरफ बढाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। मैं जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा÷। इस मौके पर एडीएम पूजा मिश्रा सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे

### सीडीओ के नेतृत्व में चलाया गया सफाई अभियान



22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में रायबरेली के विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के नेतृत्व में सफाई अभियान चला, जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह कृषि रक्षा अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह समेत कई अधिकारियों व कर्मचारियों ने विकास भवन में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की यह अभियान 21 जनवरी तक चलेगा।

### अशरफाबाद के ग्रामीणों ने दिया स्वच्छता का संदेश



महराजगंज। अशर्फाबाद के ग्रामीणों ने दिया स्वच्छता का संदेश अशर्फाबाद के ग्रामीणों ने हाथों में थमा झाड़ू और दिया स्वच्छता का संदेश ।ग्रामीण सुरेंद्र सिंह रत्नेश सिंह अंकेश सिंह दिग्विजय सिंह मेजर सिंह आदि लोगों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया कि आप सभी झाड़ू लगाकर अपने आसपास साफ सफाई करते रहिए जिससे कि आने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

# दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

डलमऊ रायबरेली

रविवार को सुबह शौच के लिए निकली महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने डरा धमका कर जबरदस्ती करते हुए आबरू लूट ली महिला किसी तरह रोती बिलखती घर पहुंची और इसकी जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुड़ गई है

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला ने गांव के ही एज युवक पर डरा धमका कर जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है महिला ने कोतवाली डलमऊ में दिए तहरीन में बताया कि रविवार की सुबह करीब 7:00 बजे वह रेलवे लाइन पारकर खेतों में सौंच क्रिया के लिए गई हुई थी तभी वहां गांव का एक युवक आया और मुझे गोद में उठाकर पास के खेत में बने छप्पर में ले गया और उसे डरा धमका कर जबरदस्ती दुष्कर्म कर डाला और कहा कि किसी को बताया तो तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार दूंगा महिला किसी तरह जान बचाकर घर पहुंची और आप बीती परिजनों को बताई पर जनों ने घटना की सूचना डायल 112 पर की जानकारी मिलने पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

### क्या कहा क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण नौहवार ने

क्षेत्राधिकारी डलमऊ ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित से पूछताछ की है। और संबंधित थानेदार को जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

# विद्युत करेन्ट की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

▸ मोटर चलाकर पानी भरने के दौरान हुआ हादसा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

सफीपुर कस्बा के गढ़ा मोहल्ले में रविवार को करेंट की चपेट में आने से देवरानी और जेठानी की दर्दनाक मौत हो गयी। बर्तन साफ करते समय टुल्लू पम्प के टूटे तार में उतरे करेंट की चपेट में आयी जेठानी को बचाने गयी देवरानी भी करेंट से झुलस गई। खेत से लौटे पति ने आपूर्ति बंद कर ग्रामीणों की मदद से दोनो को सीएचसी ले गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर विधायक बम्बालाल दिवाकर सहित प्रशासनिक अमला अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कस्बा के गढ़ा मोहल्ले में रामशंकर गौतम का परिवार रहता है। वर्ष 2012 में रामशंकर की मौत के बाद पत्नी सावित्री, चार बेटे, दो बेटी और दो बहुओं का भरा पूरा परिवार एक साथ रह रहा था। एक सप्ताह पूर्व मझला बेटा गोविंद माँ सावित्री बहन रोशनी, मोना और ढाई साल की भतीजी प्रज्ञा को लेकर ननिहाल देवरखेड़ा बांगरमऊ गया था। घर में बड़े बेटे संतोष उसकी 28 वर्षीय पत्नी नीलम व छोटे भाई गोविंद की पत्नी प्रियांशी (24) अपने दो मासूम बच्चो के साथ थी। रविवार सुबह संतोष जानवरो के लिए खेत से चारा लेने गया था। जबकि दोनो छोटे भाई विवेक और अरुण कोचिंग पढ़ने चले गए। इधर देवरानी और जेठानी ने अपने चार माह की बेटी और सात माह के बेटे को चारपाई पर लिटाकर दैनिक कार्य मे लग गई। बताते है कि जेठानी टुल्लू पम्प चलाकर वर्तन साफ कर रही थी इसी दौरान टुल्लू पम्प का केबिल टूट कर पानी की बाल्टी में जा गिरा। जिससे वह करेंट की चपेट में आकर तड़पने लगी यह देख देवरानी उसे बचाने गयी तो वह भी करेंट की चपेट में आ गयी। घटना से अनजान संतोष खेत से चारा लेकर वापस लौटा तो बंद दरवाजे को खुलवाने का प्रयास किया। अनहोनी की आशंका पर उसने पड़ोस से सीढ़ी लगाकर छत पर पहुंचा तो आंगन का नजारा देख अवाक रह गया। दोनो अचेत अवस्था मे होने और समीप ही टूटा तार पड़ा देख माजरा समझ गया और पोल से गयी आपूर्ति को बंद कर ग्रामीणों की मदद से सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर एसडीएम प्रज्ञा पांडेय सहित विधायक बम्बालाल दिवाकर, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी, हरिशरण लाला परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारत विकास परिषद का खिचड़ी भोज सम्पन्न

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

भारत विकास परिषद के ब्रह्मावर्त प्रांत की मोटेश्वर महादेव शाखा द्वारा आज सफीपुर केबाबू भगवती चरण वर्मा पार्क के समीप सामूहिक खिचड़ी वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जहां राहगीरों, व्यापारियों समेत सभी वर्गों के लोगों ने आपसी सदभाव के साथ मिलकर खिचड़ी खाई। जिसमें प्रमुख रूप से इकाई अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता किरण ने अपने विशेष प्रयासों से कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया, श्री गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है हम सभी लोगों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बाढ़ चढकर अपनी सहभागिता दर्ज करानी चाहिए ताकि सामाजिक समरसता मजबूत हो।कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता शहर कोषाध्यक्ष गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इसी क्रम में उन्नाव हरदोई मार्ग जटपुरवा मोड़ पर दक्षिण मुख हनुमान मंदिर पर समाजसेवी अशोक बाजपेई ने सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जिसमें क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर व सफीपुर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई (राजा बेटा) पहुंच कर मंदिर में पूजन कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन किया गया।

## गठबंधन पर भारी उपलब्धियां

एक तरह से आगामी लोकसभा के लिए राजनैतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ28 विपक्षी दलों का गठबंधन तो दूसरी तरफ तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की तैयारी में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने आगामी चुनाव को लेकर गोटिया जमाने शुरू कर दी है। दो बार प्रधानमंत्री के रूप में जिन उपलब्धियों को देश ने हासिल किया है उसके सामने विपक्षी दलों का गठबंधन फेल नजर आता है। 22 जनवरी को मर्यादा पुरूषोत्तम रामलला की प्रतिष्ठा के बाद हिन्दुत्व की लहर भाजपा के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं साबित होगी। उधर नीतिश की कुमार की विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को नकाराने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया गया है। ऐसे में इतना तो तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन और उपलब्धियों के बीच मुकाबला होना है। विपक्षी गठबंधन महंगाई, बेरोजगारी जैसे कई अन्य मुद्दे को लेकर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है। दूसरी तरफभाजपा ने अपनी उपलब्धियों का पिटारा खोल दिया है। आगामी बजट भी भाजपा के लिए कारगर साबित होगा। आगामी बजट को लेकर केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को खास जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनैतिक विशेषज्ञ कहते हैं कि भाजपा 2024 में 2019 से कम से 40 सीटें अधिक आने वाली हैं। इसके पीछे आधार के नाम पर पहला कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सशक्त छवि को बताते हैं। दूसरा बड़ा कारण भाजपा का बहुसंख्यक हितों को ध्यान में रख कर सांस्कृतिक, धार्मिक प्रयास जारी है। भगवान राम की 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होगी। यूएई के अबू धाबी में मंदिर के उद्घाटन में प्रधानमंत्री जाएंगे। जबकि विपक्ष राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने और न जाने को लेकर भ्रमित है। तीसरा बड़ा कारण प्रधानमंत्री किसी को भूखा नहीं सोने दे रहे हैं। अब 2029 तक देश के 81.78 करोड़ गरीबों को पांच किलो अनाज मिलने का लक्ष्य रखा जा रहा है। एक्सप्रेस हाईवे पर लोगों की गाड़ियां दौड़ रही हैं। देश का चहुमुंखी विकास हो रहा है। देश के कोने-कोने में आम जनता खुद कह रही है कि देश की दुनिया में साख बढ़ी है।यही नही पिछले कुछ अरसे से चीन जैसे कई देशें की मीडिया में मोदी के नेतृत्व की खासी चर्चा ने मोदी सरकार को मजबूती दिलाई है। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी धड़े इंडिया गठबंधन ने अपना अध्यक्ष चुन लिया है। इंडिया ग्रुप की वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर सहमति बनी है। ऐसे में अब यह तय हो गया है कि इंडिया ब्लॉक की कमान अब दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ में होगी। विपक्षी धड़े की बैठक में सीटों के बंटवारे से पहले अध्यक्ष के नाम पर सहमति बन गई। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की चर्चा थी। हालांकि, नीतीश कुमार ने संयोजन का पद लेने से इनकार कर दिया। नीतीश ने कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है। विपक्षी दलों के नेताओं ने डिजिटल माध्यम से बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक में नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल(यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाने का भी फैसला किया, लेकिन अंतिम फैसला उन पार्टियों से परामर्श करने के बाद लिया जाएगा।

**पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये संभव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर है। उन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रांति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुंदर वन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान और ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है।**

# सारे तीरथ बार-बार, गंगासागर एक बार

रमेश सर्राफ धमोरा



**मकर संक्रांति 15 जनवरी पर विशेष**

**भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं।**

गंगासागर में मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष विशाल मेला आयोजित होता है। इस दौरान दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु यहां स्नान के लिए पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है।

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं, उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है।

मेले में आए लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भगीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति से 15 दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनियाभर से पंहुचे तीर्थयात्री, और साधु-संत संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रांति के पर यहां सूर्य पूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु के कहने पर कपिल मुनि के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होंने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरूप कपिल मुनि का जन्म हुआ। उन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इसके बाद यज्ञ के अश्वों को छोड़ा गया।

परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते हैं। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हें अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुए अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्ष बाद राजा सगर के पौत्र राजा भगीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भगीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगाजल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भगीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रांति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है।

पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये संभव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर है। उन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रांति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुंदर वन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान और ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है।

यहां दलदल, जलमार्ग, छोटी नदियां और नहरें भी हैं। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगा जी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिए एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गई थी। मंदिर की मूर्ति अब कोलकाता में है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा-अर्चना के लिए मिलती है।

**विचार**

# अब शेख हसीना करें बांग्लादेश के हिन्दुओं का कर्ज अदा

**बांग्लादेश में 10 प्रतिशत आबादी वाले हिन्दुओं के वोट एकमुश्त अवामी लीग को गए। इनमें कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां हिन्दू वोटर 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्होंने खुलेआम हसीना के पक्ष में मतदान किया। अब शेख हसीना को भी सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले कट्टरपंथी हमले थम जाएं और वे उनके देश में सम्मान के साथ रहें। पहले देखने में आया है कि देश में अवामी पार्टी की नेता शेख हसीना के आम चुनाव में विजय के बाद हिन्दुओं पर प्रतिशोध में हमले होने लगे थे। राजशाही, जेसोर, दीनाजपुर वगैरह में हिन्दुओं पर भीषण हमले हुए। उन्हें मारा गया और उनकी संपत्ति को हानि पहुंचाई गई।**

पड़ोसी देश बांग्लादेश में उम्मीद के मुताबिक, मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को विजय हासिल हुई है। शेख हसीना ने फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। पिछली 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी। शेख हसीना 1996 से 2001 तक प्रधानमंत्री थीं। इसके बाद 2009 में फिर प्रधानमंत्री बनीं। तब से अब तक वे लगातार सत्ता पर काबिज हैं।

बांग्लादेश में 10 प्रतिशत आबादी वाले हिन्दुओं के वोट एकमुश्त अवामी लीग को गए। इनमें कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां हिन्दू वोटर 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्होंने खुलेआम हसीना के पक्ष में मतदान किया। अब शेख हसीना को भी सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले कट्टरपंथी हमले थम जाएं और वे उनके देश में सम्मान के साथ रहें। पहले देखने में आया है कि देश में अवामी पार्टी की नेता शेख हसीना के आम चुनाव में विजय के बाद हिन्दुओं पर प्रतिशोध में हमले होने लगे थे। राजशाही, जेसोर, दीनाजपुर वगैरह में हिन्दुओं पर भीषण हमले हुए। उन्हें मारा गया और उनकी संपत्ति को हानि पहुंचाई गई। शेख हसीना को अब अपने देश के हिन्दुओं को जिहादी कसाइओं का आसान ग्रास बनाने से बचाना होगा। अफसोस कि वहां पर हिन्दू बुरी तरह से पीड़ित है। मन्दिरों व हिन्दू घरों को खुलेआम तोड़ा व जलाया जाता है। भारत सरकार भी इस बात को सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश की धरती पर हो रहे जिहादियों के नंगे नाच को रोका जाए और जो लोग वहां से पलायन को मजबूर हैं, उन्हें सीमा पर ही सीमा सुरक्षा बल के शिविरों में सुरक्षा व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्मो-सितम रुकते ही नहीं हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर अब वहां हिन्दुओं की कुल आबादी मात्र 8 फीसदी है। बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलर नेताओं तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारने पर इजराइल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? भारत में कुछ लोग अक्सर यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान और भारत के राजनेता अपने स्वार्थ के लिए ही दोनों देशों के बीच खटास पैदा करते रहते हैं, जबकि दोनों देशों के आम लोग अमन चाहते हैं, एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं।

ऐसे लोग अपने पाकिस्तान के मित्रों से यह क्यों नहीं पूछते कि पाकिस्तान में हिन्दू एक प्रतिशत से भी कम क्यों रह गए हैं? यदि पाकिस्तान के मुस्लिम अपने यहां के हिन्दुओं से मोहब्बत करते तो वे लुट-पीटकर भारत नहीं आते? पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी कम होने की सबसे बड़ी वजह है जबरिया मतान्तरण। हिन्दुओं को जबरदस्ती इस्लाम कबूलवाया जाता है। इस पर भारतीय सेकुलर कभी कुछ क्यों नहीं बोलते हैं? पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ घटने वाली नृशंस घटनाएं क्या उनकी संवेदनाएं कभी झकझोर पाएंगी? या वे पूर्णतः संवेदनहीन हो चुके हैं? तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास ÷लज्जा÷ में कुछ इसी तरह की जानकारी दी थी, जिसका वहां के मुस्लिम कट्टरपंथियों ने भारी विरोध भी किया था।

उस विरोध के कारण ही तस्लीमा नसरीन को पहले बांग्लादेश और फिर भारत के पश्चिम बंगाल राज्य को छोड़ना पड़ा था। कुछ समय पहले खबरें आ रही थीं कि बांग्लादेश के नोआखाली में हिन्दू आबादी कठमुल्लों के निशाने पर थी। यह वही नोआखाली थी जहां पर 1946 में महात्मा गांधी ने जाकर हिन्दुओं के कत्लेआम को रोकने की कोशिश की थी। नोआखाली देश की आजादी के बाद पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बना और पाकिस्तान के दो फाड़ होने के बाद बांग्लादेश का अंग बना। यह सुदूर पूर्वी बंगाल में है। वहां पर धार्मिक उन्मादियों की भीड़ ने इस्कॉन मंदिर में भी तोड़फोड़ की थी। हमलावरों ने मंदिर में मौजूद भक्तों के साथ भी जमकर मारपीट की थी। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि गांधी जी को कांग्रेस के नेता डॉ. विधान चंद्र राय ने 18 अक्टूबर 1946 को बताया था कि नोआखाली के हालात लगातार बिड़गते जा रहे हैं।

हिन्दुओं का नरसंहार हो रहा है और उनकी महिलाओं के साथ घृणित कर्म किया जा रहा है। मोहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता में भड़की हिंसा और कत्लेआम का भयंकर असर नोआखाली में भी हुआ था। गांधी जी ने स्थिति की गंभीरता को समझा और उन्होंने 19 अक्टूबर,1946 को नोआखली जाने का फैसला किया।

गांधी जी 6 नवंबर 1946 को नोआखली के लिए रवाना हुए और अगले दिन वहां पहुंच गए। उनके साथ उनके निजी सचिव प्यारे लाल नैयर, डॉ. राम मनोहर लोहिया, उनकी अनन्य सहयोगी आभा और मनु बेन वगैरह भी थे। बापू 9 नवंबर को नंगे पैर नोआखली के दौरे पर निकले। उन्होंने अगले सात हफ्तों में 116 मील की दूरी तय की और 47 गांवों का दौरा किया। गांधी जी ने चार महीने मुस्लिम लीग की सरकार की तमाम अड़चनों के बाद भी गांव- गांव पैदल घूम कर पीड़ित हिन्दुओं के आंसू पोंछने और हौसला दिलाने का काम किया।

## शीर्ष हिंदू प्रमुखों ने कहा- राम मंदिर का उद्घाटन राजनीति प्रेरित

अरुण श्रीवास्तव

आरएसएस और भाजपा के नेताओं की 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की योजना पर हिंदुओं में सनातन विचारधारा को मानने वालों तथा भाजपा की राजनीतिक लाइन पर चलने वाले भक्तों के बीच मतभेद पैदा हो गया है। आरएसएस और विशेष रूप से इसके प्रमुख मोहन भागवत, हिंदुत्व को राज्य के आधिकारिक धर्म के रूप में स्थापित करने के मिशन को पूरा करने के प्रयास में, चार शंकराचार्यों के अधिकार पर सवाल उठाने और उन्हें कमजोर करने की हद तक चले गये हैं, जबकि वे सनातन धर्म और हिंदू धर्म के प्रतीक हैं। उनसे ऊपर कोई नहीं है और वे हिंदू धार्मिक नैतिकता और परंपराओं के अनुसार हिंदू धर्म की भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारी हैं।

चार हिंदू धर्म गुरु प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रियात्मक गलतियों को इंगित करने के कारण आरएसएस और भाजपा के निशाने पर आ गये हैं, जो मूलरूप से चरित्र और सामग्री में हिंदू धर्मविरोधी हैं। जाहिर तौर पर हिंदू धर्म गुरु होने के नाते उन्हें आरएसएस और भाजपा द्वारा किये जा रहे हिंदू विरोधी कार्यो से बचना मुश्किल हो रहा है। शंकराचार्यों ने अभिषेक की तारीख को आगे बढ़ाकर अप्रैल में मनाई जाने वाली रामनवमी करने का सुझाव दिया था, लेकिन आरएसएस और भाजपा नेता उनकी धार्मिक सलाह सुनने को तैयार नहीं हैं। शीर्ष संत राम मंदिर के निर्माण से बहुत खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि 22 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन तथा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने की योजना पूरी तरह से राजनीतिक है और इसे चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करने की योजना है। धर्म गुरु खुले तौर पर आरएसएस और भाजपा की इस रणनीति की निंदा करते हैं और महसूस करते हैं कि इससे हिंदू धर्म या हिंदुओं को कोई मदद नहीं मिलेगी। चूंकि यह प्राण प्रतिष्ठा हिंदू धर्म की भावना और नैतिकता का उल्लंघन है, इसलिए उन्होंने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। चूंकि धर्म गुरुओं के रुख में हिंदू धर्म का दोहन करने के उनके मंसूबों को ध्वस्त करने की क्षमता है, इसलिए हिंदुत्व के नायक अपनी इंद्रियां खो बैठे हैं।

आरएसएस नेता और भागवत के शिष्य चंपत राय, जो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव भी हैं, ने यह कहकर शंकराचार्यों की स्थिति और प्राधिकारों का अपमान किया है यह राम मंदिर है, रामानंद परंपरा का पालन किया जायेगा। यह मंदिर रामानंद संप्रदाय का है, न कि संन्यासियों का, न शैव या शाक्त का। आरएसएस और भाजपा नेताओं द्वारा धर्म गुरुओं के प्रति अड़ियल रुख अपनाने के कारण उन्होंने भी हिंदू अस्तित्व के लिए संघर्ष शुरू कर दिया है। वे अभिषेक का बहिष्कार करेंगे। धर्म गुरु इस हास्यास्पद और तिरस्कार पूर्ण बयान से बेहद आहत हैं और उनका मानना है कि इसे आरएसएस और भाजपा के शीर्ष नेताओं का मौन समर्थन प्राप्त है। शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती, ने राय की टिप्पणियों की आलोचना की, और उन्हें सत्ता की स्थिति में रहते हुए अपना कद कम नहीं करने की सलाह दी। सरस्वती ने आरोप लगाया कि इसे राजनीतिक तमाशा बनाया जा रहा है।

उन्होंने आयोजन की भव्यता पर असंतोष व्यक्त किया, इसके लिए आगामी आम चुनावों को जिम्मेदार ठहराया और तीर्थस्थलों को पर्यटक आकर्षण में बदलने के प्रति आगाह किया। केवल निश्चलानंद ही नहीं, तीन अन्य शंकराचार्यों ने भी कार्यक्रम में राजनीतिक रंग होने के कारण भाग लेने से इनकार कर दिया है। मोदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुरी के संत ने कहा कि, मंदिर में रामलला की मूर्ति की स्थापना शास्त्रीय विधि के अनुसार की जानी चाहिए। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हो रहे अभिषेक की योजना राहुल की यात्रा और जाति जनगणना के इर्द-गिर्द विपक्ष की कहानी का मुकाबला करने की है। विपक्ष के साथ भाजपा से मुकाबला करने के लिए मंडल का सहारा लेते हुए, संघ हिंदू समाज में असमान जातियों की कहानी बनाने के लिए आक्रामक रूप से कमंडल को आगे बढ़ा रहा है। सबसे गरीब परिवारों के 10 लोगों को लाने के आरएसएस के कदम से यह स्पष्ट है कि यह पूरी तरह से एक राजनीतिक कदम है।



## राशिफल

**मेष :-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन :-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन हवआ युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# शीर्ष सफलता के लिए संकल्प, श्रम व कठोर परिश्रम आवश्यक

संजीव ठाकुर



**जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है।**

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे स निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं, संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए।

मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है।

जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस, मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है । इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं, दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुंदेलखंड के कई जिलों से आकर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने झारखंड में लगाई डुबकी गौरतलब हो किआज प्रातः से ही सैकड़ो ट्रेक्टर एवम कार तथा दोपहिया वाहन के द्वारा मुनि विश्वामित्र की तपोस्थली में नदी में स्नान किये एवम तिल दान किये उल्लेखनीय हो कि यह लोहड़ी पर्व सूर्य मकर राशि मे प्रवेश करते है उजाला बढ़ जाता है मान्यता है कि लोगो के जीवन में भी उजाला बढ़ जाता है ऐसे में हर श्रद्धालू बहते हुए जल में स्नान कर तिल दान कर घुलला खाकर अपने को स्वास्थ्य समझता है घर घर एक दिन पहले मगोड़ी भजिया का नाश्ता एक दूसरे की कराया जाता है झारखंड में प्राचीन मान्यता है कि मुनि विश्वामित्र ने यहाँ वर्षो तपस्या की एवम प्राचीन मंदिर में नदी स्नान करके पूजा अर्चना करते थे किदवंती है चाहे जितना नदी की धार टूट जाये या फिर सूखा जैसे



हालात रहते हो मगर बीच नदी मेंबनी गुरु विश्वामित्र की प्रतिमा पर पानी नही हटता यही प्राचीन मान्यताएं लोगो को एवम श्रद्धालुओ को अपनी ओर आकर्षित करती है अब तो ग्राम पंचायत के द्वारा उस स्थान पर मेले का आयोजन भी किया जाता है जिससे दर्जनों गांव के लोग मेले में शामिल होते हैं

खास बात यह होती है इस1प्राचीन मंदिर में इस दिन भजन लमटेरे आदि का गायन भी महिलाओं एवम पुरुषों द्वारा किया जाता है मेले में स्थानीय पुलिस के द्वारा बढ़िया इंतजाम एवम पुलिस ड्यूटी भी दी जाती है एवम सारी व्यवस्था पर नजर रखती है

उल्लेखनीय हो कि मुनि विध्वमित्र की तपोभूमि में हर वर्ष बुड़की पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की प्रातः बुड़की लगाते हैं।

## मकर संक्रांति मेला का भव्य शुभारंभ



**बेलाताल (महोबा)।** ग्राम पंचायत की ओर से लगने वाला ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेले मे मुख्य अतिथि सीमा पटनाहा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सीमा पटनाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक छसाल की नगरी जैतपुर है जहां मुझे आज इस भव्य मकर संक्रांति मेला में रहने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है जिसके लिए मैं सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूं इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करने का वादा किया तथा सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी अपने गांव को स्वच्छ बनाएं और सुंदर बनाएं साथ ही देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मैं इस सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में शासकीय अधिवक्ता के रूप में हूं जो भी सेवा मुझसे बन पड़े मैं क्षेत्र वासियों की करने के लिए तैयार हूं। रघुनाथ धाम मन्दिर के प्रबन्धक महन्त श्यामसुंदर अरजरिया ने बताया कि ग्राम जैतपुर में सन 1931 में यह मेला पंडित हरप्रसाद अरजरिया व चौधरी स्वामीप्रसाद अग्रवाल के द्वारा ब्रिटिश शासन काल के तत्कालीन गवर्नर से उद्घाटन कर लगवाया गया था। उसी समय से मकर संक्रांति का मेला श्री रघुनाथ मंदिर सहन भूमि पर लग रहा है । ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार द्वारा श्री रघुनाथ धाम मंदिर में विधवक पूजा अर्चन कर भव्य मेले की शुरुआत की गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि 15 दिवसीय मेले में दूर दराज से आने वाले दुकानदारों की समुचित व्यवस्था ले गई है मेले में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है। मेला अध्यक्ष कामता कुशवाहा ने बताया मेले में करीब एक दर्जन सीसी टीवी कैमरे लगाए गए है । साफ-सफाई व लाइट आदि की समुचित व्यवस्था की गई । लोगो के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए। इस मौके पर डा0 सतीश सिंह राजपूत , सुभाष राजपूत मनीष व्यास रणविजय राजपूत प्रधान बछेछर कला, अभिषेक रावत प्रधान मंगरौल कलाँ ,अरविन्द नायक, चरन सिंह यादव ,जगत सिंह , अरुण मिश्रा समाजसेवी मौला वक्स, रहीम बक्स ,हरी सिंह राजपूत देवेंद्रअरज़रिया ,रामबाबू,अखिलेश आदि मौजूद रहे।

## होटल, ढाबों, धर्मशाला व शराब ठेकों की हुई सघन चेकिंग

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन भानु भास्कर व अजय कुमार सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के निर्देशन में जोन/परिक्षेत्र के जनपदों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को अक्षुंण बनाये रखने हेतु होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, शराब ठेकों और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता निर्देशन में जिले के सभी सीओ के नेतृत्व में थानास्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में अभियान चलाया गया। जिसके तहत विभिन्न होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, शराब के ठेके एवं अन्य संवदेनशील स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा अनावश्यक घूमते एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी । पुलिस कर्मियों ने होटल ढाबा संचालको को जरूरी निर्देश दिए।

# बद्री बाबा में दिखा राम की भक्ति का अनोखा अंदाज

▸ जटाओं से रामरथ खींच अयोध्या पहुंचने का लिया संकल्प



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा जनपद में एक राम भक्त द्वारा राम की भक्ति का अनोखा अंदाज देखने को मिला है। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के दमोह जिला से एक रामभक्त ने अपने जटाओं से रामरथ को खींचकर अयोध्या ले जाने का संकल्प लिया है ।महोबा मुख्यालय के लोगों ने इस भक्ति का अनोखा अंदाज देख रामभक्त बद्री बाबा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें विदा किया है।

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में दूर-दूर से भक्तों का ताता लगना शुरू हो गया है। उसी दिव्य प्राण प्रतिष्ठा में पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के दमोह जिला के बद्री बाबा ने अपनी जटाओं से रामरथ बांधकर खींच कर ले जाते हुए,महोबा से गुजरने पर मुख्यालय के राम भक्तों ने रामभक्त बद्री बाबा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया है।

बद्री बाबा ने बताया की अपने गांव बटियागढ़ से अयोध्या तक 576 किलोमीटर का अपनी जटाओं से रामरथ को खींचकर ले जाने का संकल्प लिया है जिसमें बताया कि गुरु जी श्री श्री 108 देवलिया जी की प्रेरणा व राम जी की कृपा से यह सफर पूरा कर पाने में सफलता मिलेगी। दमोह से छतरपुर जिला होते हुए महोबा तक 210 किलोमीटर अपनी जटाओं से पैदल रामरथ खींचने का सफर पूरा कर लिया है।

# खबरें एक नजर में

## कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन ने वितरण किए कंबल



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति के अवसर पर कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन ने रविवार को अमन शहीद स्थित सी. ए. रमशा के ऑफिस के बाहर कैम्प लगाकर लगभग 200 कम्बल वितरण किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर क्षेत्राधिकारी राजेश कमल एवं कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी ने गरीब असहाय व्यक्तियों को कम्बल वितरित कर किया। इस दौरान रितेश कंचन (जिएम रिमझिम), सफ्फन अहमद, सचिन गुप्ता, सैय्यद उमर, मो. तौसीफ़ एडवोकेट, कुलदीप अहिरवार, आकिब सिद्दीकी, सोहैल सिद्दीकी, आक़िफ़ सिद्दीकी, शारुख खान, ओमकार निषाद आदि लोग मौजूद रहें।

## सपा नेता सर्वेश जोशी ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सपा नेता एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के शहर महामंत्री सर्वेश जोशी ने मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन बजरिया छैराहा पर किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला सहकारी कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव अंकुर, विशिष्ट अतिथि सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान सपा जिला महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, सर्वेश शाक्य, अनवार हुसैन, व्यापार मंडल जिला महामंत्री आकाशदीप जैन, शहर अध्यक्ष रजत जैन, सुशांत वर्मा, नफीसुल हसन, फरहान शकील, अभिषेक यादव, उमेश राजपूत, बंटी जोशी आदि मौजद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा कमरुद्दीन शाह का उर्स

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की ईदगाह में हजरत कमरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह का 15 उर्स चादरपोशी एवं लंगर के साथ संपन्न हुआ। रविवार को कस्बे की ईदगाह में हजरत कमरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह का 15 उर्स धूमधाम के साथ मनाया गया। चादरपोशी के बाद फातिहा पढ़कर देश दुनिया में अमन चैन की दुआ की गई। इसके बाद लंगर के रूप में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर हजरत रहमत खान वारसी, हजरत बशीर अहमद निजामी, हजरत जुल्फिकार खान, अजीज,जमीलुद्दीन, शादाब, वकार खान,तुफैल अहमद, हाफिज जाहिद मरकाजी, हाफिज सलामत, हाफिज हबीबुल्लाह,नूर मोहम्मद, अब्दुल वहीद, मौलाना मिस्बा साहब,चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश शिवहरे,सगीर खान,इसरार अहमद,रशीद अहमद शानू सहित आदि सैकड़ो अकीदतमंद मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों ने कब्बलियों में झूमते नजर आए।

## ठिठुरने को मजबूर रहे यात्री घंटों देर से आई ट्रेने

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार की शाम एवं रात को गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियां चित्रकूट एक्सप्रेस सहित सभी गाड़ियां साढ़े पांच घंटे से लेकर तीन घंटे की देरी से आने के कारण यात्रियों को प्लेटफार्म में ठिठुरते हुए समय काटने को मजबूर होना पड़ा। नगर पंचायत के अलाव ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ। शनिवार को रात 9 बजकर 20 मिनट पर जबलपुर के लिए जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 2ः34 बजे यहां पर आई 5 मिनट रुकने के बाद यह आगे के लिए रवाना हुई। इसी तरह शाम को मानिकपुर से कानपुर जाने वाली मैमो ट्रेन सवा घंटे की देरी से यहां आई और आधा घंटा से ज्यादा समय तक प्लेटफार्म में खड़ी रही इसके बाद इसको कानपुर के लिए रवाना किया गया। इस तरह चित्रकूट इंटरसिटी, कानपुर खजुराहो पैसेंजर घंटों देरी से आने के कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ा। दैनिक यात्री राकेश कुमार, बबलू वर्मा, राजकुमार, दिनेश कुमार, महेश गुप्ता आदि ने बताया कि ठंड कोहरे के कारण ट्रेनों के इंतजार में घंटों स्टेशन पर ठिठुरने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्टेशन के बाहर नगर पंचायत का अलाव? जल रहा था लेकिन इस अलाव में ई रिक्शा चालकों का कब्जा था इस वजह से यात्री ठिठुरने को मजबूर रहे।

## विधायक ने कुंडेश्वर मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जगे हैं जगाएंगे भारत स्वच्छ बनाएंगे का नारा देते हुए सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कुंडेश्वर मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया।

उन्होंने आगे कहा कि जब से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है स्वच्छता के क्षेत्र में हर तरफ क्रांति आई है रेल विभाग जहां गंदगी का अंबार रहता था आज पूरे देश के रेलवे स्टेशन साफ सुथरे नजर आते हैं इसी प्रकार सरकार ने हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार का भी सफाया किया है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख बाडपुरा गणेश राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता देव प्रताप भदोरिया किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे पूर्व सभासद राजेश प्रजापति व्यापारी नेता ओम रतन कश्यप चंदन पोरवाल आदि उपस्थित रहे।

# जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद में प्रशांत चौबे व अन्नू गुप्ता, कृपा नारायण मनोनीत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी के निर्देश में पूरे प्रदेश के हर जिले में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन किया गया है।

इटावा की जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद में भाजपा जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, महामंत्री प्रशांत राव चौबे और कृपा नारायण तिवारी को मनोनीत किया गया है। मनोनीत सदस्यों ने कहा कि जनपद में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं है।



इसके विकास का प्रयास किया जाएगा ताकि जनपद के नाम पर्यटन के क्षेत्र में स्थापित हो सके। इनके मनोनीत होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के अन्य नेताओं और शुभ चिंतकों ने बधाई दी।

# थानों-चौकियों पर चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान

▸ थानों, पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालयों में की जा रही साफ-सफाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त दिशा निर्देश के क्रम में 14 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान आगामी उत्तर प्रदेश दिवस श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत ÷भव्यता एवं स्वच्छता हेतु चलाया जाएगा। विशेष स्वच्छता अभियान के



शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा स्वयं सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। निर्देशित किया गया कि हमें सफाई रखने की नियमित आदत डालनी है, न सिर्फ अपने घर और कार्यस्थल को साफ रखना है, वरन आसपास भी इस व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी जनपदवासियों से अपील की गयी कि स्वच्छता के इस महाअभियान में एक साथ मिलकर अपने गांव व कस्बे में अधिक संख्या में शामिल होकर सहभागी बने। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थानों, पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा वृहद स्तर पर श्रमदान करते हुए थाना, शाखा व पुलिस लाईन की साफ-सफाई की गई। सफाई अभियान में जनपद के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया व अपने-अपने नियुक्ति थाना, चौकी, कार्यालयों, आवासीय बैरकों, मेस, शौचालय इत्यादि की वृहद स्तर पर साफ-सफाई की गयी तथा वहां लगे कूलर, पंखों, कम्प्यूटर इत्यादि की साफ सफाई कर परिसर के आस-पास कचरों को हटाकर उनका निपटान कराया गया।

# सेवा में सबके भले की कामना होती है : महात्मा डॉ. सुरेश सिंह

▸ संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल भक्ति पर्व समागम का आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

संत निरंकारी मंडल शाखा की ओर से संत निरंकारी सत्संग भवन कुछेछा में विशाल भक्ति पर्व संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें बांदा से पधारे क्षेत्रीय संचालक पूज्य महात्मा डा.सुरेश सिंह ने भक्ति पर्व संत समागम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर महात्मा जी ने सतगुरु प्रवचन में समझाया कि सेवा में सबके भले की कामना होती है। उसमें केवल अपने जानकारों के भले की बात नहीं होती बल्कि मानवता



की सेवा का भी भाव होता सेवा का भाव तो सबको एक समान रूप में देखना और सब में इस निरंकार परमात्मा को देखकर सेवा करना ही होता है। सेवा अपने पराए के भाव से न होकर केवल मानवता की सेवा ही सेवा होती है। महात्मा जी ने आये हुए हजारों प्रभु भक्तों को समझाया कि केवल शब्दों से की जाने वाली कोई सेवा नहीं होती। किसी की मदद करना कोई सेवा नहीं होती मदद तो अपेक्षा अनुसार की जाती है कि इसके बदले भविष्य में वह भी मदद करेगा। मदद में सेवा का भाव नहीं होता जबकि सेवा में कोई खुदगर्जी नहीं होती। किसी भी भय के कारण सेवा नहीं की जाती बल्कि दिल से, भक्ति भाव से जुड़कर ही सेवा की जाती है। जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज संसार को यह संदेश दे रहे हैं कि जहां रूहानियत है, वही इंसानियत है। प्रेम, शांति और एकता को पाने के लिए प्रभु से जुड़ना होगा और प्रभु की प्रभुता स्वीकार करने से ही मानव मन ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार से रहित होता है।

आध्यात्मिक सुधार को पाने के लिए सतगुरु ने सुमिरन और सेवा के साथ-साथ सत्संग रूपी आईना भी हमें बख्शा है जो नित्य प्रति हमें अपने आप में सुधार करते रहने की प्रेरणा देता है। समागम कार्यक्रम में सुमेरपुर, मौदहा, राठ, बिवांर, ककरऊ व कुरारा आदि स्थानों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित हुए। समागम में आए हुए भक्तों ने सत्संग प्रवचन सुनने के बाद गुरु का पवित्र लंगर प्रसाद ग्रहण किया।



## एसएसपी ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में आज अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गयी। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा द्वारा आज सुबह अपने आवास से इस वृहद स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन इटावा में साफ-सफाई की गयी। पुलिस कार्यालयों में सफाई को बेहतर करने के लिए एसएसपी द्वारा स्वयं सफाई की गयी तथा कहा गया कि हमें सफाई रखने की नियमित आदत डालनी है, न सिर्फ अपने घर और कार्यस्थल को साफ रखना है, वरन आसपास भी इस व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इस दौरान एसएसपी द्वारा सभी जनपदवासियों से अपील की गयी कि स्वच्छता के इस महाअभियान में एक साथ मिलकर अपने गांव व कस्बे में अधिक संख्या में शामिल होकर सहभागी बने और अपने शहर/कस्बे तथा गांव को कचरा से मुक्ति दिलाने के लिए श्रमदान करें । इसके साथ ही फॉगिंग आदि का कार्य भी कराया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त थाना प्रभारी/ थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत सफाई अभियान चलाया गया।

## सीएम के आदेश पर चला सफाई अभियान

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री के आदेश पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मठ मंदिरों व अस्पताल के साफ सफाई का अभियान जोर-शोर से शुरू हुआ। इस सफाई अभियान की अगुवाई भाजपा नेताओं ने खुद संभाल रखी है। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के निर्देश पर भाजपाइयों ने कस्बे के वार्ड संख्या 15 के भाजपा किसान मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष राखी शिवहरे, सुनीता शिवहरे, उषा गुप्ता, रीतू सिंह, पुनीत गुप्ता, विवेक द्विवेदी ने मौजूद रहकर का शिव मंदिर में साफ सफाई की। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा नेता रोहित शिवहरे, राजेश सहारा, संतराम गुप्ता, अशोक सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पुष्पेंद्र, डॉ परवेज कादरी, डॉ बिंदेश, शिव गोपाल पाल, विश्वनाथ, पप्पू, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# बच्चे के राम मंदिर ने मोहा मन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

**अमित नामदेव।** एक मजदूर के बेटे ने दो माह की कड़ी मेहनत के अयोध्या में निर्माणाधीन राममंदिर की तरह दफ्ती से राम मंदिर का माडल तैयार किया है। जिसके ऊपर पताका भी लहरा रही है। राम मंदिर के रूप में तैयार किए गए इस माडल को मजदूर का बेटा आगामी 22 जनवरी को विधिवत पूजन पाठ के बाद अपने घर में स्थापित कर राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाएगा।



हमीरपुर के रमेड़ी मुहल्ला निवासी विष्णु शर्मा पेशे से मजदूरी करता है। इनका बेटा आदर्श शर्मा मुख्यालय स्थित अवतार मेहेर बाबा स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ाई कर रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद जैसे ही 22 जनवरी को उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने की जानकारी छात्र को हुई तो उसके मन में भी कुछ भाव जाग्रत हुए और उसने दो माह की कड़ी मेहनत के बाद हू ब हू राम मंदिर का माडल तैयार कर डाला। छात्र के पिता विष्णु शर्मा ने उनके बेटे ने मेहनत और लगन के साथ राम मंदिर बनाया है। अब उनकी ख्वाहिश है कि बेटा और भी बेहतर तरीके से अन्य माडल बनाकर तैयार करें और नाम रोशन करें। मां पुष्पलता शर्मा ने बताया कि बेटे ने सपने में भगवान राम के दर्शन किए। साथ ही उसके दिमाग में था कि अयोध्या में भगवान राम विराज रहे हैं, तो क्यूं न मैं भी उसका हू-ब-हू माडल बनाऊं, बस उसी लगन के साथ यह मंदिर बना डाला।

# खिचड़ी भोज में उमड़ी भीड़



**राठ, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति का पर्व आस्था व उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने नदियों में जाकर डुबकी लगाई। वहीं खिचड़ी के साथ ही बुंदेलखंड का मशहूर घड़िया घुल्ला खाया गया। जरूरतमंदों को खिचड़ी का दान किया। सोमवार को भी मकर संक्रांति मनाई जाएगी।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया। उत्सव पैलेस के बाहर स्टाल लगाकर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं व राहगीरों को खिचड़ी खिलाई। शीतलहर को देखते हुए चाय का भी वितरण किया गया। वहीं महिला उद्योग व्यापार मंडल ने कंबल वितरित किए। नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता ने बताया व्यापार मंडल द्वारा 12 वर्षों से मकर संक्रांति पर खिचड़ी व चाय वितरित की जा रही है। युवा प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, नगर अध्यक्ष आरती उपाध्याय, सेठ कैलाशचंद्र अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, शिवशरण सोनी आदि मौजूद रहे।

# अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन आयोजित



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गई साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सैनिक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के समस्त अधिकारियों, थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों तथा शाखा प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें जनपदीय पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके उपरांत एसएसपी द्वारा विवेचकों को जल्द से जल्द विवेचनाओं के निश्चित समय अवधि में निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। एसएसपी द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस कर्मियों की समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

# गुरुद्वारे में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

**इटावा।** गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगत ने लोहड़ी जलाई और कच्ची लस्सी, तिल,गुड़, मूंगफली डालकर लोहड़ी की परिक्रमा कर माथा टेक कर मन्नतें मांगी और एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां दीं।

गुरूद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब कमेटी के अध्यक्ष तरन पाल सिंह कालरा ने सभी को लोहड़ी की लख लख बधाइयां देते हुए कहा कि लोहड़ी का पावन पर्व परिवार में आने वाले



नए मेहमान जैसे नई बहू,बच्चा या फिर हर साल होने वाली फसल के स्वागत के लिए मनाया जाता। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में लोहड़ी जलाने के बाद सभी को रेवड़ी,गजक,मूंगफली आदि प्रसाद बांटकर संगत ने एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की लख लख बधाइयां देते हुए सुंदरिए,मुंदरिए ओए,तेरा कौन बिचारा,दुल्ला भट्टी वाला,दुल्ले ने धी ब्याही व सबनूं लोहड़ी दी बधाई हौबे और आ श्यामा सान्नू लोहड़ी दे,ज्यादा दे पाहवें थोड़ी दे लोहड़ी के गीतों पर भांगड़ा डांस किया।

# बलिदानियों के परिवारों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

▸ आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे पर जि.सै.कल्याण एवं पुनर्वास ने आयोजित किया कार्यक्रम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास की ओर से जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास ने जनपद के



बलिदानियों के परिवारों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के दौरान वर्ष 1994 में ऑपरेशन रक्षक में बलिदान हुए कीर्ति चक्र से सम्मानित शिवनारायण सिंह की पत्नी विमला देवी को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा व अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव ने शाल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही भारत चीन युद्ध में बलिदान हुए प्रकाश सिंह, भारत पाक युद्ध में बलिदान हुए संतोष सिंह और 2016 में अरुणाचल प्रदेश सर्च ऑपरेशन में बलिदान हुए नरेश कुमार के स्वजन को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपर जिलाधिकारी ने बलिदानियों के स्वजन को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए जो योगदान देश के वीर सपूतों के द्वारा किया गया है वह अतुलनीय है।

# भुआ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे

**पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं: गौरीशंकर वर्मा**

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित करते सदर विधायक — समृद्धि न्यूज

**संयुक्त सचिव** भारत सरकार पुनीत यादव, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास खण्ड डकोर के ग्राम भुआ में भव्य विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त सचिव भारत सरकार ने जनप्रतिनिधियों व आमजन मानस को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थी सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका परिणाम निरंतर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प हेतु ली गई शपथ को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम विकासशील देशों से आगे बढ़कर विकसित देश की ओर बढ़ रहे हैं तथा जल, थल और नभ के साथ ही विश्व में नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर देकर माताओं एवं बहिनों को धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति दिलाई है। इसी प्रकार आवास योजना के तहत गरीबों को आवास प्रदान करने के साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय के रूप में इज्जत घर बनवाए गए हैं। किसानों के सम्मान में किसान सम्मान निधि एवं सुरक्षा कवच के रूप में आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख रुपये तक की निशुल्क इलाज करने की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग ले एवं शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं जो व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं वह अन्य व्यक्तियों को भी योजनाओं से लाभान्वित करायें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत के लिए जो संकल्प लिया गया है, उसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता एवं निरंतर प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद में एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर आमजन को शासकीय योजनाओं के बारे में जागरूक करने के साथ ही पत्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर नल से जल, जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रमाण योजना एवं नैनो उर्वरक की विस्तृत स्टॉल लगाकर आम जनमानस को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी आदि सहित गणमान्य मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भाजपाईयों ने मंदिरों में किया साफ सफाई

चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**श्री राम** मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत आज चोपन मंडल के सभी प्रमुख मंदिरों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में मंडल में सभी प्रमुख मंदिरों की साफ सफाई आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। स्वच्छता के क्रम में चोपन मंडल गढईडीह नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पर बतौर मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया वहीं दूसरी तरफ चोपन के प्रमुख पहाड़ी पर स्थित काली मंदिर परिसर में ब्लॉक प्रमुख चोपन श्रीमती लीला देवी गोड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता कर लोगों को जागरूक किया अन्य मंदिरों में सोमेश्वर महादेव मंदिर पर जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान चलाकर आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी मंदिरों में पूजा पाठ प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट एवं दीप प्रज्वलन कर भव्य दीपावली मनाने का आग्रह किया। स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से जुगल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी जिला कार्य समिति सदस्य प्रदीप अग्रवाल, राजेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा घनश्याम चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल, बृजेश पांडे ,मंडल महामंत्री विकास चौबे, शक्ति केंद्र संयोजक मनोज सिंह सोलंकी, विजय साहनी, मंडल मंत्री कामेश्वर विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, नागेंद्र विश्वकर्मा, सुभाष साहनी, पम्मी केसरी, आर्यन दुबे इत्यादि कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान किया।

# गाजे बाजे के साथ मद्दोभट्टा में निकाला गया अक्षत कलश यात्रा

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**श्री राम** जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा रविवार को मददौ घाट बाजार में निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक संगीतों पर शोभायात्रा के शामिल महिलाएं, बच्चे और युवा थिरकते दिखे। बलरामपुर - गोंडा जिले की सीमा अमघटी घाट से श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई ।कलश शोभा यात्रा पूरे मददौ घाट बाजार में भ्रमण करते हुए मददौ घाट स्थित जागेश्वर नाथ मंदिर पर सम्पन्न हुई। इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर घर निमंत्रण पहुंचाना है। यात्रा में विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा,भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह पिंकू,विजय गुप्ता, ज्ञानचंद सोनी,अजय गुप्ता,अभय गुप्ता,राजेश गुप्ता,श्याम जी वर्मा राजकुमार गुप्ता, रमेश चौहान, संदीप पांडेय, अखिलेश पाँडेय, देवानंद तिवारी, रमेश तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता, रमेश गुप्ता प्रधान गूमा फातिमा जोत, डाक्टर विवेक श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, राधेश्याम, राम लौटन, ओम प्रकाश वर्मा, विष्णु गुप्ता, पिंटू गुप्ता, गदन गुप्ता, दीपचंद जायसवाल, दिनेश गुप्ता, जगप्रसाद, राकेश, शिवम सोनी, दिलीप, शोभाराम, अशोक, अरविंद सोनी आदि हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल रही।

## बाबू सिंह की संपूर्ण भागीदारी यात्रा 18 को आयेगी

**जालौन (उरई)।** जन अधिकार पार्टी के मुखिया बाबू सिंह कुशवाहा 18 जनवरी को जनपद जालौन में संपूर्ण भागीदारी यात्रा लेकर आएंगे। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा ने दी है। जन अधिकार पार्टी के जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा ने बताया कि जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का संदेश लेकर पूरे प्रदेश में संपूर्ण भागीदारी यात्रा निकाल रहे है। जनपद में यह यात्रा 18 जनवरी औरैया से शेरगढ़ घाट से जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। यह यात्रा कुठौंद, ईटों, गोहन, माधौगढ़, औरेखी, जालौन, कुकरगांव, उरई, आटा, जोल्हुपुर, कदौरा होते हुए हमीरपुर जिले को प्रस्थान करेगी।

# सभासदों संग नपा अध्यक्ष ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**आदर्श नगर** पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सभासदों के साथ शुक्रवार देर रात व शनिवार को सुबह रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर तैनात कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए बाहर से आने वाले यात्रियों एवं राहगीरों के लिए रैन बसेरा बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कर्मियों को रैन बसेरों के बाहर अलाव जलवाने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि रैन बसेरा में चारपाई, गद्दा, रजाई, चादर, शुद्ध पेयजल, स्नान घर, सौचालय सहित अन्य व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए भी उसी रैन बसेरे में अलग व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता ने बताया की ठंड का प्रकोप चरम पर है। ऐसे में जरूरत के हिसाब से नगर क्षेत्र में महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग रैन बसेरे का इंतजाम किया गया है। ताकि जरूरतमंद को रात गुजारने के लिए किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। कस्बे में विभिन्न चौराहों, बाजारों व जरूरत की जगहों पर अलाव की व्यवस्था भी की गई है। संचालित रैन बसेरे की देखभाल के लिए कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सभासद दुर्गा प्रसाद, आयुष जायसवाल, बबलू श्रीवास्तव, अनूप मोदनवाल, प्रमोद कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, रुपेश कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**उतरौला(बलरामपुर)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मंदिरों के स्वच्छता अभियान के चलाने के क्रम में भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने सुभाष नगर स्थित बड़ी काली माता जी मंदिर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान वृहद रूप से चलाया। इस अवसर पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने सभी के साथ मंदिर परिसर का साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इस अभियान में बढ़-चढ़ के भाग लेंने के लिए अपील किया। विधायक रामप्रताप वर्मा ने कहा कि रामलला के आगमन पर सभी लोग अपने आसपास के मंदिरों व तीर्थ क्षेत्र को स्वच्छ बनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि एवं मिशन स्वच्छता के उपलक्ष्य मे 14जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे सप्ताह स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस मौके पर चैयरमेन प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष सीवी माथुर , पूर्व सभासद फणीन्द्र गुप्ता, सीबी माथुर, जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, सभासद दुर्गेश कुमार, विकास गुप्ता, ,नीरज गुप्ता समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टाउन क्लब दुद्धी (बी) टीम ने रांची को दो विकेट से हराया



**दुद्धी।** रविवार को टाउन क्लब मैदान पर दुद्धी बी और रांची के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। टॉस दुद्धी बी के कप्तान निशांत ने जीता और पहले गेन्दबाजी करने का फैसला किया।किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए रांची के टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 208 रन बनाये। जिसमे धनंजय ने 60 रन बनाये, शानू ने 47 रन बनाये,विजय ने 28 रन बनाये तथा आनंद ने 20 रन की पारी खेली।गेंदबाज़ी करते हुए दुद्धी बी टीम के खिलाड़ी नागेंद्र व अजय ने 2-2 विकेट हासिल किया। जमशेद व आयाज ने 1-1 विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते दुद्धी बी टीम ने 18.1 ओवर में 8 विकेट खोकर 211 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।जिसमें जमशेद ने 51 रन बनाये। शनि ने 26 रन बनाये,निशांत ने 25- रन और निशांत जौहरी ने 24 रन की पारी खेली। गेंदबाज़ी करते हुए रांची के प्रभात ने 3 विकेट,अमन ने 2 विकेट तथा दीपक व दूबे ने 1-1 विकेट हासिल किया। इस तरह से दुद्धी बी टीम ने रांची को 2 विकेट से पराजित कर सेमी फाइनल में जगह पक्की कर ली। दुद्धी बी टीम के खिलाड़ी जमशेद को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया।अगला मैच 16 जनवरी को खेला जायेगा।

### बरहमोरी बालू साइड पर खलासी की मौत

**सोनभद्र, कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरहमोरी बालू साइड पर शनिवार की रात्रि में ट्रक से दबकर ट्रक का शीशा साफ कर रहे खलासी की मौत हो गई। कोन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि शनिवार की रात्रि सात बजे बरहमोरी बालू साइड से बालू लोडिंग कर ट्रक वाराणसी के लिए जा रहा था इसी दौरान बालू साइड से निकलते ही कुछ दूर जाकर ट्रैक जाम में रुका हुआ था कि खलासी ट्रक का शीशा साफ करने लगा इसी बीच आगे खड़ी ट्रक का अचानक संतुलन बिगड़ने से पीछे बैक होने लगा और पीछे खड़ा खड़े ट्रक में जा भिड़ा जिससे ट्रक का शीशा साफ कर रहे वाराणसी के बाराडीह थाना क्षेत्र के कपसेठी निवासी 22 वर्षीय पवन गोंड पुत्र धर्मराज ट्रक से दबाकर के गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए चोपन अस्पताल ले जाया गया वहीं डॉक्टरों ने देखते ही खलासी को मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मौके पर घटना की जानकारी ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों ट्रक को थाने में लाया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### सीएचसी श्रीदत्तगंज में आरोग्य मेले का आयोजन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** सीएचसी श्रीदत्तगंज में आयुष्वयमानप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेईया श्रीदत्तगंज जनपद मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया मेले में में आए मरीज शिव प्रसाद ने बताया कि बुखार एवं खाँसी कई दिनों से हम पीड़ित है मेले में केवल पैरासिटामोल टेबलेट देकर कोरम पूरा कर दिया खाँसी का सीरप व टेबलेट नही दिए पूछने पर डॉक्टरों ने बताया कि खांसी का सीरप उपलब्ध नही है।मरीज काल पती निवासी मझारी वांशिल ने बताया कि हमे फंगल इंफेक्शन था परन्तु लगाने वाला मरहम नही मिला आरोग्य मेला एवं आयुष्मान भव मेले में आए हुए मरीजों का इलाज करते हुए अधीक्षक मनीष श्रीवास्तव ने बताया मेले में सभी बीमारी की दवा मरीजो को वितरण किया गया है। पी एस सी महदेइया में डॉ मनीष कुमार ने बताया कि 2 बजकर 50 मिनट 60 मरीजो का परीक्षण किया गया है। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके शुक्ला एवं डॉक्टर मंजू गुप्ता तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# भाजपा का मंदिर स्वच्छता अभियान शुरू



दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**भाजपा** ने मंदिर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है. यह अभियान 14 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद समाप्त होगी. दुद्धी मण्डल में अभियान की शुरुआत नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने लउवा नदी स्थित शिव मंदिर से तो दुद्धी नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष सुमित सोनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग शिवाजी तालाब पर स्थित शिव मंदिर शनिदेव मन्दिर हनुमान मंदिर में साफ सफाई कर की.इस दौरान दुद्धी मण्डल महामंत्री मनीष जायसवाल ने बतलाया कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना है. इसको लेकर दुद्धी मण्डल बीजेपी पूरी तैयारी में जुटी है. भाजपा के कार्यकर्ता और नेता मंदिर स्वच्छता अभियान में लग चुके हैं. स्वच्छता अभियान 14 जनवरी से 22 जनवरी भाजपा कार्यकर्ता राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक सफाई अभियान चलाएंगे.साथ ही कार्यकर्ता यह भी संकल्प लेंगे कि उनके आसपास मंदिर की गली कूची है, उसे भी स्वच्छ रखेंगे.इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिलामंत्री दिलीप पांडे निववर्तमान मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू मण्डल उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता शक्तिकेन्द्र प्रभारी संजू तिवारी पंकज अग्रहरी बुल्लू जनजाति मोर्चा जिला संयोजक मीरा गोंड़ प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र चन्द्रवँशी मण्डल मंत्री गोरखनाथ अग्रहरी भाजयुमो संयोजक अजय चन्द्रवँशी गौरव सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता बन्धु मौजूद रहें।

# पच्चीस हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, लूटा गया माल बरामद

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**दिनांक 22.12.2023** की शाम को श्रीबालाजी गैस एंजेसी सेखुईया उतरौला के कैशियर के साथ मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने फायर करके उसका कैश का बैंग लूट कर भाग गये थे । जिसके संबंध में थाना उतरौला पर मु0अ0सं0 369/2023 धारा 392 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था । उक्त सनसनी खेज लूट की घटना घटित होते ही घटना स्थल का तत्काल निरीक्षण पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा किया गया था तथा पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु सख्त निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योतिश्री के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 13.01.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली उतरौला संजय कुमार दूबे मय टीम के द्वारा पिपरा घाट पुल वहद ग्राम कटरा में वाहन व संदिग्धों की चेकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में वांछित 25000/- रुपये का घोषित इनामिया अभियुक्त रूपम ओझा पुत्र अश्वनी कुमार ओझा निवासी ग्राम सिसवा सेमरहना, गनेशपुर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया ।इस दौरान पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उक्त गैस एंजेसी पर पूर्व में चालक रहा बृजेश पाण्डेय जो उक्त गैस एंजेसी की समस्त गतिविधि को जानता था उसने अपने भाई सत्येन्द्र कुमार व अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर कैशियर से लूट का षड़यंत्र करके अपने साथियों के साथ लूट की घटना कारित किया है। वाँछित इनामिया अभियक्त रूपम ओझा निवासी ग्राम सिसवा सेमरहना, गनेशपुर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को अन्तर्गत धारा 392/411/120बी भा0द0वि0 में न्यालायल रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे,उपनिरीक्षक किसलय मिश्रा, उपनिरीक्षक मनीष कुमार मिश्रा, हेडकांस्टेबल कृष्णकान्त पटेल, हेडकांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विशाल द्विवेदी, कांस्टेबल लक्की यादव शामिल रहे।

**कार्यक्रम** — उरई शहर हुआ भगवामय अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत का कार्य लगभग नगर में हुआ पूरा

# अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में निकली भव्य रामदूत बाइक यात्रा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**आगामी 22** जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह नजदीक आ गया है उरई नगर में भी अयोध्या जैसे कार्यक्रम हो इस संदेश को लेकर आज शहर में भव्य रामदूत मोटर साइकिल यात्रा निकाली गई इस यात्रा में समाज के हर वर्ग एवं श्रेणी के लोगों ने भागीदारी की सदियों के संघर्ष एवं तमाम कानूनी अड़चनों के बाद उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में आगामी 22 जनवरी को होने वाली रामलाल की एवं दिव्या प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश और विदेशों में रह रहे सनातन धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल अभी से नजर आने लगा है। पहली जनवरी से लेकर हिंदुवादी संगठनों द्वारा आयोजित किया जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में वातावरण पूरी तरह से रामायण हो गया हो गया है प्राण प्रतिष्ठा की इस पल के साक्षी बनने के लिए रामदूत 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर अक्षत बताकर अयोध्या धाम चलने का न्योता दे रहे डॉक्टर अखंड प्रताप ने बताया अयोध्या धाम से आए पूजत अक्षत कल कार्य लगभग पूरा हो गया है आज की यह शोभायात्रा डीवीसी कॉलेज से होकर पूरे शहर में निकाली गई और शोभायात्रा जगह जगह समाज के सभी लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में मातृशक्ति परंपरागत वेशभूषा में स्कूटी लेकर आगे चल रही थी उसके पीछे भगवान राम और राम के पीछे पूरे शहर से आए हजारों मोटर साइकिलों में रामदत्तों रामदूत चल रहे थे आज आज नगर का वातावरण भगवामय हो गया। विभिन्न स्थानों पर जनमानस द्वारा डीवीसी घंटाघर लालमन चौराहा भगत सिंह चौराहा अंबेडकर चौराहा कालपी चौराहा बंबी रोड स्टेशन रोड होते हुए राठ रोक होते हुए पुनरू डीबीसी कॉलेज में समापन हुआ। आगे भी नगर के मंदिरों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सभी चौराहों पर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इसका संदेश आज जन जन तक पहुंचने को लेकर यह यात्रा निकल गई कार्यक्रम में सह विभाग संघचालक ओम नारायण, जिला प्रचारक शिवम, जिला कार्यवाह गौतम, समिति के जिला समन्वयक डॉ. अखंड प्रताप, डा. ब्रह्मानंद, डॉ. प्रयाग नारायण जिला कार्य अध्यक्ष विहिप गिरीश पालीवाल, नगर समन्वयक राघवेंद्र परिहार, दिनेश चतुर्वेदी, नगर संघ चालक लालजी, सह नगर संघ चालक अजय इटौरिया, नगर प्रचारक सचिन, जिला प्रचार प्रमुख रामजी, बालवीर सोनी, संतोष गुप्ता, रचना श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उदयन पालीवाल, प्रीति बंसल सहित नगर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए।

## बैंडबाजों पर भक्ति गीतों के साथ नगर में निकाली कलश यात्रा

**जालौन (उरई)।** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन नगर के मोहल्ला घुआताल में किया जा रहा है। पहले दिन धूमधाम से नगर के विभिन्न मंदिरों से होकर कलश यात्रा निकाली गई। डीजे व बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्तिमय होकर झूमे। नगर के मोहल्ला घुआताल में रूपनारायण विश्वकर्मा के आवास पर श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में एकत्रित श्रद्धालुओं में महिलाओं ने विधि विधान से कलश में जल भरा और उन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का शुभारंभ किया। कथाव्यास साध्वी निष्कम्प चेतना गिरी की अगुवाई में कलश यात्रा नगर के बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, नाना महाराज मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, सरस्वती माता मंदिर काली माता मंदिर से होकर कथा स्थल पर पहुंची।

## पहले तुड़ाई खेत की मटर अब किसान नहीं दे रहा मजदूरी

**जालौन (उरई)।** खेत में लगी मटर किसान ने मजदूरों से तुड़वा ली। मटर तोड़ने के बाद किसान मजदूरी का रुपये नहीं दे रहा है। मजदूरी दिलाने के लिए मजदूर ने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि वह 60 मजदूरों को लेकर ग्राम धंतौली निवासी एक किसान के खेत में मटर तोड़ने पिछले माह 23 दिसंबर को गए थे। मटर तोड़ने के बाद घर पर उनकी भाभी की मृत्यु हो गई। जिसके चलते कुछ दिन बाद जब वह किसान से रुपये मांगने गए तो उन्होंने मजदूरों के 14 हजार 800 रुपये नहीं दिए।


**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि भूमि प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत सिंगतुइया वि0ख0 मोहम्मदाबाद तहसील सदर जिला-फर्रुखाबाद की बैठक दिनांक 15/01/2024 को होगी। जिसमें गांव सभा के अंदर निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों को बंजर व नवीन परती कृषि भूमि का आवंटन किया जायेगा। आप सभी की उपस्थित अनिवार्य है।

**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबंधन समिति सिंगतुइया**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम भूलवश SUNIL KUMAR तथा पिता का नाम MAUR SINGH अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SUNEEL KUMAR तथा पिता का नाम MOHAR SINGH दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे डीएल में दर्ज किया जाये और मुझे व मेरे पित को इसी नाम से जाना जाये।

**सुनील कुमार पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम विक्रमपुर पो0 कुरावली, मैनपुरी (उ0प्र0)**

# वीर शहीद सैनिकों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता: डीएम

- आर्मड फोर्सेस वेटरंर्स दिवस पर वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित
- कार्यक्रम में डीएम और एसपी समेत, सेवानिवृत सेना के अधिकारी व सैनिक एवं शहीद सैनिकों के परिवारीजन मौजूद रहे



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**आठवां आर्मड** फेर्सेस वेटरन्स दिवस पर वार विडोज, वीर नारी पदक विजेताओं को कैम्प कार्यालय पर देश के प्रति अपना बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित किया गया। देश के प्रथम जनरल के.एम. कैयप्पा के सेवानिवृत्ति दिवस को सेना वेटरन्स डे के रूप में मनाती है। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि कहा कि हमारी सेनाओं के जो बलिदान है, उसको कभी भुलाया नही जा सकता है। कहा कि बहुत से युवाओं ने इस देश के रक्षा के लिये अपने प्राणों को न्यौछावर करते हुये हंसते-हंसते अपनी जान गवां दी। यह हमारी गौरवशाली परंपरा है, इसी तरह से जीवंत रहे, आगे भी इसी तरह से बढ़े, हमारे सभी सैनिकों का हमारे समाज में सम्मान रहे। कहा कि आज के नौजवानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जो मोबाइल एवं सोशल मीडिया पर अपना समय अनुपयोग करते है, उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है कहा कि हम लोग जहां भी रहे अपने पास ऐसा माहौल बनाये एवं नौजवानों को सेना में आने के लिये उत्साहित करें। कहा कि सेना की यह गौरवशाली परंपरा को हम सब लोग बहुत सम्मान करते है, और परंपरा इसी तरह बनी रहे। शहीद के परिवारीजन अपने को अकेला न समझे, जिला प्रशासन, एंव सामजिक, सम्भ्रान्त व्यक्ति आपके साथ है। डीएम ने कहा कि 1971 में भारत-पाक युद्ध में बांग्लादेश को आजाद कराने के लिये 90 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। यह कोई छोटी घटना नही थी बल्कि बहुत बड़ी घटना थी। जहां पर इतनी बड़ी संख्या में उनके अधिकारी एंव सैनिकों द्वारा समर्पण किया गया। इस अवसर पर पदक विजेता सेवानिवृत कर्नल अरूण सिंह चौहान, सेवानिवृत कैप्टेन रवीन्द्र कुमार, सेवानिवृत हवलदार इन्द्रेश सिंह एवं कमला देवी, हंसमुखी देवी, उमा देवी, रामवती देवी, शान्ती देवी तथा वीर नारी अनार कली, राधा देवी, मीना कुमारी, सर्वेश, रंजना पाल, बीना देवी, मीरा देवी, आरजू कुल 16 वार विडोज, वीर नारी पदक विजेताओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर नरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, लेफ्टिनेंट कर्नल राजपूत रेजीमेंट गोपीनाथ घोष समेत शहीद सैनिकों के परिवारीजन मौजूद रहे।

# छिबरामऊ में गंगेश्वर नाथ मंदिर में शिव जी का रुद्राभिषेक कर चेयरमैन मनोज दुबे ने पूजा पाठ किया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**समस्त नगर** के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से पहले समस्त मंदिरों में पूजा पाठ होनी है इसी क्रम में नगर छिबरामऊ में गंगेश्वर नाथ मंदिर में शिव जी का रुद्राभिषेक कर शुरूआत की साथ सभासद, मन्दिर के महंत एवं समस्त भक्तगण उपस्थित रहे। श्री राम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में दिनांक 14-01-2024 से 22-01-2024 तक, शासन के निर्देशानुसार, नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में गंगेस्वर नाथ मन्दिर में प्रथम दिन आज दिनांक 14/01/2024 को गंगेस्वर नाथ मन्दिर में श्रृंगार किया, आरती की ब राम दरबार में पूजा वंदन आरती की चेयरमैन मनोज दुबे एवम् सभासद रामकांत त्रिपाठी, हिमांग त्रिपाठी, किशनलाल एवम आनंद गुप्ता, राघव तिवारी, राहुल सिंह, संजीव सैनी, ज्ञानेद्र श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र,हरिओम सैनी आदेश सैनी, एवम राजीव दुबे, नीरज मिश्रा, संजय सिंह, प्रदीप कश्यप, आशुतोष, अंकित दुबे, अभय, रमेश,ज्ञानेद्र गौरव सैनी प्रवेश यादव आदि कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# खबरें चलते-चलते

## आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तीन पर लगाया गुण्डा एक्ट

**सौरिख छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओंमकारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा किया गया। आगामी लोकसभा समान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक थाना सौरिख जनपद कन्नौज द्वारा आज दिनांक 14, जनवरी 2024 को आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु कुल अपराधियो के विरूद्ध धारा 3/5 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी ।अवधेश पुत्र जुगराज सिंह निवासी ग्राम फूलनपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज। सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय गोविंद सिंह निवासी ग्राम रौसेन सोनू सिंह उर्फ भानुप्रताप पुत्र स्वर्गीय गोविंद सिंह निवासी ग्राम रौसेन की करवाई।

## एसपी ने रूट मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में पुलिस उच्चाधिकारियों ने नगर में रूटमार्च कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रविवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एसपी संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा ने पुलिस टीम के साथ नगर में रूट मार्च किया और जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि समस्या कैसी भी हो। प्रशासन अपनी तरफसे उसे जल्द से जल्द निस्तारित करने की कोशिश करता है। इस मौके पर उनके साथ कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उप निरीक्षक कमलेश कुमार, महिला उप निरीक्षक नीलम सिंह, महिला आरक्षी प्रियंका रानी, रोशनी बालियान, विजय सिंह, गजेंद्र कुमार, दीपांशु गंगवार, जितेंद्र बघेल आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

## मामूली विवाद में युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद में दंपति ने युवक के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी अदुआ खां ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि 02 दिसंबर 2023 की दोपहर वह बाइक पर सवार होकर गुरसहायगंज जा रहा था। तभी जसोदा देवासी राकेश कुमार और उसकी पत्नी वीना ने मामूली विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने एसएसपी संसार सिंह के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मकर संक्रांति पर्व पर गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की लगेगी भारी भीड़

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति पर्व पर गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रृद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसपी अमित कुमार आनंद ने महादेवी गंगा घाट का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि मकर संक्रांति पर्व पर जनपद सहित अन्य पड़ोसी जनपदों से गंगा स्नान के लिए हजारों की संख्या में महादेवी गंगा घाट पर श्रृद्धालुजन आते हैं। श्रृद्धालुजनों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रविवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने महादेवी गंगा घाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने वाहनो के रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया, एसपी ने सुरक्षा के दृष्टिगत 01 प्लाटून फ्लड पीएसी व 01 दर्जन स्थानीय गोताखोरों को यहां नियुक्त किया है साथ ही खोया-पाया केंद्र स्थापित करने तथा क्षेत्र को सेक्टर में बाँटकर सेक्टर व्यवस्था लागू किए जाने के निर्देश दिये हैं। बताया कि स्नान क्षेत्र में प्रवेश करने वाले मार्गो में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने किया पुलिस को सम्मानित

- खुलासें के बाद एसपी, एएसपी, सीओ व कोतवाल हुए सम्मानित
- व्यापार मंडल ने कोतवाली में किया सम्मान समारोह का आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देते सुशील दुबे

**समधन के** सर्राफ व्यापारी से 05 जनवरी की शाम हुई लूट व हत्या के मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा बदमाशों से मुठभेड़ कर माल बरामद कर लिया गया था। इसमें एक बदमाश की मौत हो गई थी। जबकि दूसरा घायल हो गया था। घटना का जल्द खुलासा करने से व्यापारियों में पुलिस प्रशासन के प्रति भरोसा जागा है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन को फूलमालाएं पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और पुलिस के कार्यो की सराहना की। रविवार की देर शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय कोतवाली परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, कोतवाली निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा सहित उपनिरीक्षकों व पुलिसकर्मियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इसके बाद पदाधिकारी ने पुलिस उच्चाधिकारियों को स्मृति चित्र व प्रशस्ति पत्र देकर उनकी सराहना की। इस दौरान संगठन के जिला महामंत्री सुशील दुबे, रामकुमार पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि पुलिस प्रशासन की कड़ी मेहनत के कारण लूट व हत्याकांड का जल्द खुलासा हो सका है। पुलिस ने बदमाशों को पकड़कर बेनकाब कर दिया और लूट का सामान भी बरामद किया है। इससे व्यापारियों में कानून के प्रति आस्था और मजबूत हुई है। व्यापारियों में पुलिस प्रशासन की छवि दिन प्रतिदिन बेहतर हो रही है। जबकि अपराधी पुलिस की सक्रियता से भयभीत हैं। पुलिस की यह कार्य प्रणाली न सिर्फ अपराधों पर अंकुश लगाएगी। बल्कि अपराधी भी जनपद छोड़ने को विवश होंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री प्रकाश चंद्र अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, रामजी अग्रवाल,जिला महामंत्री सुशील दुबे, रतन गुप्ता, यतीश स्वरूप सक्सेना, शैलेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,वेद प्रकाश राठौड़,मुन्ना गुप्ता, राकेश कौशल सबलू, सत्यनारायण वर्मा, प्रियांशु गुप्ता, अनुराग गुप्ता, भूरा कठेरिया, संजय गुप्ता, विकास गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज




ब्लॉक सभागार में झाडू लागते वीडीओ व अन्य

**विशेष स्वच्छता** अभियान के तहत रविवार को वीडीओ के निर्देशन में गुगरापुर विकास खण्ड सभागार, सभी ग्राम पंचायतों, सरकारी भवनों, चयनित मंदिरों और गंगा घाटों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव में वृहद साफ-सफई करने के पश्चात कहा कि आइये हम सब मिलकर 'स्वच्छता ही सेवा' को अपना धर्म मान कर 'कचरा मुक्त गांव' बनाये। प्रधान प्रतिनिधि अविनाश दोहरे ने कहा कि स्वच्छता को बनाये रखने के लिए हमें इधर-उधर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। कचरा हमेशा कूड़ेदान में फेंकना चाहिए। खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान, चयनित मंदिरों में रामायण, सुंदरकांड व भजन कीर्तन का कार्य चलता रहेगा। उन्होंने अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजेन्द्र सिंह, राकेश कुमार यादव, सचिव, प्रधान, रोजगार सेवक सहित आदि रहे।

# पालिका ने देवालयों में चलाया सफाई अभियान



गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री के** आदेश पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में स्वच्छता तीर्थ अभियान चलाया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, पालिका कर्मियों ने धार्मिक स्थलों पर झाडू लगाकर सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत नगर के दो मंदिरों में साफसफाई कराई गई।

रविवार की दोपहर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के दो मंदिरों रामगंज स्थित प्राचीन देवी मंदिर के प्रांगण एवं नगर के गंगेश्वर नाथ मंदिर में स्वच्छता तीर्थ अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत नगर पालिका प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह, सभासद संतोष गुप्ता, परमजीत, निर्मल श्रीवास्तव, सोनू सैनी, भैयालाल, दीपक गुप्ता, चरणजीत, कपिल यादव, शिवा गुप्ता, सुरेन्द्र, जीतू गुप्ता आदि सहित सफाई कर्मियों के द्वारा झाडू लगाकर धार्मिक स्थलों की सफाई की गई।

# कांग्रेस ने नगर में निकाला मसाल जुलूस

- पूर्व प्रदेश सचिव ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



नगर में मसाल जुलूस निकालते कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव व अन्य — समृद्धि न्यूज

**राहुल** गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से प्रारंभ हुई है। उसको लेकर पूरे देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा में मसाल जुलूस निकाला जा रहा है। नगर में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा तिर्वा रोड से तिराहा पार्क तक मसाल जुलूस निकाला गया।

रविवार की देर शाम आयोजित मसाल जुलूस में कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और जनता को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे निडर नेता हैं। जिन्होंने केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफसमाज के शोषित, वंचित, मजदूर, किसान, दलित, बेरोजगार युवाओं जिनको न्याय नहीं मिल पा रहा है। उनको न्याय दिलाने का संकल्प लिया है। अभी हाल में ही थोड़े दिन पहले उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की थी। अब पुनः भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से लोगों के दर्द को जानकर उनको न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि राहुल बहुत संघर्षील नेता है। उन्होंने उद्योगपतियों के खिलाफ आवाज उठाने का कार्य किया। लेकिन सरकार ने उनकी आवाज को संसद में ना उठ पाए। इसलिए उनकी सदस्यता तक ले ली। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत उनके सदस्यता पुन बहाल हो गए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष उषा दुबे, नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, एहसान उल हक, अविनाश दुबे, संदीप त्रिवेदी, तारिक बशीर, डॉक्टर फिद्दा हुसैन मंसूरी, डॉक्टर जहीर खान, आलोक द्विवेदी, विनय त्रिपाठी, अनमोल दीक्षित, आफाक हुसैन, विनोद दुबे, जमील खान, अवनीश शुक्ला, दिलीप तिवारी, दीपू यादव, भूरा यादव, टिंकू मिश्रा, जुल्फिक्कार खान, अनु खान, अनवर खान, राशिद, निसार अहमद, विनय तिवारी, अमर तिवारी, नीतेंद्र तिवारी, नारायण त्रिपाठी, नीतेश कुशवाह, प्रभात बाथम, सूरज गुप्ता, तनिष्क गुप्ता, दीपू बाथम आदि उपस्थित रहे।

# जाने वाले ऐ पथिक अयोध्या, रामजी से कहना मेरी जय श्रीराम: कवि विकास कुशवाहा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**कान्यकुब्ज अभिव्यक्ति** साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में मकर संक्रान्ति की पूर्व संध्या पर रविवार को कवि शशांक त्रिपाठी के आवास ग्राम तारमऊ गढ़ी में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पंडित शिव अवतार त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि कुमार विवेक ने किया। काव्य गोष्ठी का आरंभ कवि महेश शर्मा ने सरस्वती वंदना के छंदों को पढ़कर किया। कवि अरविंद बाजपेई ने अपनी कविता सुनाते हुए कहा कि मन हर्षित है, तन पुलकित है। रोम रोम कहता श्रीराम, धाम अयोध्या की छवि न्यारी मंदिर बना है दिव्य ललाम। युवा कवि विकास कुशवाहा ने अपनी रचना सुनाते हुए कहा कि श्री अवधपुरी के धाम, विराजे महाप्रभु श्रीराम। जाने वाले ए पथिक अयोध्या, रामजी से कहना मेरी जय श्रीराम जय-जय श्रीराम। कवि कुमार विवेक ने अपनी रचना सुनाते हुए कहा कि चुनो रामपथ, गुना नहीं तुम रामपंथ को समझा दो हे !राम तुम्हीं चंपत महंत को वरना कहलाएगी बुद्धि गई है मारी। हे सुमंत राज्याभिषेक की करो तैयारी। कवि अभिनव मिश्र ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि अक्षत देकर तुम्हें बुलाने आए हैं। प्रीत रीति की ज्योति जलाने आए हैं। वरिष्ठ कवि आदित्य मिश्र ने अपनी रचना में सुनाया कि अब अवध धरा पर नर्तन है। उन्मादों का उत्साहों का है दिग दिगंत कण कण सुरभित आमंत्रण दसों दिशाओं का वरिष्ठ कवि अनिल द्विवेदी तपन ने अपनी रचना पढ़ते हुए सुनाया कि सरयू के तट बन रहा रामचंद्र का धाम। पुलकित तन मन कर रहा बारंबार प्रणाम। कवि अभिषेक तिवारी ने देखो सज गए तोरण द्वार अयोध्या जी में। मेरा सपना हुआ साकार अयोध्या जी में सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं कवि सस्मित द्विवेदी ने अपनी रचना सुनाते हुए कहा कि जब तक सबके लिए न खुलते, बंद मठों के निर्मम ताले, राम नहीं हैं आने वाले। कवि उमाशंकर साहिल ने सुनाया कि है राम नाम अपराजित पौरुष का प्रतीक। है राम नाम अस्मिता हमारे भारत की। वहीं डा0 अमरनाथ दुबे, युवा कवि रितिक दुबे, योगेश तिवारी योगी, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, आदि कवियों व शायरों ने अपनी शानदार रचनाएं पढ़ीं। कवियों की राममय कविता सुनकर श्रोताओं ने तालियां बजाकर कवियों की हौसलाफजाई की।

# भाजपा सरकार में बदमाशों को कानून का खौफ नहीं: चन्द्रशेखर आजाद

- आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने ग्राम जयसिंहपुर पहुंचकर मृतक बंटू कठेरिया के परिजनों को बंधाया ढांढस, हर संभव मदद दिलाए जाने का दिया भरोसा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




मृतक बंटू कठेरिया के शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद

**भीम आर्मी** चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंड. चन्द्रशेखर आजाद शनिवार की शाम पार्टी के जिला महासचिव मृतक बंटू कठेरिया के आवास ग्राम जयसिंहपुर पहुंचें। यहां उन्होने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद दिये जाने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि बीते माह आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव बंटू कठेरिया की जमीनी विवाद के चलते उनके ही सगे चाचा द्वारा हत्या कर दी गई थी। भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चन्द्रशेखर आजाद शनिवार को मृतक बंटू कठेरिया के आवास ग्राम जयसिंहपुर पहुंचे। उन्होंने स्व. कठेरिया के परिवारजनो से मुलाकात की और हर संभव मदद देने का भरोसा देते हुए कहा कि भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी आपके साथ है। कहा कि बंटू कठेरिया एक मिशनरी, संघर्षशील निष्ठावान कार्यकर्ता थे। बंटू के ना रहने से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई करना इतना आसान नहीं है। इस दौरान उन्होने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार में जंगलराज व्याप्त है कानून का कोई खौफ नहीं है, अगर कानून का खौफहोता तो बंटू कठेरिया आज हम लोगों के बीच मे होते। कहा कि आज अपराधी पुलिस को भी नही बख्स रहे है। अभी हाल ही में बदमाशों ने पुलिस के एक सिपाही और सराफ व्यापारी की गोली मारकर का हत्या कर दी। इससे साफ पता चलता है कि बदमाशों में कानून का कोई खौफ नही है। भाजपा सरकार सिर्फ धर्म की राजनीति करती हैं। यूपी मे भाजपा सरकार में दलितों, मुस्लिमो, पिछड़ों व महिलाओं किसानों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा है। बीजेपी सरकार सरकार संविधान बदलना चाहती है। बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। मोदी जी ने पढे लिखे युवाओं को पकौड़े तलने पर मजबूर कर दिया। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक जुट होकर बीजेपी सरकार को सत्ता से बाहर करेगे।उन्होने कहा कि प्रशासन से मांग करते हैं कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाएं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ किशोर,कौशल बाल्मीकी, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम भीम आर्मी जिला अध्यक्ष वीरू खरे पवन गौतम, पातीराम बौद्ध, योगेंद्र गौतम, अखिलेश कबीर, कुलदीप, ओमनरायण, शिवकुमार कठेरिया गौरव अजय प्रधान विजय गिहार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान सेचुरेशन ड्राइव की अपर मुख्य सचिव ने ली बैठक

- कृषकों के डाटा फीडिंग के विषय में ली जानकारी
- 5 फरवरी तक 2,50,000 कृषकों का सत्यापन होने की उम्मीद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कलेक्ट्रेट सभागार** में प्रधानमंत्री किसान सेचुरेशन ड्राइव की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव नियुक्ति व कार्मिक/कृषि विभाग उ0प्र0 शासन डॉ0 देवेश चतुर्वेदी ने की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने उप निदेशक कृषि प्रसार से कृषक के डाटा फीडिंग के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। फार्मर फील्ड सत्यापन लेखपाल के द्वारा किया जाता है। ऐप के द्वारा आधार कार्ड क्यू आर कोड को स्कैन के पश्चात स्वतः आधार नम्बर आने पर सत्यापन किया जाता है। किसानों का सत्यापन मात्र एक चौथाई का ही हो सका है। सह खातेदार का आधार से लिंक न होना एक चुनौती है। किसानों के आधार नंबर मोबाइल से लिंक न होना एक समस्या है। मृतक के आश्रित व जमीन बेचे जाने पर क्रेता का भूमि का आधार से लिंक न होना भी तीसरी चुनौती है। वृद्ध व्यक्तियों का फेशियल ई-केवाईसी न होना चौथी समस्या है। किसानों के वर्हिगमन से एकत्रित न होना भी एक चुनौती है। सर्वाधिक डाटा फीडिंग फर्रुखाबाद की सदर तहसील की 45.85 प्रतिशत हुई है। जो सत्यापित है। 5 फरवरी तक 2,50,000 कृषकों का सत्यापन हो जाने की आशा है। अधिक कार्य के लोड के कारण एप क्रेश हो जाता है। तब कार्मिकों व कृषकों को घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। बायोमैट्रिक व्यवस्था लागू होनी चाहिए। खतौनी से वर्तमान स्टेटस के अनुसार एप में डाटा उपलब्ध कराने के लिए सॉफ्टवेयर में आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। एप में डाटा खतौनी के अनुसार अपडेट न होने के कारण अधिक संख्या में कृषकों का लौट जाना एक कठिनाई है। अधिक प्रचार प्रसार की भी आवश्यकता है। अनेक कृषकों के पास मोबाइल फोन न होने पर भी समस्या उत्पन्न होती है। डाटा में कृषक के नाम के साथ उसके पिता का नाम होना परम आवश्यक है। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




समीक्षा बैठक लेते अपर मुख्य सचिव — समृद्धि न्यूज

# अपर मुख्य सचिव ने बहोरिकपुर में सुनीं समस्यायें, वितरित किये कंबल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर मुख्य** सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक/कृषि विभाग उ0प्र0 डा0 देवेश चतुर्वेदी ने ग्राम बहोरिकपुर विकास खण्ड कमालगंज में आयोजित पी0एम0 सेचुरेशन ड्राइव के अन्तर्गत आयोजित परीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण उपस्थित ग्रामवासियों के समक्ष किया तथा उनके द्वारा पी0एम0 सेचुरेशन ड्राइव के लाभ तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए ग्रामवासियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उनके साथ मौके पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं उप कृषि निदेशक अनिल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर गजराज सिंह यादव व तहसीलदार सदर श्रृद्धा पाण्डेय भी उपस्थित रहे।



ग्रामीणों को कंबल वितरित करते अपर मुख्य सचिव

कार्यक्रम के अन्त में अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक/कृषि विभाग तथा जिलाधिकारी द्वारा दुर्बल एवं गरीब महिला/पुरूषों को कम्बल भी वितरित किये गये। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान कई ग्रामीणों ने अपर मुख्य सचिव को समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सर्दी को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम रुकना नहीं चाहिए। बराबर गरीबों को कंबल वितरित करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गरीबों को वितरित किये गये कंबल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत ककियुली व पत्यौरा में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज ने गरीबों को कंबल भी वितरित किये। लघु उद्योग प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक योगेंद्र सिंह राठौड़ ने केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना से देश में विकास के रास्ते खुले है तथा गरीबों का विकास हुआ। उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी के तहत देश में आम जनमानस के विकास का दौर चलता रहेगा।

जानकारी के अनुसार रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत ककिउली व पत्यौरा में पहुंची। रथ जिसमें केंद्र तथा यूपी सरकार के विकास कार्यों के लेख पट लगे हुए थे। लेख पट में यूपी तथा केंद्र सरकार के विकास कार्यों से संबंधित सूची लगाई गई थी। साथ ही एलसीडी के जरिये आम लोगों तक सरकार की उपलब्धियां बताते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, अधिकारीगण, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना जिसके तहत देश में तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं। शहर से लेकर गांव तक गरीब, मजदूर, किसानों को विकास कार्यों के जरिए लाभान्वित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव, सुखदेश कुमार, कृष्णपाल सिंह, गिरीश चंद, इंजीनियर जल जीवन सुनील कुमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, प्रधान प्रतिनिधि रामपाल, नीरेश सिंह, सेक्टर अध्यक्ष राहुल सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष योगेश चौहान आदि लोग मौजूद रहे।




महिला को उज्जवला गैस कनेक्शन देते कमल भारद्वाज व अन्य — समृद्धि न्यूज

# करोड़ों की ठगी के मामले में पूर्व ब्लाक प्रमुख सरिता राठौर गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** करोड़ों की ठगी करने के मामले में बसपा नेता की पूर्व ब्लाक प्रमुख पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर 2023 को रजत मित्तल पुत्र वीरेंद्र कुमार मित्तल निवासी 1/82 गोविन्द पार्क कालोनी सुरेंद्र नगर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया था कि सरिता रठौर पत्नी स्व0 महेश सिंह राठौर निवासी 5/163 आवास विकास कालोनी थाना कादरीगेट ने मेरे साथ धोखाधड़ी करके व्यापार के नाम पर 1 करोड़ 21 लाख 50 हजार रुपया ले लिये। जब मैंने वापस मांगे, तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471, 409, 504, 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज किया था। 14 जनवरी को अभियुक्त सरिता राठौर को कादरीगेट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी सरिता ने बताया कि मेरे पति महेश सिंह राठौरकी मृत्यु वर्ष 2020 में हो गयी थी। मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा था। सीएनडीएस विभाग के अधिकारी जैसे मुझे कहते रहे वैसा मैं करती रही। पुलिस के अनुसार सरिता पर दो मुकदमे दर्ज हैं। सरिता की गिरफ्तारी निरीक्षक अपराध स्वदेश कुमार ने की है। बताते चलें कि बसपा शासनकाल में सरिता राठौर राजेपुर ब्लाक प्रमुख रह चुकी हैं।

# खबरें चलते-चलते

## हृदयगति रुकने से पत्रकार अनिल वर्मा शेखर का निधन



फाइल फोटो अनिल वर्मा शेखर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। वरिष्ठ पत्रकार अनिल वर्मा शेखर का रविवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अनिल वर्मा शेखर वरिष्ठ पत्रकार के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में अहम योगदान रखते थे। उनके निधन पर जनपद के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। जैसे ही यह समाचार प्राप्त हुआ सभी पत्रकार स्तम्भ रह गये। उनका जाना एक अत्यंत दुखद रहा। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी कमी हमेशा रहेगी। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों के अलावा न्यूज चैनल एवं निजी पोर्टल के संचालक थे। रविवार को उनके निवास पर बड़ी संख्या में पहुंचकर पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और पांचाल घाट पहुंचकर अंत्योदृष्टि में शामिल हुए।

## दबंगों ने ग्रामीणों पर बोला हमला, घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बैठे लोगों को दबंगों ने गाली-गलौज एवं लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रानूखेड़ा निवासी अंतराम ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 13 जनवरी को समय करीब 7.30 बजे सुबह पीड़ित एवं भैया लाल पुत्र राम सहाय, सुशीला देवी पत्नी अर्जुन, अर्जुन पुत्र अंतराम, राजा पुत्र अंतराम दरवाजे पर बैठे थे, तभी मेरे गांव के रिशिपाल पुत्र रूपलाल, सुरजीत पुत्र समरपाल, गोविंद पुत्र समरपाल, सोनपाल पुत्र रूप लाल ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे हम सभी लोग घायल हो गये। दबंग जाते-जाते जान से मारने की भी धमकी दे गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## अलाव की आग से झोपड़ी में लगी आग, एक बकरी की मौत, आधा दर्जन झुलसी

- धू-धू कर जल रही झोपड़ी से ग्रामीणों ने बालक को बचाया
- डीजल इंजन पंप चलाकर आगजनी की घटना पर काबू पाया



घटना के बाद गुमशुम खड़ीं महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बरई निवासी दिनेश चंद्र पुत्र सियाराम के घर के बाहर एक झोपड़ी रखी है। इस झोपड़ी में जानवर बांधे जाते हैं। सुरक्षा के लिए दिनेश खुद झोपड़ी में सोता थे। घटना संबंध में बताया गया है रविवार की सुबह 9 बजे के करीब घना कोहरा था। भीषण सर्दी के चलते पिता पुत्र झोपड़ी के अंदर थे और आधा दर्जन से अधिक बकरियां बंधी थीं। पिता पुत्र अलाव ताप रहे थे। बताया गया है दिनेश किसी कार्य से घर चला गया, जबकि पुत्र झोपड़ी के अंदर ही अलाव ताप रहा। अचानक अलाव से निकली चिंगारी झोपड़ी पर जा गिरी। देखते ही झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर मुहल्ले के लोगों ने मौके पर जाकर जैसे तैसे झोपड़ी से बालक को सुरक्षित निकाला। झोपड़ी के अंदर सभी आधा दर्जन बकरियां झुलस गयीं, जबकि एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गयी। घर में चीख पुकार मच गयी। पीड़ित दिनेश चंद्र ने बताया कि उसका काफी नुकसान हो गया है। वहीं पुत्र के सकुशल बच जाने पर परिजनों ने कुछ राहत की सांस ली। आगजनी की घटना की जानकारी ग्राम प्रधान से कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया आगजनी की घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गयी है।

# खेल के दौरान खेत में वॉलीबॉल चली जाने को लेकर किया गाली-गलौज

- दोनो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, चले लाठी डंडे चले, दो लोग घायल
- पीड़ित ने पिता पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी अजय वीर पुत्र राजेंद्र सिंह ने नारायण पुत्र नामालूम के अलावा भाई रामकृपाल पुत्र अर्जुन तथा अर्पित सहित चार लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा दिनांक 13 जनवरी को वह खाली खेत में वॉलीबॉल खेल रहा था। खेल के दौरान वॉलीबॉल आरोपी के खेत में चली गई। इस बात को लेकर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर देख लेने की धमकी दी। पीड़ित द्वारा शमशाबाद थाना पुलिस को दी गई तहरीर में कहा घटना के बाद वह घर आ गया। कुछ समय बाद ही आरोपी भी उसके घर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। पीड़ित के अनुसार जिस वक्त आरोपी पीड़ित के साथ मारपीट कर रहे थे उसी दौरान भाई आलोक पुत्र मानसिंह बचाने आया तो आरोपियों ने उसको भी लाठी-डंडों से पीटा। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब तक मोहल्ले के लोग मौके पर आते तब तक आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर मौका से फरार हो चुके थे। इस संबंध में पीड़ित ने दबंग पिता पुत्र सहित चार आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# मेला श्रीराम नगरिया में आयेंगे अरुण गोविल

- मेले को भव्य बनाने को प्रयासरत है सदर विधायक
- रामायण में निभाया था प्रभु श्रीराम का किरदार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सदर विधायक** मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुंबई पहुंचकर अभिनेता अरुण गोविल को फर्रुखाबाद में लगने वाले मिनी कुंभ मेला श्रीराम नगरिया में आने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर सदर विधायक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि अरुण गोविल ने मेला श्रीराम नगरिया में आने के लिए आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और अब वह मेला रामनगरिया में आ रहे है। इसी के साथ मेला श्रीरामनगरिया को बेहतर बनाने के लिए प्रयागराज के कुंभ मेला भी गये थे। रामायण में प्रभु श्रीराम का पात्र निभाने वाले अरुण गोविल को सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मुंबई स्थित उनके आवास पर पहुंचकर फर्रुखाबाद में लगने वाले मिनी कुंभ मेला श्री राम नगरिया में आने का निमंत्रण दिया। जिस पर अरुण गोविल ने हामी भरते हुए कहा कि वह जरूर आएंगे। उन्होंने कह कि मेरा सौभाग्य है कि जिस क्षेत्र से मां गंगा निकली है, उस जगह मुझे जाने को मिल रहा है। ऐसे पावन तीर्थ स्थल मेला श्रीरामनगरिया में जरूर आएंगे। उन्होंने सदर विधायक मेजर सुनील दत्त को हामी भरते हुए भरोसा दिलाया कि मेला रामनगरिया में वह पहुंचेंगे। मेजर सुनील दत्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला रामनगरिया में अरुण गोविल का कार्यक्रम प्राप्त हुआ है।



सदर विधायक के साथ अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया व सुनील लहरी — समृद्धि न्यूज

# लाइट काटने का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा, दस पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी इकराम पुत्र अमीर बाबू ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 12 जनवरी की शाम 7 बजे मेरे घर की लाइट पड़ोसी बलवंत यादव पुत्र ना मालूम, कन्हैया पुत्र बलवंत यादव रोज काट देते हैं। इसी बात का विरोध किया तो बलवंत की मिलीभगत से मेरी दुकान पर बलवंत यादव एवं कन्हैया और दिव्यांशु पुत्र अशोक, अशोक पुत्र श्रीराम एवं नरवीर, गुलाब सिंह पुत्रगण राम अवतार, वीरभान पुत्र मेवाराम और वीरपाल के पुत्र व पिता का नाम नामालूम, संतोष का पुत्र मंगूराम एवं चार अज्ञात लोगों ने मेरे साथ एवं भाई इकराम, मेरी मां रहीशा बेगम पत्नी अमीर बाबू के साथ मारपीट की। जिससे शरीर में काफी चोटें आयी हैं और मेरी बहन सोनी के साथ उपरोक्त लोगों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# मकर संक्रांति पर पहला शाही स्नान आज, तैयारियां पूर्ण



गंगा में स्नान करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, गोताखोर रहेंगे एलर्ट मोड पर
- 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन संत मनायेंगे दीपावली

**मकर संक्रांति** पर शाही स्नान को लेकर मेला रामनगरिया पांचाल घाट पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। वहीं प्रशासन द्वारा संकेतक भी लगवा दिये गये हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके। वहीं गोताखोरों को एलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये हैं।

जानकारी के अनुसार मेला प्रबंधक संदीप दीक्षित ने बताया कि 15 जनवरी सोमवार को पहला शाही स्नान है। जिसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। लोगों को संचेत करने के लिए पानी में संकेतक भी लगाये गये हैं। जिससे कोई गहराई में स्नान करने न जाये। इसके अलावा किसी अप्रिय घटना को लेकर गोताखोरों को भी लगाया गया है। इसके अलावा पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे। जो नाव के माध्यम से भ्रमणशील रहेंगे। इसके अलावा जूना अखाड़े के संतों द्वारा निकाली जाने वाली शोभा यात्रा के लिए प्रत्येक मार्ग पर स्वागत द्वार बनाए गए हैं। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। मेला प्रबन्धक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गंगा घाट पर अखंड रामायण का पाठ शुरू करा दिया गया है। जिसका समापन कल मकर संक्रांति पर होगा। पाठ के समापन के बाद मेले में आने वालों को खिचड़ी भोज कराया जाएगा। मेले में आने वालों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से जगह-जगह अलाव जलवाए जायेंगे।

कार्यक्रम

## मंगला गौरी समिति द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सामूहिक विवाह में 14 जोड़े हुए एक-दूजे के

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**श्री मंगला** गौरी सेवा समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन गुरुगांव देवी मंदिर में धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें 14 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर अपने दामपत्य जीवन की शुरुआत की। गणमान्य नागरिकों द्वारा वर-वधुओं को उनके सुखद दामपत्य जीवन एवं उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया। सामूहिक निकली बारात देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

श्री गुरुगांव देवी मंदिर में मुस्कान संग आकाश, शालिनी संग हिमांशु, मुस्कान संग सचिन शाक्य, जान्हवी संग शिवम, खुशबू संग टिंकू, रेनू संग आकाश, चंदा संग अमन कुमार, सुनीता संग अवनीश, रीता संग रंजीत, प्रीती संग कुंवरपाल, नीतू संग संतोष, शिवानी संग सत्य प्रकाश, वंदना संग सचिन कुमार, बबली संग आनंद शर्मा का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह का नजारा देखते ही बन रहा था। गाजे-बाजे के साथ निकली सामूहिक बारात को जगह-जगह स्वागत किया गया। पुरोहित के रुप में आचार्य शिव नारायण तिवारी द्वारा सम्पन्न कराया गया। नवदम्पत्ति को गृहस्थी वैवाहिक उपयोग में आने वाला सभी सामान दान स्वरुप भेंट किया गया। जिसमें डबल बैड, गद्दा, तकिया, अलमारी, बक्सा, कम्बल डबल बैड, बैडसीट, डिनर सैट, गैस-चूल्हा, प्रेस, कूकर, सेंडल, लंहगा, कुर्सी सेट, साड़ी जोड़ा, पायल, विछिया, दरवाजे के बर्तन, रजाई, डाइनिंग टेबल, मेकअप बॉक्स, पर्स, शॉल, चूड़ा, सोने का नथ, पानी का कैम्पर, पैंट-शर्ट जोड़ा, घड़ी दीवार, हाथ की घड़ी आदि सामान दिये।

इस अवसर पर संरक्षक मुन्नालाल वाष्णेय, संयोजक अनूप गुप्ता, अध्यक्ष अनूप चौरसिया, सचिव अरविन्द गुप्ता, गोपाल कश्यप, नवनीत कनौजिया, सचिन यादव, लकी गुप्ता, अनिल कसेरे, लकी कश्यप, दीपक बाजपेई, गौरव तिवारी, सर्वेश दीक्षित, सुमित दीक्षित, अमन गुप्ता, पंकज गुप्ता, प्रदीप बाबू, मनु गुप्ता, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, अरुण त्रिवेदी, अंशुल शुक्ला, अंकित गुप्ता, बबलू राठौर, सुनील गुप्ता मौजूद रहे।




एक-दूसरे को वरमाला पहनाते वर-वधु — समृद्धि न्यूज

# भाजपाइयों ने चलाया मंदिरों में स्वच्छता अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के आवाह्न पर जनपद के सभी मण्डलों में स्वच्छता अभियान मंदिर प्रांगणों में चलाया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह भर चलेगा। जिसके तहत देवस्थलों की सफाई करायी जा रही है।

स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम दिन जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने रेलवे रोड स्थित पांडेश्वर नाथ मंदिर में नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विकास पांडे सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर के परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

रुपेश गुप्ता ने बताया 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर



पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान में भाग लेते भाजपाई

की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर संगठन द्वारा सप्ताह भर सभी मंदिरों में स्वच्छता कार्यक्रम चलने का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत सप्ताह भर चलने वाले इस स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी सम्मिलित रहेंगे। जो अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तीर्थ स्थलों एवं मंदिरों में सफाई अभियान चलाएंगे। देश को 500 वर्षों के लंबे समय के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखने का अवसर मिल रहा है। प्रभु श्रीराम करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक है। सभी जगह हर्ष और उत्साह का माहौल है। संगठन द्वारा सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, विकास पांडे, शिवांग रस्तोगी, राकेश बाथम, संजीव गुप्ता, अमित शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कंपिल के प्रसिद्ध रामेश्वर नाथ मंदिर में सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम चलाया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने मंदिर में स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक किया। सांसद ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के सभी मंदिरों में यह अभियान चलाया जाएगा। करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़े हुए अनेक देवस्थान एवं तीर्थ स्थलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशाल रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ0 बीके गंगवार, सत्यवर्धन सिंह राठौर, लालाराम शाक्य, रश्मि दुबे, नंदराम शाक्य, अमरदीप दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे। अमृतपुर विधानसभा के ठाकुरद्वारा मंदिर में विधायक सुशील शाक्य के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया। इस दौरान मनोज मिश्रा, नीरज अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# सर्दी के सितम से लोग बेहाल, अलाव बना सहारा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**रविवार को** सर्दी का सबसे ठंडा दिन रहा। धूप के दर्शन न होने के कारण लोग या तो रजाई में बैठे रहे या फिर अलाव के पास। सबसे ज्यादा बुजुर्गों का हाल बेहाल हो गया। वहीं छोटे बच्चे सर्दी जुकाम की चपेट में आ गये। जानकारी के अनुसार सर्दी का सितम जारी है। रविवार को सबसे ज्यादा ठंडा दिन रहा। पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। लोग अलाव तापते नजर आये। वहीं सबसे ज्यादा बिक्री लकड़ी, लकड़ी के कोयले, हीटर आदि की हुई। रविवार को संडे बाजार में भी गरीबों ने पहुंचकर सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े खरीदे। जैकेटों की सबसे अधिक बिक्री हुई। सबसे ज्यादा दिक्कत रोज कमाकर खाने वालों को



अलाव तापते लोग — समृद्धि न्यूज

हुई। उनके चूल्हे ठंडे रहे। नगर पंचायत की ओर से जगह-जगह अलाव जलवाये गये। जिससे लोगों ने काफी राहत महसूस की। सर्दी से बचने के लिए लोगों ने चाय काफी पी। वहीं शराब के शौकीनों ने रम आदि पी। जिससे सर्दी में फेफड़ों को सुरक्षित रखा जा सके। डाक्टरों का कहना है कि सर्दी में सबसे ज्यादा असर फेफड़ों पर पड़ता है। जिससे बच्चों को निमोनिया आदि होने की संभवना प्रबल हो जाती है। इसलिए ज्यादा सर्दी में चिकित्सक गर्म पानी पीने की सलाह देते हैं। आज पारा 4.5 दर्ज किया गया। वहीं लोगों की यह भी शिकायत रही कि नगर पंचायत द्वारा जो भी लकड़ी डाली जा रही है वह गीली होती है। जिससे धुआं ज्यादा होता है।

## खबरें एक नजर में

### करणी सेना कार्यालय पर संतों का हुआ सम्मान



साधु संतों का स्वागत करते करणी सेना के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** करणी सेना ने इटावा बरेली नेशनल हाईवे के पास स्थित कार्यालय पर संतो का स्वागत किया। फूल माला पहनाकर राम मंदिर आकृति भेंट की। जिला अध्यक्ष ने जूना अखाड़ा प्रमुख सत्य गिरी महाराज को महापुरुषों की मूर्ति के सुंदरीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। दीन दयाल बाग स्थित राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला कार्यालय पर रविवार को संतो का सम्मान हुआ। पांचाल घाट मेला श्री राम नगरिया में कल्पवास को आए श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा प्रमुख संत सत्यगिरी महाराज, संत सागर पूरी महाराज, संत कल्याण पूरी महाराज का दोपहर को कार्यालय पर आगमन हुआ। डॉ0 सुशील सिंह ने संतो को शाल, राम नाम पटका पहनाकर कर अभिनंदन किया। संतो को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया साथ ही संतों को कंबल भी भेंट किए गए। जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने संत सत्य गिरी महाराज को 21 जनवरी को बद्री विशाल कालेज में होने वाले महाराणा प्रताप व भगवान परशुराम मूर्ति सुंदरीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया। जिसे संत प्रमुख ने सहर्ष स्वीकार कर कर लिया। इस दौरान सुमित सिंह, शिवम सिंह, विक्की ठाकुर, अखिलेश सिंह, अर्पण राणा, संजय तोमर, सोनू ठाकुर, मोंटू, अमित आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाविप पांचाल शाखा द्वारा गौशाला में गायों को कराया गया भोज



गौशाला में मौजूद भाविप पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा का गौरक्षणी सभा माधोपुर गौशाला में मुख्य अतिथि कारीगेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र सफफड व कार्यक्रम अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने भाग लिया। देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, महिला संयोजिका ममता सक्सेना ने हनुमान के मंदिर पर गजक व खिचड़ी का भोग लगाया और 150 गायों का भण्डारा किया। जिसमें 100 किलो गुड़, खिचड़ी, गजक आदि चावल, दलिया भेंट किया गया। विनोद कुमार शुक्ला ने गौमाता के लिए कहा कि हर घर में गौ को पालना चाहिए। घर में गौमाता के होने से बहुत सी बीमारियों से बचा जाता है। शाखा के सदस्य इं0 राजीव गोयल ने भी रक्तदान के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता कर रहे संदीप अग्रवाल ने सभी आये हुए अतिथियों एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ0 मनोज मल्होत्रा, कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, नारायण प्रसाद अग्रवाल, अनिल वाजपेई, जितेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह, कन्हैया लाल अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, रोहित गोयल, मुकेश सक्सेना, अनिल सक्सेना, गौरव अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, छोटे लाल वर्मा, डॉ0 श्याम वर्मा, डा0 आकाश वर्मा, अमर गुप्ता, हर्षित सिगतिया, रोमी श्रीवास्तव, पूनम जैन, पंकज राजपूत, शिखा गुप्ता, मीनाक्षी अग्रवाल मौजूद रही। संचालन शिवम गुप्ता ने किया।

### किसान जोड़ों यात्रा में ग्रामीणों ने ली सदस्यता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान जोड़ो यात्रा के तहत भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा विभिन्न गांव में किसानों को जोड़ा गया। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी सहित पदाधिकारियों ने यात्र में भाग लिया। गंगापार क्षेत्र के ग्राम रामपुर, सुभानपुर, चंदोखा, नगला केवल तथा ग्राम सथरा में गई। जहां पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए विजयपाल सिंह को ग्राम अध्यक्ष रामपुर, रवि सिंह को ग्राम अध्यक्ष चंदोखा, वेद प्रकाश सिंह कोटेदार नगला केवल को ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेपुर, रामवीर सिंह तहसील महासचिव अमृतपुर, संदीप सिंह को ग्राम अध्यक्ष सथरा, संतोष सिंह को सक्रिय सदस्य, पंचम सिंह सक्रिय, सदस्य अनिल पंडित को सक्रिय सदस्य नियुक्त किया गया। अन्य कई लोगों ने भी भारतीय किसान यूनियन भानू में सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर संजय सुमन, हर्षवर्धन सिंह, आशीष यादव, नेत्रपाल सिंह, अजय शुक्ला, माधव सिंह, शीशपाल सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

### दलित समाजसेवा समिति के संगठन का हुआ विस्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दलित समाज सेवा समिति के प्रदेश संयोजक सत्यदेव कठेरिया के प्रीतम नगला निवास पर स्थापना दिवस मनाया गया। संस्थापक समिति संगठन मंत्री पूर्व कानून गो जगदीश चन्द्र ने संगठन का विस्तार किया। जिसमें रजनीश राना प्रदेश महामंत्री, नीरज दयाल मण्डल प्रभारी, ज्ञानेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष, बृजेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, कमल सागर जिला महामंत्री, जगदीश सागर जिला प्रभारी, कृष्ण सागर जिला सचिव बनाये गये।

# सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर सम्पन्न हुई। साथ ही सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। 26 जनवरी को पार्टी कार्यालय लखनऊ में होने वाली बैठक को लेकर चर्चा हुई। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव मौजूद रहे। प्रदेश से नियुक्त पदाधिकारी प्रदेश सचिव रामाधार सिंह व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश सिंह का फूल मालाओं से पार्टी कार्यालय पर स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई। अनिल कुमार व पवन कुमार, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### सुमित शाक्य बने सपा के जिला उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने अपनी कार्यकारिणी में नवाबगंज निवासी सुमित शाक्य को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। सुमित शाक्य इससे पहले भी लोहिया वाहिनी के संगठन में रह चुके है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जहान सिंह लोधी, उदय प्रताप भोला यादव, प्रदीप यादव टीटू आदि लोग मौजूद रहे। सुमित शाक्य का पार्टी कार्यालय पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने जिला उपाध्यक्ष बनने पर सुमित को बधाई दी। सुमित यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में संगठन को मजबूत करते हुए पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर भेजेंगे।

# समिति करेगी 22 जनवरी को सुंदरकाण्ड पाठ



बैठक में मौजूद सुंदरकाण्ड पाठ समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सुंदरकांड पाठ समिति चिंतामणि की बैठक उपाध्यक्ष नवीन कौशल के निवास पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य यजमान अशोक वर्मा होगे एवं प्रसादी व्यवस्था नवीन चंद्र कौशल संभालेंगे। अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में 22 जनवरी को भी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर घनश्याम बाजपेई, प्रशांत सिंह, नवीन कौशल, कमलेश दीक्षित, निर्मल दीक्षित, रामवीर सिंह, अनूप मिश्रा, अजीत वर्मा, चंदन शुक्ला, अनुपम तिवारी, सुबोध मिश्रा, अभय दुबे, पवन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गंगा नगर कालोनी में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा



अक्षत कलश यात्रा के दौरान मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान श्रीराम की अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। जिसके तहत गली-गली, मोहल्ला-मोहल्ला लोगों को कलश यात्रा निकालकर निमंत्रण दिया जा रहा है। अक्षत कलश यात्रा रविवार को सभासद नीलम अग्निहोत्री व चित्रा अग्निहोत्री द्वारा गंगानगर में निकाली गई। बड़ी संख्या में लोगों ने अक्षत कलश यात्रा में भाग लिया। भांगड़े की धुन पर सभी भक्त थिरकते हुए यात्रा में शामिल हुए। साथ ही लोगों को 22 जनवरी को घर-घर भगवान श्रीराम का पूजन एवं लाइव प्रसारण देखने व देर शाम अपने घरों में दीपक जलाने के लिए निमंत्रण दिया गया। भगवान श्रीराम के साथ हनुमान स्वरुप की झांकी भी यात्रा में मौजूद रही। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, चित्रा अग्निहोत्री, मीना सिंह, प्रीती तिवारी, मीरा सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# समाज के लोग नाम के साथ लोधी सरनेम जरुर लगायें: मनोज लोधी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोधी** जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुस्तम सिंह लोधी के आवाह्न पर बैठक का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार लोधी जागृति मंच का संगठन गांव-गांव जाकर लोधी समाज को जागरूक करेगा। समाज को बताये कि अपने नाम के साथ सरनेम लोधी जरूर लगाए, क्योंकि बिहार जातीय जनगणना समाज कि संख्या न के बराबर रही। वहां का लोधी समाज लोधी न लिखकर विभिन्न उपनामों का उपयोग कर रहा है। समाज को वर्मा, राजपूत, पटेल, लोधा, लोध न लिखकर सिर्फ लोधी लिखें। जिससे पूरे देश में अपनी कुल संख्या मालूम हो पाये। इस मुहिम के



लोधी जागृति मंच की बैठक में मौजूद समाज के लोग — समृद्धि न्यूज

तहत लोधी जागृति मंच गांव-गांव जाकर सरनेम लिखने के लिए प्रेरित करेगा। बैठक में नरोत्तम सिंह ने कहा कि लोधी समाज अपने बच्चों को शिक्षित करें। सभासद विश्वनाथ राजपूत ने कहा की लोधी समाज को एक जुट होकर समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को दूर करें। संचालन डॉ राघवेंद्र सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर आरसी राजपूत, राजू राजपूय, उधन सिंह, राहुल राजपूत, शेर सिंह राजपूत, जवाहर लाल राजपूत, मंगली राजपूत, अखिलेश राजपूत, प्रदीप किसान, आकाश राजपूत, गिरजाशंकर वर्मा, शिवम राजपूत, आदेश राजपूत, जवाहर लाल राजपूत सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं लोधी जागृति मंच ने पत्रकार शेखर वर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# हॉकी प्रतियोगिता में विजेता बनी नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ



नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ की विजेता टीम — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राज्य स्तरीय** पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच एनसीआर प्रयागराज तथा नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ के मध्य खेला गया। नियत समय में दोनों ही टीम में एक-एक गोल कर बराबरी पर रही। मैच का नतीजा पेनल्टी स्ट्रोक द्वारा किया गया। जिसमें नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ ने 3 गोल कर विजय प्राप्त की। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह, विशिष्ट अतिथि सत्य मोहन पांडे तथा अति विशिष्ट अतिथि विजय यादव सदस्य रहे। विजेता टीम को एक चमचमाती हुई ट्रॉफी के साथ 51 हजार तथा प्रत्येक खिलाड़ी को एक ट्राफी दी प्रदान की गई। साथ ही उपविजेता खिलाड़ी को एक ट्राफी तथा 31 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार की संख्या में खेलो इंडिया के तहत प्रशिक्षण पा रहे सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुन्नू बाबू ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए सभी लोगों से कहा कि सहयोग करें तथा सरकार से सहयोग दिलवाने के अभी आश्वासन दिया। विजय यादव ने कहा कि नगर में इसी प्रकार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। जिनसे प्रेरणा लेकर अपने जनपद में भी राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बने। मैच में अंपायरिंग अंतरराष्ट्रीय अंपायर नीलिमा राजेश तथा मुशीर ने निभाई। टेक्निकल टेबल पर राजीव सक्सेना, कभी यादव, नितिन सक्सेना रहे। मैच में अंजुम दुबे, सौरव राठौर, अरविंद जादौन, अफजाल अहमद, सुरेंद्र यादव, लक्ष्मण टंडन, हलीम कुरैशी, अवनींद्र कुमार, चमन टंडन, नवाब सिद्दीकी, ताज्जु, प्रदीप त्रिपाठी, समसुल, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# भारतीय मित्र परिवार ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन



खिचड़ी भोज में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय मित्र** परिवार की ओर से चौक पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति पर रामजानकी मंदिर के बाहर भारतीय मित्र परिवार की ओर से खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे दिन चले खिचड़ी भोज कार्यक्रम में भक्तों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राकेश तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अनुज मिश्रा, महेन्द्र अग्निहोत्री, समीर बाजपेयी, उमाशंकर गुप्ता, राजीव तिवारी, विनोद शुक्ला, अजय बाजपेयी, मोनू, हैपी, प्रीती तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

- कार्यक्रम को किया गया श्रीराम के प्रति समर्पित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वाणी विनायक** संस्था के तत्वाधान में घुमना स्थित राधा गोपाल मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरित कर पर्व को धूमधाम से मनाया। राधा गोपाल के युगल विग्रह के भोज के साथ खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष राकेशानन्द ने मकर संक्रांति पर दान की महिमा का वर्णन किया। संस्था प्रमुख राजगौरव पाण्डेय ने कहा कि रामनगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 14 जनवरी से प्रारम्भ हो



खिचड़ी भोज के दौरान मौजूद वाणी विनायक संस्था के लोग

गया है। संस्था का यह कार्यक्रम श्रीराम को समर्पित रहा। रामभक्तों से अपील की है कि भारत विकसित हो और भव्य भारत बन रामराज्य स्थापित हो। इस मौके पर मनोज कश्यप, सुरेन्द्र बाबू गुप्ता, संजय गर्ग, संजीव वर्मा, आशीष गुप्ता, रितुल वर्मा, संध्या पाण्डेय, पार्थिवी पाण्डेय, अंकुर सक्सेना, शैली दिवाकर, राजदीपक, यश पाण्डेय, अनूप शर्मा, अर्चना पाण्डेय, रामजी, गौरव राठौर, अभय दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में निकलने वाली एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन हुआ।

रविवार को शहर के नुनहाई स्थित दुर्गा माता मंदिर में अयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आवाह्न कर संस्था के ध्येय गीत से हुआ। बैठक में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 24 जनवरी को निकलने वाली एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा पर विचार विमर्श कर तैयारियों पर चर्चा की गई। यात्रा शहर के प्राचीन कालीन पांडेश्वर नाथ शिव मंदिर से शुरू होकर पल्ला मठिया, चौक, घुमाना, लाल सराय, लालगेट होते हुए स्वराज कुटीर में यात्रा का समापन होगा। प्रतिवर्ष निकलने वाली यात्रा में इस बार वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई और भारत माता के स्वरूप रहेंगे। इसके साथ ही बांदा का लोकप्रिय दिवारी लोक नृत्य व राम मंदिर अयोध्या की झांकी के दर्शन के दर्शन होंगे। साहस इंडिया ग्रुप डीजे, संघ घोष, ढोल, बीन सपेरा, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ देश भक्ति गीतों की गूंज होगी। यात्रा में राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, केरल, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोवा, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश आदि की वेशभूषा व भारतीय परिधान मंगलवेश में कला साधक व विद्यालयों



बैठक में मौजूद संस्कार भारती के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

की छात्र छात्राएं कदम ताल करते हुए नजर आएंगे। विभिन्न धर्मो पंथों को दर्शाती इस यात्रा में भारतीय संस्कृति व राष्ट्रीयता की झलक देखने को मिलेगी। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संस्था के कलाकारों की यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा देश शहीदों कलाकारों को समर्पित होती है। इस यात्रा में जन-जन की भागीदारी हो, प्रत्येक राजनैतिक दल, सामाजिक संगठन, धार्मिक संस्थाएं शामिल ऐसा प्रयास रहता है। बैठक में सदस्यों ने यात्रा के संबंध में सुझाव दिए। संयोजक अमन अवस्थी ने कहा कि यात्रा की तैयारी में हम सभी जुटे हुए हैं। अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता ने सभी कला साधकों से आग्रह किया कि वह अपने प्रांत की भेषभूषा में सम्मिलित हो। संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया। इस अवसर पर नवीन मिश्रा नब्बू, अरविंद दीक्षित, अर्पण शाक्य, अर्चना द्विवेदी, प्रिया वर्मा, स्नेहा श्रीवास्तव, आकांक्षा सक्सेना, नेहा सक्सेना, हेमलता श्रीवास्तव, सुबोध शुक्ला, आदेश अवस्थी, किरण त्रिवेदी, रजनी लौंगवानी, बीके पूनम बहन, राम मोहन शुक्ल, प्रवीण मिश्रा, कार्तिकेय आर्य, रोहित शर्मा, डॉ0 अंकुर सक्सेना, राम अवतार शर्मा इंदु, दीपक रंजन सक्सेना, कुलभूषण श्रीवास्तव, अखिलेश पाण्डेय, समरेंद्र शुक्ल, सोमेश गुप्ता, प्रवेश वर्मा, शालू अग्रवाल आदि लोग उपस्थिति रहे।

# अन्याय का सामना कर रहे हैं देशवासी

## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की मणिपुर से शुरूआत, मल्लिकार्जुन खरगे ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी



**इंफ़ाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की जिसके जरिये पार्टी का प्रयास होगा कि लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को विमर्श के केंद्रबिंदु में लाए जाए। इंफाल के बोथल से बस के जरिये यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है क्योंकि देशवासी भारी अन्याय का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है जो सद्भावना, समान भागीदारी और भाईचारे से भरा हो। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यात्रा शुरू करने से पहलेखोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। राहुल गांधी ने कहा, 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया हूं जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं। उन्होंने दावा किया, देश के प्रधानमंत्री आज तक यहां लोगों के आंसू पोंछने, हाथ पकड़ने नहीं आए। शायद भाजपा, आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है। कांग्रेस की यात्रा शुरू करने के लिए राज्य का चुनाव किए जाने का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, सवाल उठा था कि यात्रा शुरू कहां से होनी चाहिए? मैंने साफ कहा कि यह यात्रा मणिपुर से ही शुरू होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में जो हुआ वो भाजपा, आरएसएस की नफरत की राजनीति का प्रतीक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में तानाशाही चलायी जा रही है और भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी है। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले उन्होंने यह दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर वोट मांगने तो आए थे, लेकिन राज्य के लोग जब हिंसा के कारण मुश्किल में आए तो वह नजर नहीं आए।

### पूर्व कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा रविवार दोपहर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गये। मिलिंद देवड़ा के साथ तकरीबन 10 पूर्व पार्षद और 450 पदाधिकारी भी शिवसेना में शामिल होंगे। रविवार सुबह ही मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मुंबई प्रदेश कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने बताया कि पार्टी में मिलिंद देवड़ा को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने जो निर्णय लिया है, वह खेदजनक है। मिलिंद देवड़ा कांग्रेस में पिछले कई वर्षों से नाराज चल रहे थे। इस बीच दक्षिण मुंबई संसदीय सीट पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना का कब्जा है। इसलिए दक्षिण मुंबई से उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद नहीं थी। इसलिए मिलिंद देवड़ा ने तीन दिन पहले पार्टी स्तर पर दक्षिण मुंबई सीट पर अपना हक जताया था, लेकिन उनकी मांग को प्रतिसाद नहीं मिला था। इसके बाद मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद मिलिंद देवड़ा ने प्रभादेवी में सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर भगवान गणेश का दर्शन किया।

# निलंबित कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी

▸ भेलूपुर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** खेल मंत्रालय द्वारा अगले आदेश तक निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया कि संजय सिंह की शिकायत पर भेलूपुर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। भेलूपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि संजय सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि 12 जनवरी की रात एक अज्ञात नंबर से उनके मोबाइल पर दो बार कॉल आई, लेकिन उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया। शुक्ला ने शिकायत के हवाले से बताया, ''13 जनवरी को उसी नंबर से फिर कॉल आई तो मैंने (संजय सिंह बबलू) तीसरी बार में कॉल उठा लिया। कॉल करने वाले ने मुझे और कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपशब्द कहते हुये जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद मैंने फोन काट दिया। लेकिन उसी नंबर से लगातार फोन आते रहे। मेरा परिवार इससे सहमा हुआ है।'' थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 504 और 507 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### गृह मंत्री शाह ने कार्यकर्ताओं से साथ उड़ाई पतंग

**अहमदाबाद।** राज्य भर में बुधवार को उत्तरायण पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही लोग छतों पर पहुंच कर पतंगबाजी में मशगूल हो गए। शोर करने वाले विभिन्न वाद्ययंत्रों के बीच पूरा आसमान सतरंगी पतंगों से छा गया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अहमदाबाद के वेजलपुर में परंपरागत त्योहार का लुत्फ उठाया और नेताओं–कार्यकर्ताओं से साथ पतंग उड़ाई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के वेजपुर में रविवार को उत्तरायण का पर्व मनाया। वेजलपुर के विधायक अमित ठाकर समेत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शाह ने पतंग उड़ाई। इससे पूर्व सुबह केन्द्रीय मंत्री शाह ने जमालपुर क्षेत्र में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किये। इसके अलावा शाम 4 बजे गांधीनगर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ पतंग उड़ाने का केन्द्रीय मंत्री का कार्यक्रम हैं। वह शाम 5 बजे भी अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा क्षेत्र के चांदलोढिया में कार्यकर्ताओं के साथ पतंगबाजी में शामिल होंगे। इसके बाद 15 जनवरी को शाह दियोदर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### मोदी के देशव्यापी वृहद स्वच्छता अभियान से आज जुड़ेंगे नड्डा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशव्यापी वृहद स्वच्छता अभियान में आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में इस अभियान का आगाज आज और समापन 22 जनवरी को होगा। भाजपा ने एक्स हैंडल पर यह सूचना सचित्र साझा की है। भाजपा के एक्स हैंडल पर दी गई सूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले देशव्यापी वृहद स्वच्छता अभियान में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज नई दिल्ली में शामिल होकर श्रमदान करेंगे। नड्डा सुबह 11 बजे करोल बाग स्थित गुरु रविदास मंदिर पहुंचेंगे। वो यहां वृहद स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनेंगे।

### लघु उद्योग भारती का उद्यमी सम्मेलन व कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम सम्पन्न



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लघु उद्योग भारती अवध प्रान्त का उद्यमी सम्मेलन व कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन आज राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल सिलवेट में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बिजली, जीएसटी व्यापारकर, प्रदूषण, एनजीटी लघु उद्योगों की समस्याओं को उठाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश सरकार के खाद एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा की सरकार में लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर आत्म निर्भर भारत बनाने का काम किया गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद ने कहा कि उद्योग को यदि ईमानदारी से किया जाए तो उसे उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता, कठिनाइयां जरूर आती हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से हर समस्या का निदान हो जाता है। सम्मेलन में प्रान्त संघ चालक कृष्ण मोहन ने भी अपना मार्ग दर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महामंत्री भरत थरड ने कहा कि लघु उद्योग भारती प्रदेश के 75 जिलों में 70 जिला इकाइयां काम कर रहीं हैं।जिनमे 5090 सक्रिय सदस्य काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि 5 एकड़ से लेकर 50 एकड़ तक भूमि उपलब्ध कराने पर नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की सरकार की योजना है। लघु उद्योग भारती द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार से मिलकर उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। प्रदूषण से संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

### निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



**लखनऊ समृद्धि न्यूज ।** आज सआदत गंज स्थित कर्बला दियानत उद दौला में अवधनामा एजुकेशनल एंड चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया कैंप में मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. असद अब्बास केजीएमयू के प्रोफ़ेसर डॉ. कौसर उस्मान, होमियोपैथी के डॉ.एम क्यू ए जाफरी और यूनानी चिकित्सापैथी के राजकीय तकमील उत्तिब हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेण्टर के प्रिंसिपल डॉ. अब्दुल क़वी के निर्देशन में मरीज़ों की जाँच कर मुफ्त दवा दी गयी अवधनामा के संस्थापक स्व वक़ार रिज़वी के जन्मदिन पर आयोजित इस मुफ्त चिकत्सा कैंप में बड़ी संख्या में आये मरीज़ लाभान्वित हुए कैंप में टीएमटी के सेक्रेटरी नजमुल हसन रिज़वी, शिक्षाविद डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी, मौलाना अरशद हुसैन, स्थानीय पार्षद लईक आगा, कैनरा बैंक के जीएम आलोक अग्रवाल ने चिकत्सकों और मेडिकल स्टाफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. कौसर उस्मान ने कहा की ऐसे कैंप आयोजित किया जाना बहुत आवश्यक है इस कैंप में आँखों की जाँच, होमियोपैथी, यूनानी दवा एलोपैथी सभी का एक जगह मिलना बहुत ही सराहनीय कार्य है।

# सेना पाक के आतंकी मंसूबे करेगी नाकाम, ऑपरेशन सर्वशक्ति शुरू

एजेंसी

**श्रीनगर।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए,ऑपरेशन सर्वशक्ति शुरू किया है। इसके तहत सुरक्षा बल केंद्र शासित प्रदेश में पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला के दोनों किनारों पर सक्रिय आतंकवादियों को निशाना बनाएंगे। हाल के दिनों में पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों ने पीर पंजाल पर्वतमाला के दक्षिण, विशेष रूप से राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश की है, जहां आतंकवादियों के हमलों में लगभग 20 सैनिक मारे गए हैं।

नवीनतम हमला 21 दिसंबर को हुआ था, जब चार सैनिक मारे गए थे। सुरक्षा बलों के अधिकारी के अनुसार, ऑपरेशन सर्वशक्ति पीर पंजाल पर्वतमाला के दोनों किनारों से संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देने के लिए होगा, जहां श्रीनगर स्थित चिनार कोर के साथ-साथ नगरोटा मुख्यालय वाली व्हाइट नाइट कोर की संरचनाएं एक साथ ऑपरेशन को अंजाम देंगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप और खुफिया एजेंसियां केंद्र शासित प्रदेश, खासकर राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने का काम करेंगी। अधिकारी ने बताया कि ये ऑपरेशन सर्पविनाश की तर्ज पर होने की उम्मीद है। ऑपरेशन सर्पविनाश को साल 2003 के बाद से आतंकवादी गतिविधियों को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। इस दौरान क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियां लगभग खत्म हो गई थीं। सेना ने राजौरी-पुंछ सेक्टर में और अधिक सैनिकों को शामिल करने व क्षेत्र में खुफिया तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ सैनिकों को भी शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## देवलाली में 'एक्सरसाइज तोपची' का आयोजन, सेना ने किया शक्ति प्रदर्शन

**नासिक।** भारतीय सेना का वार्षिक हथियारों का प्रदर्शन और प्रशिक्षण अभ्यास 'एक्सरसाइज तोपची' रविवार को यहां देवलाली में स्कूल ऑफ आर्टिलरी की ओर से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम लेफ्टिनेंट जनरल एस हरिमोहन अय्यर, एवीएसएम, कमांडेंट स्कूल ऑफ आर्टिलरी और सीनियर कर्नल कमांडेंट रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। 'एक्सरसाइज तोपची' के तहत बंदूकें, मोर्टार, रॉकेट, ड्रोन और विमानन संपत्तियों सहित मारक क्षमता और निगरानी साजो-सामान के एकीकृत उपयोग का प्रदर्शन किया। 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत के-9 वज्र, एसपी गन सिस्टम, धनुष, 105 मिमी इंडियन फील्ड गन (आईएफजी)/लाइट फील्ड गन (एलएफजी) सिस्टम और पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर जैसे स्वदेशी निर्मित तोपखाने उपकरण प्रदर्शित किए गए।

# भारत के विश्वगुरु बनने से दुनिया का सारा अमंगल होगा दूर : मोहन भागवत

एजेंसी



**जींद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमें समाज को संगठित करने के लिए अधिक तेजी से कार्य करना होगा। जब संपूर्ण राष्ट्र एकमुष्ठ शक्ति के साथ खड़ा होगा तो यह देश फिर से विश्वगुरु बनेगा। भारत के विश्वगुरु बनने से दुनिया का सारा अमंगल दूर होगा और सभी शांति व उन्नति को प्राप्त करेंगे।

डॉ. भागवत अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मकर संक्रांति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने का आनंद है और आनंद करना भी चाहिए। अभी और बहुत काम करना है, लेकिन साथ में यह भी ध्यान रखेंगे कि जिस तपस्या के आधार पर यह काम हो रहा है वह तपस्या हमें आगे भी जारी रखनी है।

इस अवसर पर क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास, प्रांत संघचालक पवन जिंदल समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि समाज में तीन शब्द चलते हैं- क्रांति, उत्क्रांति, संक्रांति, तीनों का अर्थ- परिवर्तन है। परंतु परिवर्तन किस तरीके से आया उसमें अंतर है। संक्रांति हमारे यहां आदिकाल से प्रचलित है। बड़े-बड़े कार्य स्व के आधार पर, सत्य के आधार पर होते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की ज्यादातर संस्कृति अपने शील के साथ मिट गई, लेकिन हिंदू संस्कृति हर प्रकार के उतार-चढ़ाव के बाद भी जिंदा है।

### दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर नहीं करेंगे समझौता : राउत

**मुंबई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा के कांग्रेस छोड़ने की पृष्ठभूमि में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। देवरा ने हाल ही में दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) द्वारा दावा जताए जाने पर असहमति व्यक्त की थी। अविभाजित शिवसेना के अरविंद सावंत ने 2014 और 2019 के आम चुनाव में देवरा को हराया था। वह अब ठाकरे गुट के साथ हैं। संजय राउत ने कहा, ''सावंत दो बार के सांसद हैं। उनके दोबारा चुनाव लड़ने में क्या गलत है? इस पर कोई समझौता नहीं होगा।

## दिल्ली में प्रदूषण करने वाले वाहनों पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच क्षेत्र में गैर जरूरी निर्माण कार्य और बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के सड़कों पर दौड़ने पर प्रतिबंध लगाने का रविवार को आदेश दिया। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीतियां बनाने और उनके क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार वैधानिक निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा कि प्रतिकूल जलवायु संबंधी परिस्थितियों और स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के कारण दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (सुबह 10 और 11 बजे क्रमशः 458 और 457) काफी बढ़ गया है। लंबे समय तक वायु गुणवत्ता खराब रहने का अनुमान लगाते हुए समिति ने तुरंत 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (ग्रैप) के तीसरे चरण के प्रतिबंध लागू करने का फैसला किया है।

# दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बलों में से एक है हमारी सेना

▸ वायुसेना प्रमुख ने सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर कहा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने रविवार को कहा कि युद्ध के समग्र परिदृश्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बदलते समय के साथ स्वयं को बदला है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने आठवें 'सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस' के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सैन्यकर्मियों के जज्बे, नेतृत्व और दूरदर्शिता ने आज के सशस्त्र बलों की नींव रखी है।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, सेना के तीनों अंगों के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में पूर्व सैन्यकर्मी और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हुए। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, ''हम सभी इस बात से सहमत होंगे कि भारतीय सशस्त्र बल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बलों में से एक हैं और उन्होंने युद्ध के समग्र परिदृश्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए बदलते समय के साथ स्वयं को बदला है।''

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि विशेष रूप से, लगभग 90 साल पहले बहुत ही मामूली शुरुआत करने वाली भारतीय वायुसेना ''दुनिया की सबसे दुर्जेय वायु सेनाओं में से एक'' बन गई है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि यह वर्षों से जारी पूर्व सैन्यकर्मियों के ''निरंतर प्रयासों और उपयोगी सेवाओं'' के जरिए ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा, ''मैं हमारे सभी पूर्व सैन्यकर्मियों के उत्कृष्ट योगदान को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकारता हूं, जिनके जज्बे, नेतृत्व और दूरदर्शिता ने आज के सशस्त्र बलों की नींव रखी है।''

उन्होंने कहा, ''मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि आज की हमारी सशस्त्र सेनाएं हमारे पूर्व सैन्यकर्मियों के दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट प्रयासों और निस्वार्थ सेवा का परिणाम हैं। मैं आपमें से प्रत्येक को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इस विरासत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' नौसेना प्रमुख ने कहा कि इस दिशा में नौसेना के प्रयास युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बल बनने पर केंद्रित हैं।

## आदित्य-एल 1 ने शुरू किया अवलोकन : इसरो चीफ

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चीफएस. सोमनाथ ने आदित्य-एल 1 को लेकर नया अपडेट साझा किया है। इसरो चीफ ने गांधीनगर में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन में आदित्य एल1 मिशन की प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि इसने अवलोकन शुरू कर दिया है। सोमनाथ ने कहा, आदित्य एल1 पहले से ही लैग्रेंज बिंदु 1 पर है और कक्षा के चारों ओर घूम रहा है। इसलिए कुछ शुरुआती अवलोकनों को देखना शुरू कर दिया है। इसरो चीफ ने कहा कि मुझे अभी इसकी घोषणा नहीं करनी है। हम जल्द ही डेटा के साथ वापस आएंगे। प्रारंभिक डेटा संग्रह शुरू हो गया है, मिशन की औपचारिक परिचालन स्थिति अभी भी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि कमीशनिंग चरण से गुजरने के बाद इसने बेहतर ढंग से समझने के लिए सूर्य का अवलोकन करना शुरू कर दिया है।

# एक्ट्रेस कंगना रनौत ने मिस्ट्री मैन संग डेटिंग की खबरों पर तोड़ी अपनी चुप्पी



**मुंबई।** बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। कंगना के बयान अक्सर विवाद का कारण बनते रहे हैं, लेकिन कंगना इस वक्त एक अलग वजह से खबरों में हैं। हाल ही में कंगना की एक मिस्ट्री मैन के साथ फोटो वायरल हुई थी। इस फोटो में कंगना मिस्ट्री मैन का हाथ पकड़कर चलती नजर आ रही थीं। इस फोटो को देखने के बाद ऐसी अफवाहें उड़ीं कि कंगना और मिस्ट्री मैन एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। फोटो में कंगना के साथ दिख रहा मिस्ट्री मैन कौन है? फैंस के मन में था ये सवाल। अब इस बात का खुलासा खुद कंगना ने किया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक मिस्ट्री मैन के साथ वायरल फोटो शेयर की है। इस फोटो को शेयर करते हुए कंगना ने एक पोस्ट लिखा है।

कंगना ने कहा, फोटो में दिख रहा मिस्ट्री मैन एक हेयर स्टाइलिस्ट है। मुझे रहस्यमय आदमी के बारे में पूछने के लिए कई संदेश और कॉल आ रहे हैं। मैं अक्सर सैलून जाती हूं। अगर एक महिला और एक पुरुष एक साथ सड़क पर चल रहे हैं, तो इसके कई कारण हो सकते हैं। यह एक दोस्त, एक भाई हो सकता है। इससे पहले कंगना का नाम बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन के साथ जुड़ा था। कृष 4 की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। इसलिए रितिक और कंगना के अफेयर की चर्चा छिड़ गई थी, लेकिन कुछ कारणों से उनमें बहस हो गई और वे अलग हो गए।

# इन लोगों को नहीं करना चाहिए एलोवेरा जूस का सेवन





बच्चों के लिए भी एलोवेरा जूस का सेवन करना इतना अच्छा नहीं हो सकता है। दरअसल, बच्चों को एलोवेरा के लैक्सेटिव गुणों से नुकसान हो सकता है। बच्चों को किसी भी प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले एक बार बाल विशेषज्ञ से परामर्श लेनी चाहिए।

एलोवेरा एक ऐसा प्लांट है, जिसे अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। लोग एलोवेरा को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करते हैं। जहां इसके जेल को स्किन व बालों पर लगाया जाता है, वहीं एलोवेरा जूस का सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसका सेवन से पाचन तंत्र को लाभ मिलता है। इतना ही नहीं, यह कब्ज और डायबिटीज में भी लाभदायक है। एलोवेरा जूस को बेहद ही गुणकारी माना जाता है। लेकिन हर किसी को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। तो चलिए जानते हैं कि एलोवेरा जूस का सेवन किन लोगों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है-

### गर्भवती महिलाएं

अगर आप गर्भवती हैं या फिर ब्रेस्टफीडिंग करवा रही हैं तो ऐसे में आपको एलोवेरा जूस का सेवन खुद से नहीं करना चाहिए। दरअसल, एलोवेरा जूस में लैक्सेटिव गुण होते हैं, जो आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर आप एलोवेरा जूस का सेवन करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको पहले एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

### बच्चे करें अवॉयड

बच्चों के लिए भी एलोवेरा जूस का सेवन करना इतना अच्छा नहीं हो सकता है। दरअसल, बच्चों को एलोवेरा के लैक्सेटिव गुणों से नुकसान हो सकता है। बच्चों को किसी भी प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले एक बार बाल विशेषज्ञ से परामर्श लेनी चाहिए।

### मेडिकल कंडीशन

कई बार कुछ लोग अपनी बीमारी को मैनेज करने के लिए दवाइयों का सेवन करते हैं। लेकिन कभी-कभी कुछ दवाइयां एलोवेरा जूस के साथ रिएक्ट कर सकती हैं। यदि आप दवाएं ले रहे हैं, विशेष रूप से वे जो पोटेशियम के स्तर को प्रभावित कर सकती हैं, तो एलोवेरा जूस का सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह ले लें।

### एलर्जिक रिएक्शन

कुछ लोगों को एलोवेरा से एलर्जी हो सकती है। खासतौर से, अगर आपको प्याज, लहसुन और ट्यूलिप से एलर्जी है, तो आपको एलोवेरा से भी एलर्जी हो सकती है। ऐसे में अगर आपको एलोवेरा जूस का सेवन करने के बाद खुजली, दाने या सूजन जैसे एलर्जिक रिएक्शन होते हैं तो इसका सेवन करने से बचें।

# छोटे बच्चे की नाक में जमी गंदगी को चुटकियों में साफ करेंगी ये तीन टिप्स



एक साल या उससे कम उम्र के बच्चे को अगर सर्दी- जुकाम हो जाए तो वो दिनभर रोता ही रहता है और रात को भी चौन से सो नहीं पाता। नाक बंद होने से बच्चा ठीक तरह से सांस नहीं ले पाता है। दरअसल, छोटे बच्चे की नाक की नली बहुत छोटी होती है, उसमें भी अगर गंदगी जमा हो जाए तो बच्चा असहज महसूस करता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे के चेहरे पर मुस्कान बनी रहे तो नाक की साफ सफाई पर ध्यान दें। बता दें कि छोटे बच्चे की आंख, कान, जीभ ये सभी अंग जितने साफरहेंगे, उन्हें किसी भी तरह के इंफेक्शन होने का खतरा नहीं रहेगा। हालांकि, नाक साफकरते समय बच्चे रोने लगते हैं, तब ये आसान टिप्स आपके काम आएंगे...

### नेजल स्प्रे

आप नेजल स्प्रे का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बाजार में आसानी से मिल जाती है। इसके लिए बच्चे को पीठ के बल लिटा दें और सिर को अपने हाथ से पकड़कर थोड़ा ऊपर करें। अब नाक में 2 बूंद नेजल स्प्रे डालें। कुछ बच्चे नेजल स्प्रे डालते ही छींकने लगते हैं। ये सामान्य बात है, घबराने की जरूरत नहीं। नेजल स्प्रे से नाक पूरी तरह से साफहो जाता है और बच्चा खुलकर सांस ले सकता है। शिशुओं की नाक साफकरने के लिए मार्केट में ट्वीजर्स भी मिलते हैं।

### ईयर बड

बच्चे का नाक साफकरने के लिए आप ईयर बड का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह नाक को चोट भी नहीं पहुंचाएगा और नाक की सफाई भी बेहतर तरीके से हो जाएगी। हालांकि, जब बच्चा गहरी नींद में हो, तो ही ईयर बड का इस्तेमाल करें, क्योंकि जगे रहने पर बच्चा काफी हिलता-डुलता है। ईयर बड नाक के बहुत अंदर तक ना जाए, इसका ध्यान रखें।

### सॉफ्ट तौलिये

एक मुलायम सा तैलिया लें। उसके एक हिस्से को गीला करें और फिर इससे बच्चे की नाक साफ करें। अब अपनी उंगलियों की मदद से तौलिये को नाक की छेद में डालकर जमी हुई गंदगी निकाल सकती हैं। कई बार ऐसा करने से बच्चा बहुत रोता है पर आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। नाक की सफी करने के बाद , बच्चे को दूध पीला दें या गोद में लेकर घुमाएं, तो तुरंत चुप हो जाएगा।